प्रमाण शब्द 'प्र' उपसर्ग और 'माङ्' धातु से बना हैं यहाँ 'प्र' उपसर्ग का अर्थ है - प्रकर्ष और प्रकर्ष का तात्पर्य है संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय का अभाव। अभिप्राय यह है कि

जिसके द्वारा संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय का व्यवच्छेद करके वस्तु तत्त्व को जाना जाय वह 'प्रमाण' है।[12]

जिस प्रकार ज्ञान, ज्ञप्ति का साधकतम है उसी प्रकार प्रमाण का साधकतम है। यहाँ मीमांसा का अर्थ है सम्यक् ज्ञान हेतु तत्त्वों का प्रमाण और नयों द्वारा विश्लेषण। मीमांसा पूजित विचार वाला है। ज्ञान प्रामाणिक है अथवा अप्रामाणिक अर्थात् उसके प्रामाण्य का निश्चय कभी स्वतः और कभी परतः होता है।[13] अभ्यास दशा में ज्ञान स्वतः होता है और अनभ्यास दशा में ज्ञान परतः होता है। सम्यक् अर्थ का निर्णय प्रमाण है।[14] प्रमाण के दो भेद हैं।[15] हजारों वर्ष का अन्तराल है तत्वार्थसूत्रकार उमास्वाति तथा प्रमाणमीमांसाकार हेमचन्द्राचार्य के मध्य। आचार्य हेमचन्द्र ने भी पाँच प्रकार के ज्ञानों का विभाजन दो प्रमाणों के अन्तर्गत ही किया यथा प्रत्यक्ष प्रमाण और परोक्ष प्रमाण। प्रमाण मीमांसा में जिस प्रकार की प्रमाण व्यवस्था का विकास हुआ है वैसी प्रमाण व्यवस्था का विकसित रूप नंदीसूत्र[16] में देखा जा सकता है।

प्रत्यक्ष प्रमाण के दो भेद हैं - 1. इन्द्रिय प्रत्यक्ष या सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष 2. नो इन्द्रिय प्रत्यक्ष या पारमार्थिक प्रत्यक्ष।

इन्द्रिय प्रत्यक्ष में श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, स्पर्शन, चक्षु के माध्यम से अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा का ज्ञान ग्रहण करते हैं। हमें प्रत्यक्ष पाँच ज्ञान इन्द्रियों के माध्यम से होता है। इन्द्रिय और पदार्थ का सम्बन्ध होने पर, दर्शन के पश्चात् होने वाला पदार्थ का ग्रहण **अवग्रह** कहलाता है।[17] अवग्रह द्वारा गृहीत पदार्थ में विशेष जानने की इच्छा होना **ईहा** है।[18] ईहा के द्वारा जो वस्तु जानी गयी थी, उसमें यह शब्द शंख का ही है, शृंग का नहीं इस प्रकार का निश्चय हो जाना **अवाय**[19] कहलाता है। जो ज्ञान स्मृति का कारण हो वह **धारणा** है।[20] यही इन्द्रिय, सांव्यवहारिक या लौकिक प्रत्यक्ष है।

नो-इन्द्रिय प्रत्यक्ष में आवरण क्षय का तारतम्य होने पर अवधि और मनःपर्याय ज्ञान होते हैं ये भी मुख्य प्रत्यक्ष हैं।[21] आवरणों का सर्वथा क्षय हो जाने पर चेतन-आत्मा का स्वरूप प्रकट हो जाना मुख्य प्रत्यक्ष है।[22] नो-इन्द्रिय प्रत्यक्ष पारमार्थिक प्रत्यक्ष है।

परोक्ष प्रमाण के मूल रूप में दो भेद किये गये हैं यथा मति ज्ञान और श्रुत ज्ञान। आचार्य हेमचन्द्र ने पुनः मति ज्ञान के चार भेद किये हैं। स्मृति, प्रत्यभिज्ञा, ऊहा, अनुमान ये चारों मति ज्ञान के ही उपविभेद हैं। आगम श्रुत ज्ञान का ही पर्यायवाची नाम है। परोक्ष प्रमाण कहीं न कहीं प्रत्यक्ष के आधार पर ही होता है इसलिए प्रत्यक्ष विशद एवं परोक्ष अविशद प्रमाण है।

स्मृति मति (बुद्धि) में रहती है वह स्मृति बुद्धि में कभी हुए प्रत्यक्ष के माध्यम से ही आती है और घर कर जाती है। आचार्य हेमचन्द्र कहते हैं - वासना की जागृति जिसमें कारण हो और 'वह' ऐसा जिसका आकार हो, वह ज्ञान स्मृति है।[23] प्रत्यक्ष और स्मरण से उत्पन्न होना

यह वही है यह उसके सदृश है, यह उसमें विलक्षण है यह उससे थोड़ा, बहुत, निकट या दूर है, इत्यादि जोड़ रूप ज्ञान प्रत्यभिज्ञान कहलाता है।[24] प्रमाण और अप्रमाण का निश्चय करने के लिए जो व्याप्ति ज्ञान है वह ऊह है[25] तथा साधन से साध्य के विशेषज्ञान (विज्ञान) को अनुमान कहते हैं। बौद्ध धर्म में प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाण के दो ही भेद माने हैं।

अनुमान प्रमाण के दो भेद हैं— स्वार्थानुमान और परार्थानुमान। अनुमान जब अपने द्वारा निश्चित किए हुए अविनाभाव रूप एक लक्षण वाले साधन से साध्य का ज्ञान करता है तब वह स्वार्थानुमान है।[26] स्वार्थानुमान हेतु के अविनाभावी लक्षण के ज्ञान के आधार पर होता है। सहभाव या क्रमभाव के नियम का ज्ञान जैसे फल के साथ रूप, रस की उत्पत्ति और सोमवार के बाद मंगलवार का होना क्रमशः सहभाव और क्रमभाव है। तर्क नामक प्रमाण से इसका निश्चय होता है।[27]

परार्थानुमान में अनुमाता अनुमिति को दूसरे को समझाता है। समझाने की प्रक्रिया में वचन का सहारा लेना पड़ता है। पूर्वोक्त हेतु (साधन) के बोलने पर होने वाला (सम्यगर्थनिर्णय) परार्थानुमान कहलाता है।

जिज्ञासु के अनुरोध से प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन इन पाँचों अवयवों का प्रयोग करके उसे अनुमान ज्ञान करा देना चाहिए। सर्वप्रथम उसे साध्य का ज्ञान करना चाहिए फिर साध्य और साधन के अविनाभाव सम्बन्ध का, फिर उसकी समझ के लिए उदाहरण भी देना चाहिए, फिर पक्ष में हेतु को दिखाना चाहिए और फिर साध्य को पक्ष में सिद्ध करना चाहिए। साध्य को पक्ष में सिद्ध कर देना ही निगमन है।[28]

उपसंहार

ज्ञान मीमांसा की अवगति के बिना दर्शन में गति नहीं बन पाती और दर्शन तथा ज्ञान की अवगति के बिना चरित्र की शुरुआत नहीं होती। सम्यक् चरित्र में ज्ञान और दर्शन दोनों अनुस्यूत होते हैं। अतः जैन दर्शन में ज्ञान-मीमांसा की अत्यन्त उपयोगिता है।

सन्दर्भ सूची -

1. जैन दर्शन, डा. महेन्द्र कुमार जैन, श्री गणेशवर्णी दिगम्बर जैन संस्थान नसि, वाराणसी- 221005, पृ. 188
2. तत्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्/तत्वार्थसूत्र, 1.-2
3. मतिश्रुतावधिमनःपर्याय केवलानि ज्ञानम। 1-9
4. सर्वार्थ ग्रहणं मनः। प्रमाणमीमांसा ।।24।।
5. भावेन्द्रियं लब्ध्युपयोगौ। वही, 23
6. द्रव्येन्द्रियं नियताकाराः पुद्गलाः। प्रमाणमीमांसा, 22

7. मननं, मन्यते अनेन वा मनः जैन दर्शन : मनन और मीमांसा ; आचार्य महाप्रज्ञ, पृ. 513
8. वही
9. भगवती 13/126 : आया भंते! मणे ? अन्ने मणे ? गोयमा णो आया मणे। अण्णे मणे। मणिज्जमाणेमणे ।
10. प्रश्नव्याकरण (आश्रव द्वार) मणं च मण जीविया वयंति त्ति।
11. जैन दर्शन मनन और मीमांसा, पृ. 515
12. प्रमाणमीमांसा स्वोपज्ञ वृत्ति, सूत्र-1
13. प्रामाण्य निश्चयः स्वतः परतो वा, वही, सूत्र-8
14. सम्यगर्थनिर्णयः प्रमाणम्। वही, 1
15. प्रमाणं द्विधा। वही, 9
16. देखें, जैन दर्शन मनन और मीमांसा, पृ. 577
17. अक्षार्थ योगे दर्शनानन्तरमर्थग्रहणमवग्रहः। प्रमाणमीमांसा, 26
18. अवगश्हीतविशेषाकाङ्क्षणमीहा। वही, 27
19. ईहितविशेषनिर्णयोऽवायः। प्रमाणमीमांसा, 28
20. स्मशतिहेतुर्द्धारणा। वही, 29
21. तत्तारतम्येऽवधिमनःपर्यायौ च। वही, 18
22. तत्सर्वथावरण विलये चेतनस्य स्वरूपाविर्भावो मुख्यं केवलम्। वही, 15
23. वसनोद्बोध हेतुका तदित्याकारा स्मशतिः। वही, 2. 43
24. दर्शनस्मरणसम्भवं तदेवेदं तत्सदश्शं तद्विलक्षणं तत्प्रतियोगीत्यादि संकलनं प्रत्यभिज्ञानम्। वही, 2.4
25. उपलम्भ (प्रमाण) और अनुपलम्भ (अप्रमाण) निमित्त व्याप्ति ज्ञानम् ऊहः। वही, 2. 5
26. स्वार्थं स्वनिश्चित साध्याविनाभावैकलक्षणात् साधनात साध्यज्ञानम्। वही
27. ऊहात् तन्निश्चयः। प्रमाणमीमांसा, 2. 11
28. साध्यस्य निगमनम्। वही, 3.15

गुरू गोबिन्द सिंह धर्म अध्ययन विभाग
पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

जैन दर्शन में सृष्टि-तत्त्व विमर्श : एक अवलोकन तथा मूल्यांकन

डॉ. सुरेश्वर मेहेर (जे.एन.यू)

भारतीय दर्शन के अन्तर्गत एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण आचारपक्षधर्मी दर्शन के रूप में जैन दर्शन की जितनी महत्ता है, शायद ही अन्य किसी दर्शन इसके समकक्ष हैं। जैन दर्शन ने अपने उदारवादी विचारधारा के कारण अपनी प्रतिष्ठा को दर्शन जगत् में स्थापित किया हुआ है। प्रामाणिकता की दृष्टि से महावीर तथा पार्श्वनाथ से जैन धर्म-दर्शन का प्रवर्तन प्रायः स्वीकार किया जाता है। इस जैन दर्शन के प्रसिद्ध विद्वानों में कुन्दकुन्दाचार्य ने नियमसार, पञ्चास्तिकायसार, समयसार एवं प्रवचनसार की विरचना की जो जैनागमों के प्रमुख ग्रन्थ हैं। आचार्य उमास्वामी ने तत्त्वार्थसूत्र अथवा तत्त्वार्थाधिगमसूत्र ग्रन्थ का प्रणयन किया जो जैन दर्शन का सर्वप्रसिद्ध ग्रन्थ के रूप में स्वीकृत हैं। इसके व्यतिरिक्त सिद्धसेन दिवाकर कृत न्यायावतार, हरिभद्र सूरिकृत षड्दर्शनसमुच्चय, मल्लिषेण सूरि रचित स्याद्वादमञ्जरी जैन दर्शन के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं जिनमें जैन दर्शन के विभिन्न दार्शनिक पक्षों के ऊपर गंभीर विचार प्रस्तुत किये गये हैं। प्रस्तुत शोध लेख में जैन दर्शन के सृष्टि-तत्त्व सम्बन्धित चिन्तन पर विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

1. जगत् के तत्त्व-विवेचन

जैन दार्शनिकों ने इस जगत् के मूल में अनेक तत्त्वों की सत्ता को स्वीकार किया है। इसलिए यह दर्शन बहुतत्त्ववाद अथवा बहु-कारणतावाद के समर्थक के रूप में प्रसिद्ध है। जैन दर्शन में विश्व के प्राकृतिक तथा अप्राकृतिक स्वरूपों का विश्लेषण करते हुए सात प्रकार के मूल तत्त्वों का अन्वेषण किया गया है, जिनके माध्यम से जगत् की समस्त वस्तुओं का आविर्भाव होता है। वे सप्त तत्त्व या पदार्थ हैं- (1) जीव, (2) अजीव, (3) आस्रव, (4) बन्ध, (5) संवर, (6) निर्जरा तथा (7) मोक्ष।[1]

तत्त्व को परिभाषित करते हुए जैन दर्शन में कहा गया है कि जिसमें अनेक धर्म या गुण हों, वही पदार्थ है।[2] इसी अनेक गुण-धर्मयुक्त तत्त्व के आधार पर जैन दर्शन 'अनेकान्तवाद' सिद्धान्त की प्रस्थापना करता है। तत्त्व एक गतिशील यथार्थ है, एक ऐसी सत्ता है जो सर्वदा परिवर्तित होती रहती है।

• द्रव्य विमर्श

जैन दर्शन के मत में 'द्रव्य' वस्तुओं के अन्तः में विद्यमान सारतत्त्व है। यही द्रव्य अपने को भिन्न-भिन्न आकृतियों में प्रकट करता है, जिसकी तीन विशेषतायें हैं- उत्पत्ति, स्थिति और विनष्टि।[3] जैन दर्शन के अनुसार जिस तत्त्व के गुण और पर्याय एक साथ होते हैं, वह द्रव्य होता है।[4] गुण द्रव्य का स्वरूप है एवं पर्याय द्रव्य का आगन्तुक धर्म। स्वरूप धर्म नित्य होता है, किन्तु आगन्तुक धर्म अनित्य। पुनश्च जैन मत में द्रव्य दो भागों में विभक्त है- (1) अस्तिकाय (2) अनस्तिकाय। विस्तार धारण करने वाले द्रव्य को 'अस्तिकाय' कहे जाते हैं। सत्ता धारण करने के कारण वे 'अस्ति' तथा शरीर की भाँति विस्तार से समन्वित होने से वे 'काय' कहलाते हैं।[5] अस्तिकाय में पाँच द्रव्यों की सत्ता स्वीकृत की गई है- जीवास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, धर्मास्तिकाय तथा अधर्मास्तिकाय। काल ही एकमात्र अनस्तिकाय द्रव्य है क्योंकि यह एकप्रदेशव्यापी के रूप में स्वीकृत है।

देशव्यापी अस्तिकाय द्रव्यों के दो प्रधान भेद हैं- जीव और अजीव। जीव आत्मा का वाचक है। जीव पुनः दो प्रकार के होते हैं - बद्ध जीव और मुक्त जीव। इनमें बद्ध जीव के अनेक भेद स्वीकार किये गये हैं। वे जीव जो उद्देश्यपूर्वक किसी स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की शक्ति रखते हैं 'त्रस' कहलाते हैं और जो जीव ऐसी शक्ति से विहीन रहते हैं उन्हें 'स्थावर' कहा जाता है। संसारी जीव के अन्य चार प्रकारों का वर्णन तत्त्वार्थाधिगम सूत्र में प्राप्त होता है जो निम्न प्रकार से हैं-[6]

(क) नारक - विविध नरकों में निवास करने वाले जीव

(ख) मनुष्य

(ग) तिर्यञ्च - पशुपक्षी आदि

(घ) देव - ऊर्धवलोक में निवास करने वाले जीव।

स्थावर जीव सबसे निकृष्ट माने जाते हैं क्योंकि उनमें केवल स्पर्शेन्द्रिय की सत्ता रहती है। स्थावर जीव का शरीर अपूर्ण होता है एवं वे क्षिति, जल, वायु, अग्नि या वनस्पति रूप शरीरों में रहते हैं।[7] जंगम जीवों में कुछ दो इन्द्रियसंपन्न, कुछ तीन इन्द्रिय से युक्त और कुछ चतुरिन्द्रिय से युक्त होते हैं। परन्तु मनुष्य, पशु-पक्षी आदि उन्नत जीवों में पाँचों इन्द्रियाँ प्राप्त होती हैं। ये जीव का सामान्य निरूपण है। अस्तिकाय अजीव द्रव्य चार प्रकार के होते हैं - पुद्गल, आकाश, धर्म तथा अधर्म।

(1) जीव

चेतन द्रव्य को 'जीव' या 'आत्मा' कहते हैं।[8] संसार के समस्त जीवों में प्रत्येक क्षण चैतन्य विद्यमान रहता है। किन्तु भिन्न-भिन्न जीवों में इसका स्वरूप तथा इसकी मात्रा भिन्न-भिन्न होती है। मात्रा-भेद के अनुसार जीवों में एक तारतम्य है जिसमें सिद्ध आत्माओं का स्थान सर्वोच्च है। प्रत्येक जीव नैसर्गिक रूप से अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सामर्थ्य आदि गुणों से संपन्न होता है, परन्तु जीवों में आवरणीय कर्मों के कारण इन स्वाभाविक गुणों का उदय नहीं हो पाता। अपने ही शुभाशुभ कर्मों के प्रभाव से इन आवरण के तिरोधान होने से इन गुणों का साक्षात्कार हो जाता है। दर्शन, ज्ञानादि गुणों के विपुल तारतम्य के कारण जीवों के अनन्त भेद हैं। जीव ही शुभाशुभ कर्मों का कर्ता है तथा सुख-दुःखात्मक कर्मफलों का भोक्ता भी वह स्वयं है। जीव स्वयं प्रकाशशील है और दूसरों को भी प्रकाशित करता है। जैन दर्शन के अनुसार जीव नित्य है, किन्तु साथ-साथ परिणामशील भी है। यह शरीर से पूर्णतया भिन्न है एवं उसकी सत्ता का प्रबल प्रमाण चैतन्य की उपलब्धि है। जैन दर्शन जीव को मध्यम-परिमाणविशिष्ट स्वीकार करता है। अर्थात् जीव जब शरीरावच्छिन्न होता है तो वह अपने निवासभूत शरीर के परिमाण को धारण करता है। हस्ती जैसे विशालकाय प्राणी में रहने वाला जीव विपुल परिमाणविशिष्ट होता है, किन्तु चींटी जैसे अल्पकाय में रहने वाला जीव परिमाण में नितान्त स्वल्प होता है। प्रदीप की तरह जीव भी संकोच एवं विकासशील होता है।[9]

(2) अजीव

जैन दर्शन के अनुसार अजीव तत्त्व वे हैं जिनमें चेतना नहीं होती। अजीव तत्त्व के पाँच भेद हैं– पुद्गल, आकाश, काल, धर्म व अधर्म।

जैन दर्शन में 'पुद्गल' शब्द का अर्थ भूतसामान्य के लिए व्यवहृत किया गया है। सर्वदर्शन-संग्रह के अनुसार पुद्गल शब्द की निरुक्ति है - पूरयन्ति गलन्ति चेति पुद्गलः। अर्थात् पुद्गल उन द्रव्यों की संज्ञा है जो प्रचय रूप से शरीर का निष्पादन करने वाले होते हैं तथा प्रचय के विनाश होने पर जो छिन्न-भिन्न हो जाते हैं। पुद्गल के दो रूप उपलब्ध होते हैं - अणु तथा संघात। पुद्गल के सूक्ष्मतम निरवयव अंश जिनका और सूक्ष्म विभाजन नहीं किया जा सकता 'अणु' कहलाते हैं। दो या दो से अधिक इन सूक्ष्म अंशों के परस्पर एकत्र होने से 'संघात' या 'स्कन्ध' बनता है। इन्हीं संघातों के द्वारा ही शरीर तथा उसके भिन्न-भिन्न अंग, मन, प्राण आदि की सृष्टि होती है। अणु-संघातरूप पौद्गलिक भौतिक पदार्थों में चार गुण प्राप्त होते हैं - स्पर्श, रस, गन्ध तथा वर्ण। जैन दर्शन 'शब्द' को भूत का गुणविशेष के रूप में स्वीकार नहीं करता, बल्कि सूक्ष्मत्व, स्थूलत्व, अन्धकार, छाया आदि के समान होने वाला अवान्तर परिणाम मानता है।[10]

'आकाश' जीवादि अस्तिकाय द्रव्यों को अवकाश देने वाला पदार्थ है। यह नित्य तथा सर्वव्यापी है। आकाश एक निष्क्रिय द्रव्य है तथा रूप-रस-शब्द-स्पर्श-गन्ध से रहित होने के

कारण अमूर्त्तिक द्रव्य भी है। आकाश के दो भेद हैं - (प) लोकाकाश - जिसमें जीव, पुद्गल आदि द्रव्यों की स्थिति रहती है, (पप) अलोकाकाश- जो लोक से ऊर्ध्ववर्ती व्याप्त आकाश है। आकाश की सत्ता प्रत्यक्ष ज्ञान के ऊपर अवलम्बित न होकर अनुमान के आधार पर अङ्गीकृत की जाती है।

जगत् के समस्त पदार्थ परिणामशील हैं। इस परिणाम के साधारण कारण के रूप में 'काल' की सत्ता स्वीकृत है। वर्तना, परिणाम, क्रिया, परत्व तथा अपरत्व - ये पाँचों काल के 'उपकार' हैं। काल के बिना पदार्थों की स्थिति की कल्पना नहीं की जा सकती है। किसी वस्तु का परिणाम काल की सत्ता पर अवलम्बित है। जैन दर्शन के अनुसार काल का विस्तार नहीं हो सकता, अतः यह अस्तिकाय द्रव्यों से भिन्न है। लोकाकाश में काल अणुरूप से पृथक-पृथक् स्थित रहता है, जिस प्रकार रत्नों की राशि में प्रत्येक रत्न पृथक् विद्यमान रहता है।[11] द्रव्यसंग्रह (गाथा-22) में काल के दो भेद किये गये हैं- व्यावहारिक काल तथा पारमार्थिक काल। व्यावहारिक काल सावयव, सादि तथा सान्त होता है, किन्तु पारमार्थिक काल एक अनवच्छिन्न रूप से सतत विद्यमान रहता है।

जैन दर्शन में गतिशील जीव तथा पुद्गल के सहकारी कारण द्रव्यविशेष को 'धर्म' की संज्ञा दी गई है। जिस प्रकार जल में चलने वाली मछली के लिए जल सहकारी कारण है, उसी प्रकार जीव तथा पुद्गलों की गति के लिए धर्मास्तिकाय द्रव्य स्वीकृत है। धर्म स्वयं जीव की गति की प्रेरणा में असमर्थ है, किन्तु उसकी गति के लिए सहायतामात्र करता है। स्थितिशील जीव तथा पुद्गल की स्थिति के सहकारी कारण द्रव्यविशेष को 'अधर्म' की संज्ञा जैन दर्शन में दी गई है। जिस प्रकार श्रान्त पथिक के विश्राम के लिए वृक्ष की छाया सहायक होती है, उसी प्रकार जीव की स्थिति के लिए अधर्मास्तिकाय द्रव्य स्वीकृत है। यह अधर्म केवलमात्र स्थिति के लिए सामान्य रूपेण सहायक बनती है।

(3) आस्रव

जैन दर्शन के सप्त तत्त्वों में 'आस्रव' तृतीय तत्त्व है। आस्रव ही जीव के बन्धन का कारण है।[12] आस्रव के संपर्क के कारण जीव का वास्तविक स्वरूप आवृत हो जाता है एवं बद्धावस्था को प्राप्त होता है। जीव और पुद्गल अनादि काल से लोकाकाश में वर्तमान हैं, जीवों के साथ उनके कर्म भी हैं तथा साथ ही साथ जीव अनादिस्वरूप अविद्या के कारण क्रोध, मान, माया तथा लोभ चार कषायों से युक्त है। अतः जीव द्वारा कृत कर्म का फल संस्कार रूप से पुद्गलों के साथ विद्यमान रहता है। इसी कर्म-पुद्गलों का मानसिक, वाचिक एवं कायिक रूप 'योग'[13] से जीव में प्रवेश को ही 'आस्रव' संज्ञा प्रदान की गई है। आस्रव के दो भेद हैं - भावास्रव व द्रव्यास्रव। 'भावास्रव' की स्थिति वह परिवर्तन है, जो कर्मपुद्गलों के जीव में प्रवेश होने से पूर्व, जीव के भावों में उत्पन्न होता है। इसके अनन्तर जीव में कर्मपुद्गलों के प्रवेश को 'द्रव्यास्रव' कहा जाता है।

(4) बन्ध

जीव के बन्धन का कारण कर्म है। जीव में कर्म-पुद्गलों के प्रवेश के पूर्व जो 'भावास्रव' उत्पन्न होता है, उसके फलस्वरूप जीव में 'भावबन्ध' का भाव उत्पन्न होता है। इसके पश्चात् उपर्युक्त प्रक्रिया से कर्म-पुद्गलों के जीव में प्रवेश करने पर 'द्रव्यास्रव' की उत्पत्ति के फलस्वरूप जीव में जो बन्धन का भाव उत्पन्न होता है, उसे 'द्रव्यबन्ध' कहते हैं। इस प्रकार आस्रव ही बन्धन का कारण है, क्योंकि इसके द्वारा जीव का वास्तविक चैतन्य एवं ज्ञानस्वरूप तिरोहित हो जाता है। इसके व्यतिरिक्त अविरति, मिथ्यात्व, कषाय एवं प्रमाद भी बन्धन के कारण हैं।[14]

(5) संवर

मोक्ष प्राप्ति के लिए जीव में कार्मिक पुद्गलों के प्रवेश को अवरोध करना अत्यावश्यक है। पूर्वकृत कर्मों को निःशेष करके भावी कर्मों के मार्ग को अवरुद्ध करना 'संवर' कहलाता है।[15] अतः संवर मोक्ष का हेतु है। संवर के भी दो भेद हैं - भावसंवर तथा द्रव्यसंवर। संवर के द्वारा जब जीव के राग, द्वेष एवं मोह विकारों का निरोध होता है, उसे 'भावसंवर' कहते हैं। इसके अनन्तर, जब कर्म-पुद्गलों के जीव में प्रवेश निरोध हो जाता है तो उसे 'द्रव्यसंवर' कहा जाता है।

(6) निर्जरा

जीव में स्थित अतीत के कर्म-पुद्गलों का विनाश जिस क्रिया द्वारा संपन्न होता है, उसे 'निर्जरा' कहा जाता है।[16] निर्जरा प्राप्ति के लिए कठोर तपश्चर्या की अपेक्षा है। इस तपस्या में निदिध्यासन परमापेक्षित है। निर्जरा प्राप्ति के लिए राग-द्वेष आदि का विनाश अत्यावश्यक है। यही आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया है। निर्जरा के द्विविध रूप हैं- भावनिर्जरा एवं द्रव्यनिर्जरा। भावावस्था में कर्मों के नाश को 'भावनिर्जरा' तथा जीव में प्रविष्ट कर्मपुद्गलों के विनाश को 'द्रव्यनिर्जरा' कहा जाता है।

(7) मोक्ष

संवर तथा निर्जरा के माध्यम से जब आस्रव का पूर्णतया विनाश हो जाता है अर्थात् कर्म-पुद्गलों का लेशमात्र भी जीव में अवस्थान नहीं रहता, तब उसको 'मोक्ष' कहा जाता है।[17] मुक्तावस्था में जीव कर्म-पुद्गलों से मुक्त होने के कारण सर्वज्ञ व सर्वद्रष्टा होकर मुक्ति का अनुभव करता है। यह अवस्था जीव की 'भावमुक्ति' अथवा 'जीवन्मुक्ति' की अवस्था है। इस अवस्था में जीव के ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय एवं अन्तराय- इन चार घातक कर्मों का नाश हो जाता है। जैन दर्शन के अनुसार उक्त अवस्था वास्तविक मोक्ष से पूर्व की अवस्था है। इसके पश्चात् जब आयु, नाम, गोत्र तथा वेदनीय- इन चार अघातीय कर्मों का भी उच्छेद हो जाता है, जिससे जीव को 'द्रव्यमोक्ष' की प्राप्ति होती है। यही जैन दर्शनानुसार 'विदेहमुक्ति' की स्थिति है। इस दशा में जीव औपशमिक, क्षयोपशमिक, औदयिक एवं भवत्व - इन चार भावों से भी मुक्त हो जाता है। मुक्त जीव 'अलोकाकाश' के अन्तर्गत 'सिद्ध शिला' में अनन्त

काल तक निवास करता है। वह धर्मास्तिकाय के न रहने के कारण ऊर्ध्वलोक के बहिर्भूत नहीं जा सकता।[18]

2. सृष्टि

जैनदर्शन के अनुसार चैतन्य जीव और अचैतन्य अजीव तत्त्व का समन्वय ही जगत् या सृष्टि है। जैन दर्शन जगत्सृष्ट के कारण रूप में किसी ईश्वर रूपी सर्वोच्च सत्ता को स्वीकार नहीं करता। उसके अनुसार सृष्टि, विभिन्न प्रकार के द्रव्यों के संयोग से उत्पन्न हुई है। मुख्य रूप से पुद्गल भौतिक जगत् के निर्माण का आधारस्रोत है। जगत् के समस्त भौतिक पदार्थों की उत्पत्ति अणुओं के परस्पर सहयोग से होती है क्योंकि अणुओं में परस्पर आकर्षण करने की शक्ति होती है। पुनश्च इस दर्शन के मतानुसार पदार्थों में नियतिवाद है एवं संसार की विविधता का हेतु जीव और पुद्गल का संयोग है। इस विविधरूपता को ही सृष्टि कहा जाता है।[19]

जैन दर्शन जड़ व चेतन के संयोग को अनादि स्वीकार करता है। पुद्गल और आत्मा दोनों परस्पर सम्बद्ध हैं क्योंकि सृष्टि के लिए जीव को पुद्गल की तथा पुद्गल को जीव की आवश्यकता रहती है। दोनों में से कोई भी एक तत्त्व संपूर्ण जड़-चेतनात्मक जगत् उत्पत्ति नहीं कर सकता। अज्ञान से उत्पन्न वासना, वासना से उत्पन्न कर्म के कारण चेतन जीव व जड़ अजीव परस्पर संयुक्त होते हैं जिसके फलस्वरूप दृश्य जगत् का अभ्युदय तथा विकास होता है। किन्तु, वास्तवतः जगत् का विकास नहीं हो सकता, वह परिपूर्ण है क्योंकि द्रव्य कम या अधिक नहीं हो सकते हैं।

जैन दर्शन के अनुसार सत् द्रव्य का नाश नहीं होता और न ही असत् द्रव्य से सृष्टि हो सकती है। उत्पत्ति और विनष्टि तो पदार्थों के गुणों और प्रकारों के कारण ही होती है।[20] अन्य शब्दों में, पदार्थों या द्रव्यों के परिवर्तन का नाम ही सृष्टि है। अतः अनादि चैतन्य द्रव्य जीव तथा अचैतन्य द्रव्य पुद्गल में होने वाला परिवर्तन ही सृष्टि का मूल कारण है। वास्तवतः जगत् स्वाभाविक है, सृष्टि कृत्रिम है। जगत् या लोक की शाश्वतता द्रव्य पर आधारित है। जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, इस विश्व के उद्भव-विकास के केवल निमित्तभूत हैं। जैन दार्शनिकों के एक दृष्टिकोण में संसार नित्य है क्योंकि द्रव्यों के गुण परिवर्तनशील नहीं होते, तो दूसरे दृष्टिकोण में यह जगत् या सृष्टि परिवर्तनशील भी क्योंकि द्रव्यों के पर्याय सर्वदा परिवर्तित होते रहते हैं।

जैन दर्शनानुसार मनुष्य का विकास वनस्पति (निगोद) से होता है जो संपूर्ण जीवों के विकास का आधारभूत है। काल लब्धि का परिपाक होने पर जीव अव्यवहार राशि से व्यवहार राशि में पहुँचता है जिससे द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय, समनस्क, अमनस्क आदि प्राणियों बनता है। इस दर्शन के मतानुसार विकास का कारण कोई एक तत्त्व नहीं है परन्तु अनेक कारणों के समवाय से कार्य घटित होता है। काल, स्वभाव आदि समस्त कारण सम्मिलित होकर ही विकास को घटित करते हैं।

मूल्यांकन

1) बहुतत्त्ववादी जैन दर्शन चैतन्य जीव और अचैतन्य अजीव तत्त्व के संयोग से जगत् या सृष्टि के आविर्भाव को मानता है, किन्तु ईश्वर रूपी किसी मूलकारण को यह दर्शन स्वीकार नहीं करता। जैनदर्शनानुसार जगत् के समस्त भौतिक पदार्थों का निर्माण पुद्गल-अणुओं के परस्पर सहयोग से होती है क्योंकि अणुओं में परस्पर आकर्षण करने की शक्ति होती है। पदार्थों में नियतिवाद को स्वीकार कर यह दर्शन विविधतापूर्ण संसार के लिए जीव और पुद्गल का संयोग को ही मानता है। इस दर्शन ने जो अणुओं के बीच आकर्षण शक्ति के बारे में कहा है उसको आधुनिक विज्ञान भी स्वीकार करता है। अतः जैन दर्शन इस विषयक मत में प्रशंसनीय है।

2) पुनश्च जैन दर्शन जड़ पुद्गल एवं चेतन आत्मा के संयोग को अनादि मानता है। क्योंकि सृष्टि के लिए जीव को पुद्गल की तथा पुद्गल को जीव की आवश्यकता रहती है एवं दोनों में से कोई भी एक तत्त्व संपूर्ण जड़-चेतनात्मक जगत् उत्पत्ति नहीं कर सकता। किन्तु इस दर्शन के अनुसार अज्ञान से उत्पन्न वासना, वासना से उत्पन्न कर्म के कारण चेतन जीव व जड़ अजीव परस्पर संयुक्त होते हैं जिसके फलस्वरूप दृश्य जगत् का अभ्युदय तथा विकास होता है। यहाँ पर यह स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त हो रहा है कि अज्ञान क्या है? यदि जीव व अजीव का सम्बन्ध अनादि है जो अज्ञान के कारण संघटित हुआ है तो अज्ञान भी अनादि ही है। फिर जैन दर्शन में वर्णित बद्ध और मुक्त जीव की स्थिति कब और कैसे हुई? जीव कैसे बन्धन में आता है ? और कैसे मुक्ति की अवस्था को प्राप्त करता है? - इस प्रश्न का समुचित उत्तर जैन दर्शन ने प्रस्तुत नहीं किया है।

3) जैन दर्शन की मान्यता है कि जगत् का विकास नहीं हो सकता, वह परिपूर्ण है क्योंकि द्रव्य कम या अधिक नहीं हो सकते हैं। यह बात भी विज्ञान के आधार पर समीचीन है क्योंकि तापगतिकी नियम के अनुसार विश्व की कुल ऊर्जा सदा समान ही रहती है।

4) पुनश्च जैन दर्शन के अनुसार सत् द्रव्य का नाश नहीं होता और न ही असत् द्रव्य से सृष्टि हो सकती है। उत्पत्ति और विनष्टि तो पदार्थों के गुणों और प्रकारों के कारण ही होती है। अन्य शब्दों में, पदार्थों या द्रव्यों के परिवर्तन का नाम ही सृष्टि है। वास्तवतः यह कथन पूर्णतया आधुनिक विज्ञान के समान मत रखता है, इसलिए अनेकान्तवादी जैन दर्शन अधिकांशतः विज्ञानसम्मत तथ्य प्रदान करने में सफल प्रमाणित हो रहा है।

सन्दर्भ सूची

1. जीवाजीवास्रवबन्धसम्वरनिर्जरमोक्षास्तत्त्वानि। तत्त्व.सू. 1.4
2. अनेकधर्मात्मकमेव तत्त्वम्। तत्त्व.सू. 5.38

3. उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्। वही. 5.29
4. गुणपर्यायवद् द्रव्यम्। वही. 5.39
5. द्र.सं. 24-25
6. तत्त्व.सू. 2.32-36
7. स्याद्. 29
8. चैतन्यलक्षणो जीवः। षड्.स. का. 49
9. प्रदेशसंहारविसर्गाभ्यां प्रदीपवत्। तत्त्व.सू. 5.16
10. तत्त्व.सू. 5.24
11. द्र.सं. का. 23
12. वही. गाथा. 30
13. तत्त्व.सू. 6.1-2
14. तत्त्व.सू. 8.1
15. आस्रवनिरोधः संवरः। स.द.सं. पृष्ठ. 164
16. अर्जितस्य कर्मणस्तपःप्रभृतिभिर्निर्जरणं निर्जराख्यं तत्त्वम्। वही, पृष्ठ. 166
17. बन्धहेत्वभावनिर्जरायाम् ।
    त्स्नकर्मक्षयो मोक्षः । तत्त्व.सू. 10.5.3
18. तथागति परिणामात् । वही. 10.8
19. जीव-पुद्गलयोर्विविधसंयोगैः स विविधरूपः। इयं विविधरूपता एव सृष्टिरिति कथ्यते, जै.सि.दी. 1.9
20. द्रव्यं नोत्पद्यते किंचित् न विनश्यति किंचन । केवलं परिवर्तोऽस्ति, सृष्टिरेषा तवोदिता, वही. 1.10

ब्रह्माकुमारीज़, अफ्रीका एवेन्यू रोड,
मोहम्मदपुर, नई दिल्ली- 110066

गीता का ज्ञानयोग

प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी 'रत्नेश'

गीता एक ऐसा आध्यात्मिक ग्रन्थ है, जिसमें संसार सागर से पार होने के लिए तीन मार्ग बतलाये गये हैं- कर्म मार्ग, भक्ति मार्ग एवं ज्ञान मार्ग। आचार्य शंकर तो गीता को ज्ञान मार्ग प्रधान ग्रन्थ बताते हैं। उनके अनुसार मोह रूपी अज्ञानता के पाश में जकड़े हुए अर्जुन को भगवान कृष्ण ने ज्ञानरूपी प्रकाश से अवगति प्रदान की। अर्जुन जब कुरुक्षेत्र के मैदान में शत्रु सेना में पितामह, गुरुप्रवर, मामा, ताऊ, बन्धु-बन्धवों को देखता है तो अपना गाण्डीव धनुष रख देता है तथा कर्त्तव्यविमुख हो जाता है। युद्ध भूमि में युद्ध का नायक यदि स्वेच्छा से शस्त्रविहीन हो जाये तो जो विषमस्थिति उत्पन्न हो जाती है, उसी स्थिति से पाण्डवों की सेना को सरोकार होना पड़ा। यह तो अच्छी बात थी कि सारथी के रूप में उनके साथ साक्षात् भगवान कृष्ण थे जिन्होंने तरह-तरह के ज्ञान से न केवल उनकी अज्ञानता को दूर किया अपितु एक क्षत्रीय को युद्ध रूपी कर्म करने के लिए प्रेरित किया। आचार्य शंकर के अनुसार यदि अर्जुन की अज्ञानता की निवृत्ति न होती तो वह कर्त्तव्य पथ पर कभी अग्रसर नहीं हो सकता था। कृष्ण के ज्ञान रूपी उपदेश ही अर्जुन की अज्ञानता को दूर कर सके थे, अतः गीता में ज्ञान मार्ग श्रेष्ठ है। अतः गीता में ज्ञान मार्ग के वैशिष्ट्य को उकेरा गया है ताकि अज्ञानरूपी अन्धकार से जनमानस को निवृत्ति मिले और ज्ञान मार्ग से वह शाश्वत लक्ष्य को पार कर सके।

ज्ञानमार्ग की प्राचीनता

प्रश्न यह उठता है कि गीता में जिस ज्ञान मार्ग की महिमा को उकेरा गया है, वह शाश्वत है या अशाश्वत? क्या अर्जुन को दिये गये कृष्ण के उपदेश सनातन हैं? भगवान कृष्ण के अनुसार सृष्टि के प्रारम्भ में ही इस ज्ञान के उपदेश को मैंने सर्वप्रथम सूर्य को दिया था। सूर्य के बिना हम अपनी सृष्टि की कल्पना नहीं

कर सकते। सूर्य ने वही उपदेश मनु को दिया और मनु ने राजा इक्ष्वाकु को दिया। कहा भी गया है-

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत।।[1]

शास्त्रों में सूर्य को बुद्धि का अधिष्ठाता माना गया है। इस कारण से वह ज्ञान का स्रोत है। इसलिए श्रीकृष्ण सूर्य को ही ज्ञान ग्रहण करने वाला प्रथम तत्त्व बताते हैं। श्रुति का प्रतीक सूर्य है, जो निरासक्त होकर लोक कल्याण के लिए कार्य करता है। मनु ने भी अपनी मनुस्मृति में वर्णाश्रम व्यवस्था के अनुरूप कर्त्तव्य पालन की शिक्षा दी तथा इक्ष्वाकुवंशीय राजा राम भी धरा पर गीता के ज्ञान के उपदेश को सार्थक किया। अतः गीता का ज्ञान कोई नयी घटना नहीं है। भारतीय परम्परा किसी भी ज्ञान का कोई आदि नहीं मानती, वेद भी अनादि है। गीता का ज्ञान भी अनादि है। यह प्राचीन ज्ञान काल क्रम से मन्द होता गया। महाभारत के युद्ध में अर्जुन ने एक ऐसा अवसर उपस्थित कर दिया कि श्रीकृष्ण के मुखारविन्द से पुनः वह ज्ञान प्रस्फुटित हुआ।

योग्य शिष्य को ज्ञान

गीता का ज्ञान किसी कुपात्र के लिए नहीं है। अर्जुन जैसे सुपात्र के लिए है। वही कृष्ण युद्ध रोकने के लिए कौरव नरेश धृतराष्ट्र और युवराज दुर्योधन के पास जाते हैं। उन्हें भी सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रेरित करते हैं किन्तु अहंकार के दावानल में जल रहे दुर्योधन पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। अहंकारजनित अज्ञानता के वशीभूत होकर वह यहाँ तक कहता है कि - 'सूच्याग्रं नैव दास्यामि विना युद्धेन केशवः, अर्थात् हे केशव! आप पांच गांव की बात कर रहे हैं, मैं तो पाण्डवों को सूई की नोक के बराबर जमीन नहीं दूंगा। यहीं नहीं उसने ज्ञान के प्रतीक श्रीकृष्ण को बांधने का दुस्साहस भी किया। जहाँ भक्ति भाव नहीं, जहाँ जिज्ञासु भाव नहीं, जहां शिष्यत्व भाव नहीं वहां ज्ञान अवतरित कैसे हो सकता है? अर्जुन मोहासक्त हुआ, अज्ञान के पाश में जकड़ गया किन्तु अपने भक्तिभाव, जिज्ञासुभाव और शिष्यत्व भाव के कारण वह ज्ञान को तब तक ग्रहण करता गया जब तक उसका मोह दूर नहीं हुआ। बीच-बीच में प्रति प्रश्न भी पूछता गया और गुरू के द्वारा प्रश्न-प्रतिप्रश्न पूछने की प्रेरणा भी मिलती रही। श्रीकृष्ण तो अर्जुन को प्रश्न करने के लिए प्रेरित करते रहे-

'तद् विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया'

ज्ञान के रहस्य को उद्घाटित करने के लिए शिष्य को विनम्रता पूर्वक गुरू से प्रश्न-प्रतिप्रश्न करते रहना चाहिए। श्रीकृष्ण ने गीता के ज्ञान को रहस्य कहा है। प्रश्न होता है कि इस ज्ञान में रहस्य क्या है? रहस्य यह है कि कृष्ण के उपदेश में तीन बातें कहीं गयी- प्रथम कर्म करते हुए बन्धन को प्राप्त करना, द्वितीय कर्म त्याग करना और तृतीय महत्त्वपूर्ण

बात यह है कि कर्म करते हुए भी बन्धन को प्राप्त न करना अर्थात् निष्काम कर्म करना। रहस्य यही है कि कर्म भी करो और बन्धन मुक्त बनो।

ज्ञानयज्ञ की श्रेष्ठता

गीता में अनेक प्रकार के यज्ञों का उल्लेख करते हुए ज्ञान यज्ञ को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। अन्य यज्ञों में द्रव्य अर्थात् अर्थ की अपेक्षा रहती है। प्रायः यज्ञों में दक्षिणा दिया जाता है, गरीबों को दान दिया जाता है और अपनी प्रिय वस्तु दान में दी जाती है। कठोपनिषद में ऐसे ही गाय दान का उल्लेख है। गायों में कुछ गायें बन्ध्या तथा दूध न देने वाली थी जिसका प्रतिकार नाचिकेता ने किया था।[2] अन्य यज्ञों में गरीबों एवं असहायों को धन दिया जाता है किन्तु ज्ञान यज्ञ में किसी अर्थ की अपेक्षा नहीं होती है तथा द्रव्य विहीन ज्ञान यज्ञ श्रेष्ठ है। कहा गया है-

"श्रेयान्द्रव्यमयाद्यज्ञाज्ज्ञानयज्ञः परन्तप।
सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते।।"[3]

अर्थात् हे परन्तप अर्जुन! द्रव्य द्वारा किये जाने वाले यज्ञ की अपेक्षा ज्ञान यज्ञ श्रेष्ठ है। सारे कर्म पूर्ण रूप से ज्ञान में समाहित हो जाते हैं।

इस प्रकार के ज्ञान का परिणाम है मोह की निवृत्ति। अर्जुन को भी ऐसे ही ज्ञान की अपेक्षा थी। परिजनों के मोह में जकड़े अर्जुन को ज्ञान के द्वारा मोह से मुक्ति दिलाना था। इसलिए कृष्ण कहते हैं-

यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि।।[4]

अर्जुन! तुम उस ज्ञान को प्राप्त करके फिर कभी भी मोह में नहीं फँसोगे। उस ज्ञान के द्वारा तुम पूर्ण रूप से सभी प्राणियों को अपने में और मुझ में देख सकोगे। इशोपनिषद में भी स्पष्ट कहा गया है कि जिस साधक के लिए समस्त विश्व आत्मस्वरूप हो जाता है, कोई अपना पराया नहीं रहता है तथा उसके लिए न कोई मोह रह जाता है और न हीं कोई शोक। वह सर्वदा एकरूप, एकरस, एक बोध वाला हो जाता है। उसकी भेददृष्टि समाहित हो जाती है-

**"यस्य सर्वाणि भूतान्यात्मेवाभूद विजानतः।
तत्र को मोहः क शोक : एकत्वमनुपश्यतः।।"[5]**

ज्ञान का वैशिष्ट्य इस रूप में भी है कि इसके प्राप्त होने से समस्त कर्ममल नष्ट हो जाते हैं। यह ज्ञान उसी तरह से सारे कर्मों को नष्ट कर देता है जिस प्रकार आग सभी प्रकार के ईन्धन को समाप्त कर देता हैं-

यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन।
ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरूते तथा।।[6]

अर्थात् ज्ञान से सभी कर्म समाप्त हो जाते हैं। भारतीय चिन्तन परम्परा में प्रायः तीन प्रकार के कर्म माने गये हैं - प्रारब्ध कर्म, संचित कर्म, संचीयमान कर्म। प्रारब्ध कर्म वह कर्म है जिसके परिणाम मिलने शुरू हो गये। इस कर्म को अवरूद्ध नहीं किया जा सकता। संचित कर्म वे कर्म है जिनका संचय हो चुका है किन्तु परिणाम मिलना शेष है और संचीयमान कर्म वे कर्म है जिनका वर्तमान में संचय किया जा रहा है। ये तीनों प्रकार के कर्म अज्ञान जनित है। अज्ञानता से तात्पर्य कर्तृत्व के अभिमान की अज्ञानता। मैं कर्म करता हूँ - यह अज्ञानता है जबकि कर्म वस्तुतः प्रकृति में हो रहे हैं। इस प्रकार के ज्ञान से कर्तृत्व भाव का बन्धन नहीं होता और सब कुछ करते हुए भी समस्त कर्मों एवं विपाकों से वह मुक्त रहता है। अतः अज्ञानता की निवृत्ति आवश्यक है क्योंकि अज्ञानी, श्रद्धारहित और संशययुक्त व्यक्ति नष्ट हो जाता है। संशय युक्त व्यक्ति के लिए न यह लोक, न परलोक तथा न कोई सुख मिलता है। गीता कहती है-

''अज्ञश्चाश्रद्धानश्च संशयात्मा विनश्यति।
नायं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः।।[7]

'ज्ञान सच्छिन्न संशयम्' अर्थात् ज्ञान से ही समस्त प्रकार के संशय नष्ट होते हैं।

ज्ञान इसलिए भी श्रेष्ठ है कि सभी प्रकार की इन्द्रियों को वश में रखने वाला श्रद्धावान व्यक्ति ही ज्ञान को प्राप्त कर सकता है। ज्ञान का परिणाम बहुत ही सुखद है। गीता कहती है कि ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात् तत्काल ही परमशान्ति (मोक्ष) की प्राप्ति होती है-

''श्रद्धावॉल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतोन्द्रियः।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगछति।।''[8]

अतः यह कहना उपयुक्त होगा कि ज्ञान से पवित्र इस संसार में कुछ भी नहीं है और उस ज्ञान को प्राप्त कर लेने के बाद योगसिद्ध व्यक्ति अपने आपको प्राप्त कर लेता है अर्थात् उसे आत्मावबोध हो जाता है फिर उसे कुछ जानने, सुनने, समझने की जरूरत नहीं पड़ती है।

''न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।
तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति।।''[9]

इस आत्मज्ञान से समस्त प्रकार के अज्ञान नष्ट हो जाते हैं ओर यह ज्ञान सूर्य के समान परमात्मा को प्रकाशित करता है-

''ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः।
तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम।।[10]

ज्ञान और समदर्शिता

ज्ञान सम्पन्न व्यक्ति समदर्शी होता है। वह भेदभाव से ऊपर उठ जाता है। अद्वैत दृष्टि का विकास होने से उसे यत्र-तत्र-सर्वत्र परमात्मा ही दृष्टि गोचर होता है। गीता कहती है कि विद्या और विनय अर्थात् चारित्र से सम्पन्न ब्रह्म ही, गाय हो, हाथी हो, कुत्ता या चाण्डाल ही क्यों न हो, ऐसे ब्रह्मनिष्ठ ज्ञानी को सर्वत्र बह्म हीं दिखाई देता है। इसलिए उसकी दृष्टि में कहीं भी भेदभाव दृष्टिगोचर नहीं होता है। वह सर्वत्र समदर्शी होता है-

"विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः।।[11]

विवेकी मनुष्य भोगों में नहीं रहता। जिसका आत्मज्ञान प्रबल होता है उसे किसी प्रकार के भोग (इहलोक एवं परलोक) आकृष्ट नहीं कर पाते। ऐसे ज्ञानी व्यक्ति अनुकूलता एवं प्रतिकूलता से ऊपर उठ जाते हैं। अनुकूल स्थिति उन्हें आनन्दित नहीं करती और न ही प्रतिकूल स्थिति में वे उद्विग्न होते हैं। ऐसा ज्ञानी समदर्शी ही नहीं समभावी भी होता है। कैसी भी स्थिति हो वह विचलित नहीं होता। हर स्थिति में सम रहने का वह अभ्यासी हो जाता है-

न प्रहृष्येत्प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाप्रियम्।
स्थिरवुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद् ब्रह्मणि स्थितिः।।[12]

द्वैत जब छूटता है तो अहं, त्वं का भेद भी नहीं रह जाता है। इस स्थिति में न पाप रहता है और न पुण्य ही। सारे कल्मष क्षीण हो जाते हैं। उस स्थिति में शरीर, मन और बुद्धि स्वतः संयमित हो जाते हैं और परम सत्य का साक्षात्कार हो जाता है। इसी स्थिति में पहुँचा व्यक्ति ऋषि कहलाता है। उसका अहम मिट गया, यही निर्वाण है और वह ब्रह्म को प्राप्त हो गया, यही ब्रह्म निर्वाण है-

"लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः।
छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्वभूतहिते रताः।।"[13]

अस्तु यह समभाव, समदर्शिता आत्मज्ञान से ही संभव है।

ज्ञानी के गुण

गीता के तेरहवें अध्याय में ज्ञानी के गुणों का वर्णन किया गया है। ज्ञानी निरभिमानी, निरंहकारी, विरक्त और अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थिति में सम रहने वाला है। ज्ञानी का प्रथम गुण निरभिमानिता है। ज्ञानी के लिए सबकी आत्मा समान है तो कौन किस पर अभिमान करेगा। अभिमान तो प्रायः उच्च का निम्न लोगों के प्रति होता है। किन्तु जब सबकी आत्मा समान है, एक जैसी है तो अभिमान के लिए कोई अवकाश नहीं है। निरभिमानी में दम्भ के अभाव के साथ अहिंसा, क्षमा, आर्जव, शुद्धि, स्थिरता तथा आत्मसंयम का स्वतः विकास होता है-

"अमानित्व मदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम्।
आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्माविनिग्रहः।।[14]

ज्ञानी कभी हिंसक नहीं हो सकता क्योंकि वह जानता है जो कि आत्मा मेरे में है वहीं दूसरों में है। यदि वह दूसरों का घात करेगा तो यह अपना ही घात होगा, दूसरों को कष्ट देगा तो यह अपने पर ही होगा, वह दूसरों पर गुस्सा करेगा तो वह अपने ऊपर ही होगा, वह दूसरों के प्रति कुटिलता करेगा तो वह अपने ऊपर ही होगा। अतः ज्ञानी अद्वैत का पोषक होता है। यही कारण है कि वह क्षमावान होता है। वह सरल होता है। उसका जीवन खुली किताब होता है। कहीं से भी कोई पन्ने पलटे जा सकते हैं। उसके जीवन में कहीं कोई दुराव या छुपाव नहीं होता है। वह आचार्य अर्थात् गुरू की उपासना करता है। ज्ञानी के लिए गुरू सर्वोपरि है। 'गुरु बिन ज्ञान कहाँ' को वह चरितार्थ करता है। वह इसलिए भी निरभिमानी है कि वह गुरू को सर्वोपरि समझता है। कोई अंहकारी अपने से श्रेष्ठ किसी दूसरे को नहीं समझ सकता। चूंकि ज्ञानी गुरू को महत्त्व देता है। अतः वह निरहकारी भी है। ज्ञान की आराधना में कभी-कभी निराशा भी मिलती है। अतः गुरु भक्त को इस निराशा से बाहर निकलने में कोई समस्या नहीं आती है। ज्ञानी में शुद्धि का गुण है। ज्ञानी अपने व्यवहार में शुद्धि या पवित्रता रखता है अर्थात् कोई भी अनुचित साधन नहीं अपनाता तथा कभी भी उसके आचरण एवं व्यवहार से किसी को कोई कष्ट नहीं होता। वह विषम से विषम परिस्थिति में अडिग एवं अविचल रहता है। परिस्थितियाँ कैसी भी हो ज्ञानी के व्यक्तित्व को डिगा नहीं सकती। वह अनासक्त भाव से सम-विषम परिस्थितियों का मुकाबला करता है। कभी परिस्थितियों को अपने व्यक्तित्व पर प्रभावी नहीं होने देता। प्रायः देखा जाता है कि व्यक्ति प्रतिकूल स्थिति में अपने आप को नियंत्रित नहीं कर पाता और उसका गुस्सा दूसरों पर फूट पड़ता है जिसके कारण उसे नुकसान उठाना पड़ता है किन्तु ज्ञानी धीर, गम्भीर होकर अपने आप पर नियन्त्रण रखता है। वह आत्म संयमी है। ज्ञानी इन्द्रियों के विषयों में संयम रखता है। जन्म, मृत्यु, जरा और व्याधि में दुःख के दोष का ज्ञान करता है। पुत्र, स्त्री, गृह आदि में अनासक्ति रखता है। इष्ट और अनिष्ट में चित्त को सम रखता है। उसकी भक्ति अनन्य होती है। वह एकान्तप्रिय होता है। भीड़भाड़ में उसकी कोई रूचि नहीं होती है। भीड़ में हम अपने को भुला सकते हैं किन्तु ज्ञान तो निरन्तर आत्मस्मृति की अपेक्षा रखता है। सत्य की यात्रा तो अकेले ही करनी पड़ती हैं। वस्तुतः परमार्थतः हम अकेले ही हैं। भीड़ तो व्यवहार से जुड़ी हुई है। ज्ञान का सम्बन्ध परमार्थ से है। ज्ञानी परमार्थी होता है-

''मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणि।
विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जन संसदि।।''[15]

अन्त में गीता इन सारे गुणों को ज्ञान ही कह देती है। ज्ञान से ये गुण उत्पन्न होते हैं। अतः कारण से कार्य का उपचार करके गुणों को ज्ञान ही कह दिया गया है। यही दृष्टि गीता को व्यावहारिक बना देती है। चाहे भक्ति हो, चाहे ज्ञान, आचरण का महत्व सर्वत्र है। गीता में ज्ञान की कसौटी आचरण है। यदि ज्ञान सच्चा है तो यह नहीं हो सकता कि वह व्यक्ति के आचरण में न उतरे।[16]

ज्ञान का चरम लक्ष्य

ज्ञान का लक्ष्य अमृततत्त्व की प्राप्ति है। उपनिषदों में उल्लेख है कि मैत्रेयी ने याज्ञवल्क्य से प्रश्न किया कि क्या वह धन के द्वारा अमृतत्व की प्राप्ति कर लेगी? याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया कि धन के द्वारा किसी अमृतत्व की प्राप्ति नहीं होती। अमृतत्व की प्राप्ति के लिए ज्ञान आवश्यक है। गीता के अनुसार -

"ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वामृतमश्नुते।
अनादिमत्परं ब्रह्म न सत्तान्नासदुच्यते।।"[17]

इसलिए श्रीकृष्ण ने ज्ञान का परम लक्ष्य अमृतत्व को माना है। ज्ञान से तात्पर्य ब्रह्मज्ञान से है। शंकराचार्य ने ब्रह्म को एकमात्र परमार्थ सत्, अद्वय स्वरूप माना है।[18] ब्रह्म को गीता सत्, असत् से परे मानती है। सामान्यतः हम किसी को सत् या असत् मानते हैं किन्तु ब्रह्म न कभी उत्पन्न होता है और न कभी नष्ट होता है। जब वह सदा से है, सदा रहता है तो उसे सत्, असत् से परे कहना सार्थक है। ज्ञान का अन्तिम लक्ष्य अमृतत्व इसलिए भी है कि उसके प्राप्त कर लेने के बाद कुछ भी प्राप्त करना शेष नहीं होता है। ब्रह्म को जानने वाला सब कुछ जान लेता है। 'ब्रह्मविद् सर्वं विद्।' जो सब कुछ जान लेता है वह ब्रह्ममय हो जाता है।[19] गीता के अनुसार ज्ञानी जब परमात्मारूप हो जाए तो यही स्थिति उसे अमृतत्व भी प्रदान कर देती है। अतः ज्ञान का सर्वोच्च लक्ष्य अमृतत्व की प्राप्ति है।

ज्ञान के प्रकार

गीता में गुणों के आधार पर तीन प्रकार के ज्ञान का उल्लेख है- सात्विक ज्ञान, राजसिक ज्ञान एवं तामसिक ज्ञान।

सात्विक ज्ञान के संदर्भ में गीता कहती हैं-

"सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते।
अविभक्तं विभक्तेषु तज्ज्ञानं विद्धि सात्विकम्।।"[20]

अर्थात् जिस ज्ञान में अलग-अलग प्राणियों में एक अविनाशी भाव को अविभक्त रूप में देखता हैं, उस ज्ञान को सात्विक ज्ञान समझना चाहिए।

राजस ज्ञान वह ज्ञान है जिसके द्वारा व्यक्ति जब प्राणियों में भिन्न-भिन्न प्रकार के नाना भावों को देखता हैं। गीता कहती है-

पृथक्त्वेन तु यज्ज्ञानं नानाभावान्पृथग्विधान्।
वेत्ति सर्वेषु भूतेषु तज्ज्ञानं विद्धि राजसम्।।"[21]

तामसज्ञान वह ज्ञान है जो एक शरीर को ही सब कुछ समझकर उसमें आसक्त रहता है। वह तर्क विरूद्ध, अतात्विक और तुच्छ ज्ञान है। कहा गया है-

"यत्तु कृत्स्नवदेकस्मिन्कार्ये सक्तमहैतुकम्।
अतत्वार्थवदल्पं च तत्तामासमुदाहृतम्।।[22]

संक्षेप में सात्विक, राजसिक एवं तामसिक तीन कर्म हैं। सात्विक कर्म पारमार्थिक ज्ञानपूर्वक होते हैं। राजसिक कर्म लौकिक ज्ञानपूर्वक होते हैं तथा तामस कर्म अज्ञानपूर्वक होते हैं। सात्विक ज्ञान में 'मैं' और 'तू' का भेद नहीं रहता, राजसीज्ञान में 'मैं' और 'तू' दोनो रहते हैं किन्तु तामसी ज्ञान में केवल 'मैं' ही रह जाता है। सात्विक ज्ञान विविधता में एकत्व की अनुभूति है। इस ज्ञान से सम्पन्न साधक किसी कर्म के प्रति आसक्ति नहीं रखता, न किसी कर्म फल की इच्छा रखता है। वह तो निष्काम कर्म करता है। अतः सात्विक ज्ञान सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है, पूर्व ज्ञान है, ब्रह्मज्ञान है, परमसत्ता का ज्ञान है।

उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट होता हैं कि गीता का ज्ञान अनादिकाल से है। इस ज्ञान की प्राचीनता स्वतः सिद्ध है। यहां ज्ञान के लिए पात्रता का भी निर्धारण है। कुपात्र को ज्ञान नहीं हो सकता। तीन ज्ञान की चर्चा के साथ श्रेष्ठ ज्ञान ब्रह्म ज्ञान को माना गया है। परमसत्ता के ज्ञान के पश्चात् कुछ भी शेष नहीं रह जाता है। सकामकर्म छूट जाता है, बन्धन तिरोहित हो जाता है और अमृतत्व की प्राप्ति हो जाती है। यही गीता के ज्ञान का रहस्य है।

संदर्भ सूची

1. भगवद् गीता, 4/1
2. कठोपनिषद कथा
3. भगवद्गीता, 4/33
4. वहीं, 4/35
5. ईशोपनिषद, 1/2/13
6. भगवद्गीता, 4/37
7. वहीं, 4/40
8. वहीं, 4/39
9. वहीं, 4/38
10. वहीं, 5/16
11. वहीं, 5/18
12. वहीं, 5/20
13. वहीं, 5/25
14. वहीं, 13/7
15. वहीं, 13/10
16. श्रीमद्भगवद्गीता विपुल भाष्य, दयानन्द भार्गव, पृ. 348
17. भगवद्गीता, 13/12
18. ब्रह्मसूत्र शा.भा., एकमेवपरमार्थसत अद्वयं ब्रह्म
19. ब्रह्मसूत्र शा.भा., 'ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति
20. भगवद्गीता, 18/20
21. वहीं, 18/21
22. वहीं, 18/22

निदेशक

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं (राज.)

सूत्र स्वाध्याय का अधिकारी कौन?

मुनि मदन कुमार

स्वाध्याय श्रेष्ठ तप है और वह निर्जरा का अमोध साधन है। सूत्र की स्वाध्याय का सर्वोपरि मूल्य है। उससे श्रुत की प्राप्ति होती है, चित्त की एकाग्रता बढ़ती है, धर्म में स्थिरीकरण होता है तथा दूसरों को धर्म में स्थिर करने की अर्हता प्राप्त होती है। तीर्थंकर के प्रवचन को गणधर द्वारा ग्रंथ रूप में गूंथा जाता है उसे सूत्र या आगम कहा जाता है। आगम के तीन प्रकार हैं- सूत्रागम, अर्थागम और तदुभयागम। संक्षिप्त और व्याख्येय ग्रंथ का नाम सूत्र है। विस्तृत और व्याख्या ग्रंथ का नाम अर्थ है। पाठ और अर्थ मिश्रित रचना का नाम तदुभय ग्रंथ है। वर्तमान में बत्तीस आगम उपलब्ध हैं जिनमें ग्यारह अंग, बारह उपांग, चार मूल, चार छेद और आवश्यक सूत्र का समावेश है। आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग, समवायांग, भगवती, ज्ञाताधर्म कथा, उपासक दशा, अंतकृत दशा, अनुत्तरोपपातिक दशा, प्रश्न व्याकरण, विपाकश्रुत और दृष्टिवाद – ये अंगप्रविष्ट तथा द्वादशांगी कहलाते हैं। दृष्टिवाद का विच्छेद होने से वर्तमान में ग्यारह अंग ही उपलब्ध हैं। इसी तरह औपपातिक, राजप्रश्नीय, जीवाजीवाभिगम, प्रज्ञापन जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति, चंद्र प्रज्ञप्ति, सूर्य प्रज्ञप्ति, कल्पिका कल्पवतंसिका, पुष्पिका, पुष्पचूलिका और वृष्णदशा - ये बारह अंग बाह्य तथा उपांग कहलाते हैं। मूल चार हैं– दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, नंदी और अनुयोगद्वार। छेद चार हैं– निशीथ, व्यवहार, वृहत्कल्प और दशाश्रुतस्कंध तथा आवश्यक सूत्र स्वाध्याय काल की दृष्टि से आगमों को वर्गीकृत किया गया है। दिन और रात के प्रथम एवं अंतिम प्रहर में पढ़े जाने वाले आगम कालिक तथा दिन और रात के चारों प्रहरों में पढ़े जाने वाले आगम उत्कालिक कहलाते हैं। जैसे उत्तराध्ययन, निशीथ, जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति, चन्द्र प्रज्ञप्ति, व्यवहार कल्प, निरयावलिका, दशाश्रुतस्कंध आदि कालिक आगम हैं तथा दशवैकालिक, औपपातिक, प्रज्ञापना, नन्दी, अनुयोगद्वार, सूर्य प्रज्ञप्ति आदि उत्कालिक आगम हैं।

कुछ लोगों की यह मान्यता है कि गृहस्थ सूत्र की स्वाध्याय करता है वह जिन आज्ञा में हैं। पर यह सही नहीं है। वस्तुतः वे आगम-वाणी के अनभिज्ञ हैं। सूत्र-स्वाध्याय की आज्ञा केवल साधु को ही भगवान ने दी है। प्रश्न व्याकरण अध्ययन सात में कहा है— महरिसीण य समयप्पदिण्णं देविंद-नरिंद-भासियत्थं।[1] यहां उत्तम महर्षि साधु को ही सूत्र अध्ययन की आज्ञा दी है। साधु सिद्धान्त की स्वाध्याय कर सत्य वाणी को जानता है और उसका विवेचन करता है। देवेन्द्र, नरेन्द्र आदि विवेचित अर्थ को सुनकर सत्य वचन को जानते हैं। इस तरह स्पष्टतः साधु को ही सूत्र-स्वाध्याय की आज्ञा प्रदान की गयी है। गृहस्थ को सूत्र पढ़ने की आज्ञा नहीं है। अतः श्रावक यदि सूत्र की स्वाध्याय करता है तो यह उसकी स्वेच्छा है किन्तु यह उसका कार्य जिनाज्ञा के अंतर्गत नहीं है। साधु को सूत्र-स्वाध्याय की आज्ञा होने पर भी उसमें काल मर्यादा का विधान है। व्यवहार सूत्र[2] उद्देशक दस में कहा गया है कि साधु को दीक्षा के तीन वर्ष पश्चात् आचार कल्प-निशीथ सूत्र पढ़ना कल्पता है। इसी तरह दीक्षा के चार वर्ष पश्चात् सूत्रकृतांग, पांच वर्ष पश्चात् दशाश्रुतस्कंध, वृहत्कल्प और व्यवहार सूत्र, आठ वर्ष पश्चात् स्थानांग और समवायांग तथा दस वर्ष पश्चात् भगवती सूत्र पढ़ना कल्पता है। साधु के लिये यह काल मर्यादा है। साधु को दीक्षा के तीन वर्ष पश्चात् निशोथ सूत्र पढ़ना कल्पता है तथा तीन वर्ष पूर्व साधु को भी निशीथ सूत्र पढ़ना नहीं कल्पता है। यदि साधु दीक्षा से तीन वर्ष पूर्व निशोथ सूत्र पढ़ता है तो वह जिन आज्ञा के अन्तर्गत नहीं है। तब फिर गृहस्थ सूत्र पढ़ता है उसे जिनेश्वर देव कैसे आज्ञा दे सकते हैं? यदि साधु दीक्षा से तीन वर्ष पूर्व निशीथ सूत्र पढ़ता है तो वह भी आज्ञा बाहर है तब गृहस्थ द्वारा सूत्र की स्वाध्याय करना स्पष्टतः ही आज्ञा बाहर है। यदि श्रावक का निशीथ आदि सूत्र पढ़ना जिन आज्ञा में है तो साधु को तीन वर्ष पूर्व निशीथ सूत्र पढ़ने की आज्ञा क्यों नहीं दी गयी? जब साधु को भी दीक्षा से तीन वर्ष पूर्व जिनेश्वर देव आज्ञा नहीं देते हैं तब श्रावक को सूत्र पठन की आज्ञा कैसे दे सकते हैं? अतः श्रावक द्वार कालिक और उत्कालिक सूत्र पढ़ना प्रत्यक्षतः आज्ञा बाहर है। कोई श्रावक स्वेच्छा से सूत्र की स्वाध्याय करता है वह जिनाज्ञा के अन्तर्गत नहीं होने से धर्म नहीं है।

निशीथ उद्देशक उन्नीस[3] में कहा गया है— जे भिक्खू अण्णउत्थियं वा गारत्थियं वा वाएइ वाएंतं वा साइज्जइ ।। 27।। यहां कहा गया है कि अन्यतीर्थों और गृहस्थ को साधु वाचना दे तथा वाचना देते हुये का अनुमोदन करे तो वह प्रायश्चित का भागी बनता है। अतः साधु गृहस्थ को वाचना न दे और वाचना देते हुये का अनुमोदन न करे तब गृहस्थ के सूत्र-पठन में उसे धर्म कैसे होगा? यदि श्रावक को साधु सूत्र की स्वाध्याय करते हुये का अनुमोदन करले तो भी चातुर्मासिक दण्ड आता है तब फिर गृहस्थ स्वेच्छा से परस्पर सूत्र की वाचना दे उसमें धर्म कैसे होगा। निशीथ के इसी उद्देशक में कहा गया है- जे भिक्खू आयरिय उवज्झाएहिं अविदिण्णं गिरं आइयइ आइयंतं वा साइज्जइ ।। 24।। यहां कहा गया है कि जो कोई साधु-साध्वी आचार्य और उपाध्याय के वाचना न देने पर सूत्र की स्वाध्याय करता है तथा

उसकी अनुमोदना करता है तो उसे चातुर्मासिक प्रायश्चित्त आता है। जो गृहस्थ स्वेच्छा से सूत्र की स्वाध्याय करता है वह तो आचार्यादिक की न दी हुई वाचना ही है। उसकी अनुमोदना मात्र से जब चातुर्मासिक दण्ड आता है तब गृहस्थ द्वारा बिना दी हुई वाचना के सूत्र-स्वाध्याय करने पर धर्म कैसे कहें? जब श्रावक द्वारा की जाने वाली सूत्र-स्वाध्याय की अनुमोदना करने वाले को भी धर्म नहीं होता है तब श्रावक द्वारा दी जाने वाली सूत्र-साध्याय को धर्म कैसे कहा जाये?

जैनागम में पात्र-अपात्र पर भी विचार किया गया है। सूत्र-स्वाध्याय के लिये किसे पात्र माना जाये? स्थानांग के तृतीय स्थान[4] में तीन को वाचना देने के अयोग्य माना गया है– (i) अविनीत, (ii) विकृति में प्रतिबद्ध–रसलोलुप तथा (iii) अव्यवशमित प्राभृत–कलह को उपशान्त न करने वाला। इसी तरह तीन को वाचना के योग्य माना गया है– (i) विनीत (ii) विकृति में अप्रतिबद्ध तथा (iii) व्यवशमित प्राभृत। जब ये तीन प्रकार के साधु वाचना के अयोग्य और निषिद्ध हैं तब गृहस्थ तो क्रोधी-मानी भी होते हैं और अविनीत भी होते हैं। विकृति से लेकर स्त्री आदि का गृद्ध होता है। अतः श्रावक को सूत्र की वाचना नहीं देनी चाहिये। कोई गृहस्थ साधु की बिना आज्ञा सूत्र की स्वाध्याय करता है तो यह उसकी स्वेच्छा है। साधु को उसका अनुमोदन भी नहीं करना चाहिये। तब गृहस्थ के सूत्र-स्वाध्याय से धर्म कैसे होगा?

औपपातिक सूत्र[5] में श्रावक के गुण वर्द्धन अधिकार में कहा गया है कि वे अर्थलब्ध होते हैं। उन्होंने अर्थ को प्राप्त किया है, अर्थ को ग्रहण किया है, अर्थ की पृच्छा की है, अर्थ को जाना है और अर्थ का विनिश्चय किया है। इस तरह श्रावक अर्थ के जानकार होते हैं। उन्हें अर्थ का जानकार कहा है। उन्हें लद्धट्ठा कहा है– अर्थलब्ध कहा है किन्तु लद्धासुत्ता – सूत्र लब्ध नहीं कहा है। उन्हें सूत्र का अध्येता नहीं कहा है। अतः सूत्र के स्वाध्याय की आज्ञा मात्र साधु को ही है। श्रावक को सूत्र-स्वाध्याय की आज्ञा नहीं है। बार-बार सुनने से उन्हें अर्थ की प्राप्ति होती है। अतः उन्हें अर्थ का जानकार कहा गया है। सूत्रकृतांग में भी श्रावक गुण वर्णन अधिकार में ऐसा ही पाठ दिया है। सूत्र निर्ग्रन्थ का प्रवचन है, सग्रन्थ का प्रवचन नहीं है। अतः सूत्र के स्वाध्याय की आज्ञा केवल साधु मुनिराज को ही है।

सूत्रकृतांग में कहा गया है कि साधु ही शुद्ध धर्म आत्म धर्म के प्ररूपक होते हैं। साधु अनेक विशेषताओं के धनी होते हैं यथा - आत्म गुप्त, दान्त, छिन्नस्रोत और निराश्रव। वे इन्हीं गुणों के कारण लोकोत्तर धर्म के व्याख्याकार होते हैं। सूत्रकृतांग की यह गाथा माननीय है–

आयगुत्ते सया दंते, छिण्णसोए णिरासवे।
जे धम्मं सुद्धमक्खांति, पडिपुण्णमणेलिसं।

सदा मन को संवृत करने वाला, जितेन्द्रिय, हिंसा आदि के स्रोतों को छिन्न करने वाला अनाश्रव होकर शुद्ध, प्रतिपूर्ण और अनुपम धर्म का आख्यान करता है। साधु ही सूत्र-स्वाध्याय के अधिकारी होते हैं, उन्हें ही भाजन-पात्र माना जा सकता है। पात्रता का विचार

करते हुये सूर्य प्रज्ञप्ति सूत्र[6] में कहा गया है कि अभाजन को सूत्र सिखाने वाला कुल, गुण, संघ और तीर्थ से बाहर है तथा ज्ञान और विनय से रहित है। वह अरिहन्त देव, गणधर और स्थविर की मर्यादा का लोप करने वाला है। यदि कोई साधु अभाजन है तो उसे भी सूत्र की वाचना नहीं देना है तब गृहस्थ तो प्रत्यक्ष ही पंचाश्रव का सेवन करने वाला होने से अभाजन ही होता है। उसे सिखाने से धर्म कैसे होगा। इस तरह सूत्र के अनेक स्थलों में सूत्र-स्वाध्याय की आज्ञा साधु को ही प्राप्त है। यह एक प्रश्न है कि यदि श्रावक को सूत्र-स्वाध्याय की आज्ञा नहीं है तो नन्दी और समवायांग में साधु को सुयपरिग्गहिया कहा है वैसे ही श्रावकों को भी सुयपरिग्गहिया कहा है। इस न्याय से साधु की तरह श्रावक को भी सूत्र-स्वाध्याय का कल्प होना चाहिये। जब दोनों के लिये सूत्र में समान पाठ प्रयुक्त हुआ है तब साधु को सूत्र स्वाध्याय कल्पनीय है और श्रावक को सूत्र स्वाध्याय कल्पनीय नहीं है ऐसा क्यों? श्रुतानुरागी श्री जयाचार्य ने कहा है कि कुछ लोग ऐसी कुयुक्ति लगाकर श्रावकों के सूत्र-स्वाध्याय की स्थापना करते हैं। इसका समाधान पुनीतात्मा जयाचार्य ने दिया है। उन्होंने कहा- "नंदी और समवायांग सूत्र में साधु को सुयपरिग्गहिया (सूत्रपरिग्रहिता) कहा है वह सूत्र श्रुत और अर्थ श्रुत दोनों को ग्रहण करने की अपेक्षा से कहा है तथा श्रावकों को सुयपरिग्गहिया कहा है वह केवल अर्थ श्रुत के ग्रहण करने की अपेक्षा से ही जानना चाहिये। औपपातिक, सूत्रकृतांग आदि अनेक सूत्रों में श्रावकों को अर्थ का जानकार कहा है किन्तु सूत्र का जानकार कहीं नहीं कहा है। कोई अज्ञ सुयपरिग्गहिचा पाठ को आधार बनाकर श्रावकों के सूत्र-स्वाध्याय की स्थापना करता है उसे जिनागम का अनभिज्ञ जानना चाहिये। यहां सुय शब्द का अर्थ श्रुत है किन्तु सूत्र नहीं है। यह प्रश्न हो सकता है कि सुय शब्द का अर्थ श्रुत है किन्तु सूत्र नहीं है तो श्रुत नाम ज्ञान का है तथा सूत्र श्रुत और अर्थ श्रुत इस द्विधात्मक भेद का आधार क्या है? स्थानांग सूत्र[7] में भगवान ने कहा है— सुमधम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा— सुत्तसुयधम्मे चेव, अत्थसुयधम्मे चेव। श्रुत धर्म दो प्रकार का है— सूत्रश्रुत धर्म और अर्थश्रुत धर्म। श्रावक अर्थ श्रुत धर्म के जानकार होते हैं, इस अपेक्षा से उन्हें सुयपरिग्गहिया कहा गया है। उन्हें सूत्रश्रुत धर्म की अपेक्षा से सुयपरिग्गहिया नहीं कहा गया है।

भगवती शतक[8] के आठवें शतक में भी अर्थ को श्रुत कहा है। प्रत्यनीक पद में भगवान ने कहा है— सुयण्णं भंते! पडुच्च कति पडिणीया पण्णत्ता? गोयमा! तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा- सुत्त पडिणीए, अत्थ पडिणीए, तदुभयपडिणीए। भंते! श्रुत की अपेक्षा कितने प्रत्यनीक प्रज्ञप्त हैं? गौतम! श्रुत की अपेक्षा तीन प्रत्यनीक प्रज्ञप्त हैं, जैसे सूत्र प्रत्यनीक, अर्थ प्रत्यनीक, तुदुभय प्रत्यनीक। यहां भी श्रुत की अपेक्षा तीन प्रत्यनीक बतलाये गये हैं। अर्थ के प्रत्यनीक को श्रुत प्रत्यनीक कहा है। ऐसा ही स्थानांग सूत्र[9] में कहा गया है। इस तरह अनेक आगमों में अर्थ को श्रुत कहा है। इस कारण से अर्थ के जानकार होने से श्रावक को श्रुतपरिग्रहिता कहा है किन्तु सूत्र परिग्रहिता कहीं नहीं कहा है।

सूत्र-स्वाध्याय के संबंध में अनेक जिज्ञासाएं उभरती रही है। कुछ लोगों का कहना है कि जब श्रावक को सूत्र-स्वाध्याय नहीं करना है तब आवश्यक करते हुये श्रावक त्रिविध आगम के चौदह अतिचार की ओलाचना करता है। जब वह सूत्र की स्वाध्याय नहीं करता है तब फिर अतिचार की आलोचना किसकी की जाये और क्यों की जाये? श्रावक आवश्यक सूत्र की स्वाध्याय करता है। वह इसी सूत्र के विषय में आलोचना करता है। प्रश्न यह भी हो सकता है कि जब श्रावक को सूत्र पढ़ना ही नहीं है तब वह आवश्यक (प्रतिक्रमण) क्यों करें? इसका समाधान अनुयोग द्वार[10] में उपलब्ध है। वहां कहा है कि साधु और श्रावक को दोनों समय अवश्य करणीय होने से इसका नाम आवश्यक है। इस कारण से श्रावक आवश्यक सूत्र की अपेक्षा से सूत्रागम के अतिचार की आलोचना करता है। श्रावक के लिये आवश्यक सूत्र जिनाज्ञा में है। इसके अलावा श्रावक अन्य सूत्रों के पाठों को- रसाकर्ष वैराग्य रूप कुछ गाथाओं का स्वाध्याय करे तो आज्ञा बाहर प्रतीत नहीं होता है। सूक्ष्मदर्शी जयाचार्य ने इसका भी न्याय बताया है। उनके अनुसार— "साधु को अकाल में सूत्र की स्वाध्याय नहीं करता है किन्तु रसाकर्ष रूप एक-दो-तीन गाथाओं के स्वाध्याय की आज्ञा निशीथ सूत्र के उन्नीसवें उद्देशक में प्रदान की गयी है। वैसे ही श्रावक भी रसाकर्ष रूप सूत्र की गाथाओं और बोलों की स्वाध्याय करता है तो वह आज्ञा बाहर प्रतीत नहीं होता है। ज्ञान के चौदह अतिचारों में 'अकाले कओ सज्झाओ काले न कओ सज्झाओ' जो कहा गया है वह आवश्यक सूत्र की अपेक्षा से कहा गया ही प्रतीत होता है।"

यह भी एक प्रश्न हो सकता है कि जब श्रावक को सूत्र की स्वाध्याय नहीं करना है तो उत्तराध्ययन सूत्र[11] में राजीमती को बहुश्रुत और पालित श्रावक को कोविद (पंडित) क्यों कहा गया है? इनके समाधान में पूज्य जयाचार्य ने कहा- "इन्हें अर्थागम-अर्थ रूप श्रुत की अपेक्षा से बहुतश्रुत और कोविद कहा गया प्रतीत होता है किन्तु सूत्रागम - सूत्र रूप श्रुत की अपेक्षा से कहा गया प्रतीत नहीं होता है। वैसे कालिक और उत्कालिक सूत्र अनुक्रम से पढ़ने की आज्ञा को ही है, श्रावक को नहीं है। सूत्र में यह उल्लेख तो मिलता है कि गौतम आदि साधुओं में कोई चौदह पूर्व का ज्ञाता था और कोई ग्यारह अंग का। ऐसी जानकारी सूत्र में बहुलता से मिलती है किन्तु अमुक श्रावक इतने सूत्रों का अध्येता ज्ञाता था, ऐसा पाठ कहीं नहीं मिलता है। इनसे यह सिद्ध होता है कि सूत्र-सिद्धान्त के स्वाध्याय की आज्ञा साधु को ही है। यह मानना चाहिये कि गृहस्थ, पार्श्वस्थ आदि को सूत्र-सिद्धान्त के स्वाध्याय की आज्ञा श्री वीतराग देव द्वारा नहीं दी गयी है।

सूत्र स्वाध्याय[12] के संबंध में आगम में अनेक निर्देश है। स्थानांग सूत्र में कहा गया है कि चार महाप्रतिपदाओं को साधु-साध्वियों को आगम का स्वाध्याय नहीं करना चाहिये। आषाढी पूनम और सावन का प्रथम दिन, अश्विन पूनम और कार्तिक का प्रथम दिन, कार्तिक पूनम और मृगसर का प्रथम दिन तथा चैत्र पूनम और वैशाख का प्रथम दिन सूत्र स्वाध्याय

की दृष्टि से निषिद्ध है। इनके अतिरिक्त परंपरा से भाद्रव पूनम और आश्विन का प्रथम दिन भी सूत्र स्वाध्याय की दृष्टि से निषिद्ध है। इसी तरह चार संध्याओं में भी साधु-साध्वी को आगम के स्वाध्याय का निषेध है। प्रथम संध्या, पश्चिम संध्या, मध्यान्ह् संध्या और अर्द्ध रात्रि संध्या में स्वाध्याय नहीं करना चाहिये। स्थानांग सूत्र[13] में अन्तरिक्ष और औदारिक संबंधी अस्वाध्याय भी बतायी गयी है। अन्तरिक्ष संबंधी अस्वाध्याय भी बतायी गयी है। अन्तरिक्ष संबंधी अस्वाध्याय के दस प्रकार हैं- (i) उल्कापात, (ii) दिग्दाह, (iii) गर्जन, (iv) विद्युत, (v) निर्धात-कौंधना, (vi) यूपक, (vii) यक्षादीप, (viii) धूमिका, (ix) महिका-कुहासा एवं (x) रज उद्घात। औदारिक संबंधी अस्वाध्याय के दस प्रकार हैं- (i) अस्थि, (ii) मांस, (iii) रक्त, (iv) अशुचि के पास,(v) श्मशान के पास, (vi) चन्द्र ग्रहण, (vii) सूर्य ग्रहण, (viii) पतन-प्रमुख व्यक्ति का मरण, (ix) राज्य विप्लव एवं (x) उपाश्रय के भीतर सौ हाथ तक कोई औदारिक कलेवर के होने पर।

सन्दर्भ सूची -

1. अंगसुत्ताणि भाग-3, प्रकाशक जैन विश्व भारती लाडनूं, पृ.सं. 690, सच्चस्स थुइ पदं।
2. नव सुत्ताणि, प्रकाशक जैन विश्व भारती लाडनूं
3. नव सुत्ताणि, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं
4. स्थानांग सूत्र, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं, पृ.सं. 247, अवाचनीय पद - 476
5. उवंगसुत्ताणि खण्ड-1, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं
6. उवंगसुत्ताणि खण्ड-2, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं
7. स्थानांग सूत्र, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं, पृ.सं. 51, धर्म पद - 108
8. भगवती खण्ड-3, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं, पृ.सं. 112, प्रत्यनीक पद- 299
9. स्थानांग सूत्र, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं, पृ.सं. 249, प्रत्यनीक पद - 493
10. अनुयोग द्वार, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं
11. उत्तराध्ययन सूत्र, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं, पृ.सं. 347 एवं 360 (तृतीय संस्करण)
    निग्गंथे पावयणे, सावए से विकोविए।
    पोएण ववहरंते, पिहुंडं नगरमागए।।2।।
    सा पव्वइया संती, पव्वावेसी तहिं बहुं
    सयणं परियणं चेव, सीलवंता बहुस्सुया।।32।।
12. स्थानांग सूत्र, प्रकाशक, जैन विश्व भारती लाडनूं, पृ.सं. 354, स्वाध्याय पद - 256
13. उपरोक्त पृ.सं. 906, अस्वाध्यायिक पद - 20 एवं 21

गाँधी दर्शन में अहिंसा एवं शिक्षा के आयाम

डॉ. जुगल किशोर दाधीच

हजारों वर्षों से अहिंसा विश्वभर के लोगों में उनके जीवन, उनकी अभिवृत्तियों और उनकी आन्तरिक अच्छाईयों में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रही है। अहिंसा की असीम शक्ति को हमारे पूर्वजों, दार्शनिक धर्माचायों ने बड़ी गंभीरता से पहचाना। महावीर, बुद्ध नागसेन में अहिंसा का सैद्धान्तिक और नैतिक आधार उपलब्ध है। जैन दर्शन में अहिंसा का आधार मानते हुए कहा गया है कि जो व्यक्ति सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्राणियों (वनस्पति) का हनन करता है। वह स्वयं अपनी आत्मा का हनन करता है। जैन दर्शन में अहिंसा अणुव्रत के पाँच अतिचारों बंध, वध, छेद, अतिभारारोपण, अत्रपान का उल्लेख भी हैं। इन अतिचारों पर विचार करने से प्रतीत होता है कि जीवों के प्रति कष्ट या हिंसा ही नहीं अतिभारारोपण आदि के द्वारा शोषण भी हिंसा में शामिल है।

अहिंसा के सिद्धान्त का प्रतिरोध की रणनीति और तकनीक के रूप में विकास महात्मा गाँधी का विशिष्ट योगदान था। वे अहिंसा को अमोघ अस्त्र मानते थे जो किसी भी हथियार से शक्तिशाली था। सामाजिक संघर्षों से निपटने के लिए वे व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत करते और अनुनय का प्रयोग करते थे तथा किसी भी प्रकार के सहायक कार्य या अहिंसक प्रतिरोध के लिए खोज, समझौता, वार्त्ता, पंचाट, प्रदर्शन एवं अल्टीमेटम, आत्मशुद्धिकरण, हड़ताल, धरना, आर्थिक बहिष्कार, लगानबंदी, हिजरत, असहयोग, सामाजिक बहिष्कार, सविनय अवज्ञा, दृढ निश्चयी सत्याग्रह, समानान्तर सरकार तथा उपवास आदि उनकी कार्यवाही के तरीके थे।[1]

अहिंसा : प्रेम, दया और सहिष्णुता

प्रेम अहिंसा का विशिष्ट गुण है। जिस पर अहिंसक पद्धति का अस्तित्व निर्भर है। इसका उद्देश्य विश्व के समस्त जीवों और वस्तुओं में गहरी आत्मीयता,

बन्धुत्व और एकता का अनुभव करना है। प्रेम ऐसी भावना है जिससे सबके कल्याण और उन्नति के भावों का प्रादुर्भाव होता है। इसी के कारण मनुष्य निर्भीक, स्पष्टवादी, स्वतन्त्र विचारों वाला और सत्य की तरफ अग्रसर होता है। प्रेम से ही अपनी अनन्त और असीम शक्ति का बोध होता है।

अहिंसा का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्वरूप

अहिंसा गत्यात्मक शक्ति और समाज परिवर्तन का प्रभावशाली उपकरण है। जीवन अपने आप में समग्र हैं और उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक जैसे विभाग अपने आप में समग्र हैं और उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक जैसे विभाग नहीं है। अहिंसा सिद्धान्त जीवन को समग्रता की ओर ले जाता है तथा वैयक्तिक और सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओं तक व्यापक है।[2]

सामाजिक क्षेत्र में अहिंसा सामाजिक विषमता अर्थात् रंग, नस्ल, जाति आदि पर आधारित भेदभाव के स्थान पर सर्व प्राणी समानता के सिद्धान्त को प्रस्तुत करती है। विभिन्न रंग, नस्ल, जाति के लोगों का सहअस्तित्व संभव है। क्योंकि उनका अस्तित्व परस्पर सापेक्ष है। वे सहिष्णु होकर अपने बीच व्याप्त समन्वय के सूत्रों की खोज करते हैं तथा उनका शान्तिपूर्ण अस्तित्व संभव हो सकता हैं।

अहिंसा के आर्थिक स्वरूप के अंतर्गत मुख्यतः आर्थिक शोषण एवं विषमता को खत्म करने पर प्रमुख रूप से विचार किया जाता है। अहिंसा का आर्थिक स्वरूप मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उत्पादन को स्वीकार करता है। किन्तु उत्पादन की प्राथमिकताओं में ऐसे उत्पादन को स्वीकार नहीं करता जो हिंसा का निमित्त बनता है। इसलिये अहिंसा को केन्द्र में रखकर उत्पादन की प्राथमिकताओं के संदर्भ में जैन दर्शन तीन प्रमुख बिन्दु प्रस्तुत करता है[3]-

1. अपरिग्रह और व्यक्तिगत उपभोग के सीमांकन द्वारा उत्पादन के संसाधनों को आवश्यक वस्तुओं के लिए मुक्त करना।

2. किन वस्तुओं का उत्पादन न किया जाये इसका दिशा-निर्देश प्रदान करना। जैसे हिंसक शस्त्रों का निर्माण न किया जाये।

3. उत्पादन साधन शुद्धि के निर्देश यथा शोषण न करना, आजीविका का विच्छेद न करना आदि।

अहिंसा व चरखे की व्यापक परिधि

महात्मा गाँधी उत्पादन के समस्त साधनों को विकेन्द्रित करके उन्हें प्रत्यक्ष रूप से प्रजा के हाथों में दे देना चाहते थे। ताकि समाज के केन्द्रीय व्यवस्थापक प्रजा के हाथ से सत्ता छीनने की चेष्टा करे त्यों ही प्रजा उसे असहयोग करे उसे विफल कर दे। यही कारण है कि

महात्मा गाँधी चरखे को केन्द्र मानकर मनुष्य को जिन्दा रहने के लिए आवश्यक प्राथमिक तथा अनिवार्य वस्तुओं के उत्पादन प्रजा को खुद प्रत्यक्ष रूप से कर लेने की सलाह देते थे। ताकि वह अपनी सत्ता की रक्षा करने की शक्ति हमेशा अपने ही हाथों में रख सके।[4]

महात्मा गाँधी के अनुसार जिस राजनैतिक व्यवस्था में व्यक्ति की स्वतन्त्रता का हनन नहीं होता, जहां व्यक्ति और राष्ट्र का संबंध महज यांत्रिक न होकर व्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल्यांकन किया जाता है। वह राजनैतिक व्यवस्था अहिंसा से अनुप्राणित होती है। हिसां की रोकथाम, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाये रखना ही अहिंसा का राजनैतिक स्वरूप नहीं है अपितु व्यक्ति का हित अथवा मानव कल्याण भी उसके अभिन्न अंग बनते हैं। ऐसी राजनैतिक व्यवस्था अभय पर आधारित, समानता से परिपूर्ण, शाश्वत मूल्यों की संरक्षक और नागरिकों द्वारा समर्थित होगी। ऐसी शासन व्यवस्था में ही मानव विश्व शान्ति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

अहिंसा आधारित राजनीति में हिंसा की कोई संभावना नहीं हैं महात्मा गाँधी ने कहा— प्रजातंत्र और हिंसा कभी साथ नहीं रह सकते। अहिंसा की अनुपस्थिति में प्रजातन्त्र केवल कहने मात्र को ही है। इससे अच्छा होगा कि हम तानाशाही के समर्थक हो जाए।[5]

महात्मा गाँधी एवं शिक्षा

महात्मा गाँधी के शिक्षा-दर्शन में दो दृष्टिकोण महत्वपूर्ण रूप से दृष्टिगोचर होते हैं-

1. राष्ट्रीय दृष्किोण
2. मानववादी दृष्टिकोण

महात्मा गाँधी के राष्ट्रीय दृष्टिकोण का स्वरूप ज्यों-जयों महात्मा गाँधी ने अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष को तीव्र किया त्यों-त्यों अधिक पुष्ट व सशक्त होकर सामने आया। वर्ष 1920-21 के असहयोग आन्दोलन में महात्मा गाँधी ने अध्यापकों तथा विद्यार्थियों के ऊपर विशेष दायित्व डाला और उनसे स्कूल और कॉलेज छोड़ने को कहा। महात्मा गाँधी केवल विघटनकारी, विध्वंसक दृष्टिकोण नहीं रखते थे, उनका दृष्टिकोण रचनात्मक रहता था, इसलिए उन्होंने अंग्रेजी हुकुमत द्वारा चलाई गई अनुपयोगी शिक्षा के विकल्प रूप राष्ट्रीय विद्यालयों की स्थापना का आन्दोलन चलाया और देश में कई ऐसे राष्ट्रीय विद्यालय स्थापित हुए।[6]

महात्मा गाँधी मनुष्य से शरीर, आत्मा और भावना के सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा को आवश्यक मानते थे। साक्षरता शिक्षा का न तो अंत है और न ही शुरूआत यह एक साधन है जिसके द्वारा पुरूष और स्त्रियों को शिक्षित किया जा सकता है। आदर्श शिक्षा जीवन के सभी क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव डालती है और शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा भावनात्मक विकास को पूर्णता प्रदान करती है। वर्तमान शिक्षा पद्धति को वे उचित नहीं

मानते थे। ऐसी शिक्षा जिसमें बच्चे अपने माता-पिता से दूर होते चले जाये तथा अपना पैतृक व्यवसाय जिसमें उनका जन्म हुआ है, को भूल जाय, को महात्मा गाँधी शिक्षा नहीं अपितु अशिक्षा की संज्ञा देते थे। शिक्षा की इस दोष पूर्ण प्रणाली के प्रतिकार के लिए उन्होंने जिस शिक्षा प्रणाली की रूप रेखा रखी वह बुनियादी शिक्षा कहलाई। इसके पीछे महात्मा गाँधी का मूल उद्देश्य 'शोषण विहीन समाज की स्थापना करना क्योंकि शिक्षा के बिना स्वस्थ समाज का निर्माण असंभव है। अतः महात्मा गाँधी ने जो शिक्षा के उद्देश्यों एवम् सिद्धांतों की व्याख्या की तथा प्रारंभिक शिक्षा योजना उनके शिक्षा-दर्शन का मूर्त रूप है। अतः उनका शिक्षा दर्शन उनको एक शिक्षा शास्त्री के रूप में भी समाज के सामने प्रस्तुत करता है। उनका मानना था कि मेरे प्रिय भारत में बच्चों को 3H की अर्थात् head, hand, heart की शिक्षा दी जावे। शिक्षा उन्हें स्वावलम्बी बनाए और वे देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सके।[7]

महात्मा गाँधी भारतीय शिक्षा को 'द ब्यूटीफुल ट्री' कहा करते थे। इसके पीछे कारण यह था कि महात्मा गाँधी ने भारत की शिक्षा के बारे में जो कुछ पढ़ा था, उससे पाया था कि भारत में शिक्षा सरकारों के बजाय समाज के अधीन थी। महात्मा गाँधी यह बात अच्छी तरह से जानते थे कि अंग्रेजों ने न केवल हमारे अर्थतंत्र और कुटीर उद्योगों को समाप्त कर हमारी पूरी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से डस लिया है, बल्कि भारत का सांस्कृतिक, साहित्यिक, नैतिक और आध्यात्मिक विखण्डन भी किया, जिससे भारत अपने ज्ञान-गौरव को ही भूल गया। अंग्रेजी - शिक्षा से आच्छन्न यहां के कुछ बड़े घरानों के लोग भारत भाग्य विधाता बन गए। 15 नवम्बर, 1920 को अहमदाबाद के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए महात्मा गाँधी ने कहा ''जिस विद्या से धर्म की रक्षा हो सके वही विद्या है। सा विद्या या विमुक्तये' जिससे मुक्ति मिले, वही विद्या हैं मुक्ति दो प्रकार की है एक मुक्ति वह है जो देश को पराधीनता से छुड़ाये। वह थोड़े समय के लिए या क्षणिक होती है। दूसरी मुक्ति व्यापक अर्थ में सदा के लिए मुक्ति। मोक्ष, जिसे परमधर्म कहते है, प्राप्त करना हो तो सांसारिक मुक्ति भी अवश्य होनी चाहिए। अनेक भयों में रहने वाला मनुष्य स्थायी मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकता। स्थायी मोक्ष प्राप्त करना हो तो निकट वाला मोक्ष प्राप्त करना ही पड़ेगा। जिस विद्या से हमारी मुक्ति दूर जाती है वह विद्या त्याज्य है, वह विद्या राक्षसी है, वह विद्या धर्म विरूद्ध है। सरकारी विद्यालय में मिलने वाली विद्या धर्म विरूद्ध है। सरकारी विद्यालय में मिलने वाली विद्या कैसी भी हो त्याज्य है एवं राक्षसी सरकार द्वारा मिलने के कारण तो सर्वथा त्याज्य है।[8]

यंग इण्डिया में महात्मा गाँधी ने अपने सुचिन्तित विचार राष्ट्रीय शिक्षा पर व्यक्त करते है। उन्होने उसमें तत्कालीन शिक्षा के तीन दोष बताये है-

1. यह विदेशी संस्कृति पर आधारित है।

2. यह हृदय और हाथ के विकास की अपेक्षा करती है और केवल मस्तिष्क के विकास का ध्यान रखती है।

3. विदेशी भाषा के माध्यम से सच्ची शिक्षा देना असंभव है।[9]

शिक्षा को इस अंग्रेजी दोषपूर्ण प्रणाली के प्रतिकार के लिए उन्होंने जिस शिक्षा प्रणाली की रूप रेखा रखी थी वह बुनियादी शिक्षा कहलाई। इस शिक्षा प्रणाली को कार्य रूप देने के लिए अक्टूबर 1937 में शिक्षा से जुड़े वरिष्ठ लोगों तथा शिक्षा शास्त्रियों का एक सम्मेलन वर्धा (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में बुनियादी शिक्षा के संबंध में निम्न प्रस्ताव रखे गये- 1. 7 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लिए अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा, 2. शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो, 3. शिक्षा किसी हस्तकला को केन्द्र बना कर दी जाये, 4. शिक्षा द्वारा मानवीय एवम् राष्ट्रीय गुणों का विकास किया जाय।[10]

महात्मा गाँधी शिक्षा का केन्द्र हस्तकला को बनाने के पक्षधर थे। वास्तव में हस्तकला एक ऐसा माध्यम है जिससे व्यक्ति अपनी न्यूनतम दैहिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकता हैं चुकि बुनियादी शिक्षा राष्ट्रीय सभ्यता, संस्कृति के नजदीक थी, साथ ही साथ ही साथ सामुदायिक जीवन के आधारभूत व्यवसायों से जुड़ी हुई थी तथा सीखे हुए आधारभूत शिल्प के द्वारा व्यक्ति अपने जीवन का निर्वाह कर सकता था। अतः यह शिक्षा हमारे जीवन की बुनियाद या आधार से जुड़ी हुई थी इसलिए इसका नाम बुनियादी या आधारभूत शिक्षा रखा गया।

उनकी शिक्षा का उद्देश्य लोगों को सर्वोदय की ओर ले जाना था। उनका कहना था कि बुनियादी शिक्षा शहर और गांव के संबंधों को स्वस्थ और नैतिकपूर्ण आधार देगी तथा इस प्रकार वर्तमान सामाजिक सुरक्षाएवम् वर्गों के विषाक्त संबंधों की अनेक बुराईयां को दूर करेगी। यह ग्रामों में शनेः शनैः हो रहे विनाश को भी रोकेगी तथा अधिक साधन और सुविध ााओं के मामले में सम्पन्न और विपन्न व्यक्तियों का कृत्रिम भेद मिट सकेगा। प्रत्येक व्यक्ति को रोजी-रोटी और स्वतंत्रता का अधिकार मिल सकेगा।[11]

सर्वप्रथम महात्मा गाँधी द्वारा भारतीय जीवन को दृष्टिगत रखते हुए वातावरण के अनुसार ऐसी शिक्षा योजना प्रस्तुत की गई जिसको कार्य रूप में परिणत करने पर भारतीय समाज में एक नया जीवन आने की संभावना है। महात्मा गाँधी हृदय से आदर्शवादी थे क्योंकि वे जीवन के अंतिम लक्ष्य सत्य को प्राप्त करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। महात्मा गाँधी को प्रयोजनवादी भी कह सकते है क्योंकि वे बालक की रूचि के अनुसार क्रिया करके सीखने पर बल देते हैं, उनको प्रकृतिवादी इसलिए कह सकते है क्योंकि वे बालक को उसकी शिक्षा दर्शन का विकास उनके प्रयोग द्वारा हुआ। 1948 में महात्मा गाँधी की मृत्यु के बाद देश में बुनियादी शिक्षा का कार्यक्रम चलता रहा। विभिन्न प्रदेशों ने विभिन्न प्रकार से उनका

क्रियान्वयन होता रहा। भारत सरकार ने श्री रामंचदन की अध्यक्षता में बुनियादी शिक्षा की स्थिति के मूल्यांकन हेतु एक समिति बनायी। तत्पश्चात कोठारी कमीशन (1964-66) का भी गठन किया गया।[12] उसके बाद भी अनेकानेक कमीशन शिक्षा क्षेत्र में गठित किये गये है। इन सभी के सुझावों ने बुनियादी शिक्षा की बढती प्रासंगिकता के महत्व को दृढ़ किया हैं। आज जो शिक्षा न केवल अपने देश में प्रत्युत पूरे विश्व में चल रही है उसका लक्ष्य समाज को दो वर्गों में बांटना है एक समृद्ध और दूसरा शोषित और गरीब। यह स्थिति चल नही सकती इसलिए ऐसी शिक्षा आवश्यक है जिससे मनुष्य की श्रम के प्रति निष्ठा हो, सबसे समानता का भाव हो।

सन्दर्भ सूची -

1. द कलेक्टेंड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खण्ड-18, पृ. 297-300
2. योजना (मासिक पत्रिका), अगस्त 1998, पृ. 27-34
3. सम्पूर्ण गांधी वाड्मय, खण्ड-18, पृ. 491-92
4. वही, खण्ड-21, पृ. 37
5. वही, खण्ड-66, पृ. 293-305
6. योजना, वही
7. (अ) रिपोर्ट ऑफ दी असेस्मेंट कमेटी आन बेसिक एजूकेशन, मिनिस्ट्री एजूकेशन, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन एण्ड सोशल वेल फेयर, 1957

   (ब) रिपोर्ट ऑफ दि एजुकेशन कमीशन (1964-66) पैरा 1.25
8. जैन, अलका, अहिंसा- एक अभिनव प्रशिक्षण तकनीक, रीगल पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2009
9. कौशिक, आशा, (सं.) गाँधी नयी सदी के लिए, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2000
10. कौशिक, आशा, गाँधी चिंतन (तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य) भाग-1, रूपा बुक्स, जयपुर, 1995
11. कमल के.एल. गाँधी चिंतन, जयपुर पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, 2009
12. सिंह, रामजी गाँधीजी और मानवता का भविष्य, कॉमन वेल्थ पेब्लिकेशन नई दिल्ली, 2009

सहआचार्य
अहिंसा एवं शांति विभाग
जैन विश्व भारती संस्थान
लाडनूं - 341306 (नागौर) राज.

शांति स्थापना में वर्तमान शांति शिक्षा का योगदान

डॉ. रवीन्द्र सिंह राठौड़

शांति स्थापना के सहायक तथा बाधक तत्त्व समाज में हमेशा विद्यमान रहते हैं। जहां बाधक तत्व समाज को दूषित करने का प्रयत्न करते हैं वही कुछ ऐसे तत्व भी है जो शक्तिशाली रूप में रहकर अशांति का साम्राज्य आने ही नहीं देते। यही तत्व शांति शिक्षा की नींव है। केवल बौद्धिक गुणों के विकास से ही शांति व युद्धरहित संसार की स्थापना नहीं की जा सकती। इसके लिए शांति व अहिंसा के महत्व को शिक्षा के हर पहलू व हर स्तर पर बढ़ावा देना होगा। चाहे इंजीनियरिंग का विद्यार्थी हो, मेडिकल का, प्रबन्धन का अथवा किसी अन्य शाखा का, सर्वप्रथम उसे एक नैतिक मानव बनाना होगा जिससे कि वह वर्तमान में प्रचलित अमानवीय यातनाओं को याद रखे परन्तु इसलिए नहीं कि उनका बदला आगामी पीढ़ी से लिया जाए, बल्कि इसलिए कि इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाये। साथ ही अपने क्षेत्र के जनमानस के विकास के लिए समाज में अपनी श्रेष्ठतम भूमिका निभाने में सक्षम हो सके। यह शिक्षा वास्तविक शिक्षा कहलाएगी। जिसका मूल शांति शिक्षा में निहित होगा।

समाज के निर्माण तथा विकास में शिक्षा की भूमिका अहम होती है। समाज का निर्माण व व्यक्ति का निर्माण शिक्षा ही करती है। अतीत में हमारे राष्ट्रीय गौरव का कारण हमारी शिक्षा व संस्कृति का अत्यधिक समृद्ध होना था उसके ही बल पर हमारी पहचान सम्पूर्ण विश्व तक थी। आज हमारी संस्कृति की पहचान लुप्त प्राय हो गई है। यदि शिक्षा में संस्कृति को नहीं समेटा गया तो भावी समाज का स्वरूप अत्यन्त विकृत होगा। इसलिए समस्त सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों को सहजकर शांति शिक्षा से संदर्भित प्रयास करना सामाजिक विकास के संदर्भ में लाभकर होगा।

'शांति' शब्द आकारिक दृष्टि से सूक्ष्म होने पर भी महत्व की दृष्टि से इतना विस्तृत है कि सम्पूर्ण विश्व का अस्तित्व ही इस पर निर्भर है। किसी भी कार्य, चाहे वह छोटा हो या बड़ा के संपादन हेतु शांति की भूमिका सर्वप्रमुख मानी जाती है। सर्वशक्ति सम्पन्न होने के बावजूद भी व्यक्ति सुखी नहीं रह पाता तो इसके मूल में शांति का अभाव ही दिखाई पड़ता है। यदि व्यक्ति का मन शांत होता है तो वह बाहरी वातावरण के अशांतिकारक तत्वों को जीत लेता है परन्तु यदि मन ही अशांत हो तो व्यक्ति कर्त्तव्य विमूढ़ता की स्थिति में आकर कई व्यक्तियों को मानसिक रूप से अशांत करते हुए समाज को विकृत कर देता है। अतः शिक्षा के द्वारा आंतरिक शांति के प्रयास करने होंगे। क्योंकि आंतरिक शांति होने पर ही विश्व शांति के प्रयास किये जा सकते हैं।[1]

यद्यपि विश्व विभिन्न भाषाओं व संस्कृतियों का संगम है, तथापि इनकी अभिव्यक्ति का माध्यम बौद्धिक प्राणी ही है। जो अपने विवेक से इन विविधताओं से एकता का सृजन करने की शक्ति रखता है। विविधता के कारण मतभेद उभरना सामान्य बात है। जहां तक ये मतभेद एक स्वस्थ प्रक्रिया के अन्तर्गत वाद-विवादों को जन्म देते हैं, वहां ये समाज के विकास में सहायक होते हैं, परन्तु जहां पर ये मतभेद प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं, वहां से समाज में हिंसा व अशांति को जीवनदान मिल जाता है।

वर्तमान समाज वैचारिक रूप से सर्वत्र प्रदूषित होता जा रहा है। क्योंकि हमारी शिक्षा भौतिकता पर आधारित हो गई है। शिक्षा के सभी उद्देश्यों को पीछे छोड़ते हुए एकमात्र धनोपार्जन का उद्देश्य शिक्षा पर हावी है, जिस कारण नैतिक मूल्यों का अस्तित्व समाप्ति के कगार पर है समस्या का समाधान हिंसा से खोजने के प्रयास किये जाते हैं। धनबल व बाहुबल-बुद्धिबल पर हावी हो गये हैं तथा सर्वत्र अशांति का साम्राज्य बढ़ा रहे हैं।

प्राचीन शिक्षा का बल नैतिकता पर होने के कारण सामाजिक वातावरण में अशांति लगभग नगण्य हुआ करती थी, क्योंकि अपराधों की संख्या नगण्य थी। आज भौतिकता इतनी हावी है कि अपराधों की शिक्षा दी जाती है और इन्हें रोकने के लिए इतने विभागों को सृजित करने के बाद भी अपराध बढ़ते जा रहे हैं। जिसका कारण यह है कि शांति स्थापना का जटिल कार्य कुछ संस्थाओं द्वारा नहीं किया जा सकता। शांति तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति को इस संदर्भ में जागरूक किया जाए। इसी उद्देश्य को लेकर यह अध्ययन किया गया है।

शांति का तात्पर्य सामंजस्य से है। अशांति वही उत्पन्न होती है जहां सामंजस्य नहीं बन पाता, यह बात दो व्यक्तियों से लेकर विश्व स्तर तक लागू होती है। वर्तमान भौतिकवादी समाज एक कृत्रिम समाज है। जहां छोटी-छोटी बातें विकट समस्या बनकर पनप रही हैं। समस्या का समाधान करने के दो ही मार्ग होते हैं- संघर्ष अथवा सहयोग। धैर्यवान तथा नैतिक दृष्टि से समृद्ध व्यक्ति ही सहयोग का मार्ग अपना सकता है। परन्तु वर्तमान सामाजिक परिवेश में नैतिक मूल्यों के लुप्त होने के कारण ही समाज की मानसिकता इतनी विकृत हो चुकी है कि प्रत्येक व्यक्ति संघर्ष को ही उपर्युक्त समझता है। आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद, सम्प्रदायवाद इसी के उदाहरण हैं।[2]

यद्यपि शांति की समस्या गंभीर है परन्तु ऐसा नहीं है कि इसका समाधान संभव न हो। शांति जीवन की अनिवार्यता है, शांतिपूर्ण वातावरण विकास के सहज अवसर प्रदान करता है। इसलिए इस समस्या को हल करने के प्रयासस्वरूप शांति शिक्षा दी जा सकती है। अशांति के कारण विकृत चिंतन होता है। यह राग-द्वेष, अहंकार, आलस्य जैसे दुर्गुणों के साथ व्यक्ति को पनपने ही नहीं देता।

शांति शिक्षा की आवश्यकता को देखते हुए माना गया है कि युद्ध विरोधी साधनों का विकास व खोज आवश्यक है। इन साधनों का उद्देश्य केवल युद्ध और हिंसा को समाप्त करना ही नहीं है अपितु सभी प्रकार की हिंसा और समाज में सभी स्तरों में शोषण को समाप्त करना है। अहिंसा हिंसा का विरोध मात्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सम्पूर्ण शक्ति है।

शांति शिक्षा का विचार सर्वप्रथम कोमेनियस ने 1667 में अपनी पुस्तक एंजेल ऑफ पीस में रखा था। उसके बाद सभी पाश्चात्य विचारकों ने शांति शिक्षा के प्रति अपने विचारों को प्रतिपादित किया। इसके बाद व्यावहारिक रूप में 20वीं शताब्दी में अमेरिका, रूस व नीदरलैण्ड ने इस शिक्षा को आम जन तक पहुंचाया। शांति शिक्षा का अर्थ शांति बनाये रखने के लिए लोगों को प्रशिक्षण देना। जिसमें मुख्यतः अशांति के खतरों को समझाया और उनको दूर करने के उपाय बताये।

शांति शिक्षा का जो स्वरूप वर्तमान में है उसका विकास द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद हुआ है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति के प्रति आदर्शों को व्यवहार में लाने हेतु नये संगठनों का उदय हुआ। यूनेस्को ने अन्तर्राष्ट्रीय समझ, सहयोग और शांति के लिए हमेशा प्रयासरत रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय समझ के प्रति घटती आशा के बावजूद परमाणु शस्त्रों के खतरे एवं शांति आंदोलनों के अनुभव इन दो तत्वों ने शांति के इस नये स्वरूप को उजागर किया।

शांति शिक्षा का कार्यक्रम केवल कुछ उच्च वर्ग तक सीमित रहा है तथा यह मानव समूहों तक पहुंचने में असफल रहा है। सम्पूर्ण शांति आंदोलन बौद्धिक व संगठनात्मक दोनों ही स्तरों पर यूरोप केन्द्रित रहा है। तीसरी दुनिया के व्यक्ति, संस्थाएं तथा संगठन परिधि में ही रहे हैं। परमाणु अस्त्र-शस्त्रों का खतरा तथा तीसरी दुनिया में भूख, कुपोषण, अविकास, सामाजिक अन्याय, आतंकवाद आदि मुद्दे अधिक महत्त्वपूर्ण रहे हैं। फलस्वरूप शांति शिक्षा की तरफ लोगों व राष्ट्रों का ध्यान कम गया है।[3]

वर्तमान शिक्षा इन दुर्बुद्धि व दुर्गुणों को दूर करने में असमर्थ है। यही कारण है कि शिक्षित व्यक्ति भी अशांत रहता है। परन्तु यदि शांति के उद्देश्य से ही शिक्षा प्रदान की जाए तो वह शांति स्थापना का एक महत्वपूर्ण उपकरण भी बन सकती है। इसी उद्देश्य से दी गई शिक्षा 'शांति शिक्षा' कहलाती है। जिसके सहारे घरेलू स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक शांति स्थापित की जा सकती है। शांति शिक्षा का उद्देश्य युद्ध के प्रति घृणा तथा शांतिपूर्ण जीवन के प्रति लगाव उत्पन्न करना होना चाहिए। शांति शिक्षा एक बहुआयामी प्रत्यय है। केवल बौद्धिक गुणों के विकास से ही एक शांत युद्धरहित संसार की स्थापना नहीं की जा सकती। वर्तमान भौतिकवादी युग में हमें विवेकानन्द की विचारधारा को लेकर शांति हेतु प्रयास करना

है। जिन्होंने कर्मयोग में कहा है कि सच्चा साधक वही है जो कोलाहल में शांति व शांति से कोलाहल का अनुभव करे।

शांति के लिए शिक्षा नैतिक विकास के साथ उन मूल्यों, दृष्टिकोण और कौशलों के पोषण पर बल देती है जो प्रकृति और मानव जगत के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए आवश्यक है। इसमें जीने का हर्ष, प्रेम, उम्मीद और साहस के आंतरिक संसाधनों के साथ व्यक्तित्व का सम्मान शामिल है। सामाजिक न्याय शांति शिक्षा का महत्वपूर्ण घटक है। समानता और सामाजिक न्याय जिसमें गरीबों, वंचितों, शोषितों के उत्पीड़न न किए जाने सम्बन्धी दृष्टिकोण पर जोर हो और जिसमें अहिंसा मूलक समाज व्यवस्था के विकास पर जोर हो, उसे शांति शिक्षा का आधार होना चाहिए। इसी तरह, मानव अधिकार शांति की अवधारणा का केन्द्रीय आधार है। अगर लोगों के अधिकारों का हनन हो तो शांति का वातावरण नहीं बना रह सकता। मानव अधिकार की बुनियाद गैर-भेदभावपूर्ण आचरण और समता है जो समाज में शांति की व्यवस्था कायम करने की दिशा में काम करती है। ये मुद्दे आपस में जुड़े हुए हैं, इस प्रकार शांति के लिए शिक्षा, कई मिले-जुले मूल्यों का योग है।

शांति शिक्षा का अर्थ

शांति शिक्षा का तात्पर्य ऐसी शिक्षा से है जो लोगों में दया, प्रेम, सहयोग तथा अहिंसा की भावना का सृजन कर एक शांतिपूर्ण एवं विवेकपूर्ण समाज का निर्माण कर सकें। जो व्यक्ति में अर्न्तदृष्टि, ज्ञान व कौशल का विकास करके एक शांत समाज के निर्माण में उसे उसकी भूमिका बताकर सक्रिय योगदान हेतु तत्पर कर सकें, जो विश्वबन्धुत्व का भाव स्थापित कर सके।

गुणा शेखर एवं पाठक (1999) द्वारा उद्धरित बेट्टी रीडन की परिभाषा के अनुसार शांति शिक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जिसका प्रयोग वर्तमान समय के विनाश अथवा वर्तमान समाज के सुधार हेतु किया जा सकता है। जिससे कि मानव समाज को अधिक न्यायपूर्ण व अहिंसात्मक बनाया जा सके।[4]

वाटसन (1992) ने शांति की परिभाषा देते हुए लिखा कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में नियम व व्यवस्थाओं का अस्तित्व ही शांति का सूचक है। दो विश्व युद्धों की विभिषिका को ध्यान में रखते हुए शांति शिक्षा का उद्देश्य युद्ध विरोधी आंदोलन के रूप में युद्धविहीन समाज की स्थापना करना है। इसके साथ-साथ मानवाधिकारों की सुरक्षा व उन्नति मानवीय आवश्यकताओं की संतुष्टि एवं राष्ट्रीय सत्ता को शक्तिशाली बनाने का उत्तरदायित्व भी शांति शिक्षा पर हो सकता है। पूंजीवादी देशों में इसका उद्देश्य मधुर अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की स्थापना करना होगा। जबकि समाजवादी देशों में शांति स्थापना का उद्देश्य आर्थिक, राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विकास करना होगा।

हम शांति को युद्ध एवं अणु शस्त्रों के संदर्भ में ही न देखें। शांति जो सभी राष्ट्रों के नागरिकों के लिए सुरक्षा व खुशहाली लाती है। युद्ध के अभाव से कही अधिक।[5]

यद्यपि शांति की समस्या गंभीर है, परन्तु ऐसी नहीं कि उसे सुलझाया न जा सके। महावीर और बुद्ध का अहिंसा दर्शन व गांधी की अहिंसा की अवधारणा इसके मुख्य स्रोत बन सकते हैं। सविनय अवज्ञा व असहयोग के रूप में विरोध प्रदर्शन की संकल्पना शांति शिक्षा के फलस्वरूप ही की जा सकती है। एक पक्ष के हिंसक होने पर यदि दूसरा पक्ष भी हिंसक हो जाए तो शांति की संभावनाएं शून्य हो जाती है। परन्तु यदि दूसरा पक्ष शांति बनाए रखे तो अशांति का अंत हो जाता है। शांति स्थापना के सहायता तथा बाधक तत्व समाज में हमेशा विद्यमान रहते हैं। जहां बाधक तत्व समाज को दूषित करने का प्रयत्न करते हैं वहीं कुछ तत्व ऐसे भी हैं जो शक्तिशाली रूप में रहकर अशांति का साम्राज्य आने ही नहीं देते। यही तत्व शांति शिक्षा की नींव है। केवल बौद्धिक गुणों के विकास से ही शांति व युद्धरहित संसार की स्थापना नहीं की जा सकती। इसके लिए शांति व अहिंसा के महत्व को शिक्षा के हर पहलू व हर स्तर पर बढ़ावा देना होगा। चाहे इंजीनियरिंग का विद्यार्थी हो अथवा मेडिकल का, प्रबन्ध का अथवा किसी अन्य शाखा का।

वर्तमान में शांति शिक्षा की आवश्यकता अत्यन्त है क्योंकि आज मानव अत्याधुनिक साधनोंका भोग कर रहा है। वही उसकी अशांति का कारण बन रहे हैं। कुछ समाज सुधारकों ने लिखा है कि "युद्ध और शांति मनुष्य के मस्तिष्क में पैदा होती है।" इस वाक्य से ऐसा लगता है कि ये दोनों मनुष्य स्वयं पैदा करता है। इसलिए मनुष्य को अपनी सुख समृद्धि व अस्तित्व को बचाये रखने के लिए शांति का मार्ग चुनना होगा। क्योंकि इस आधुनिक युग में यदि मनुष्य अशांति का शिकार हो गया तो उसके लिए पुनः शांति प्राप्त करना संभव नहीं है।

सन्दर्भ सूची

1. राय, वी.के. सिंह, कृष्णा (1992) पीस एजुकेशन वाट वाई एण्ड हाउ? द एज्यूकेशन रिव्यू, वाल्यूम XLVII No. 7, Page 101-104
2. रायनो, एच. और बेबी एच.ए. (1984) 'पीस एजुकेशन एज ए ट्रेक फॉर टीचर ट्रेनिंग एट द यूनिवर्सिटी, गांधीमार्ग, वाल्यूम 6 नं. 4, 5 पेज 380
3. डॉ. बच्छराज दूगड़, विश्व शांति व अहिंसा प्रशिक्षण, पृ. 69
4. गुना सेखरा, एस. और पाठक, डी.एन. (1992), पीस एजुकेशन : ए कन्टेम्प्रेरी परसप्रेक्टिस : द प्रोग्रेस ऑफ एजुकेशन, पेज 14-19
5. Encyclopedia Americana, New York (1976), p. 439.
6. रीडन, बैटी (1978) 'डिसआर्ममेंट एण्ड पीस एजुकेशन' प्रोसपेक्टस् वाल्यूम 8 नं. 4 पेज 380

सहायक आचार्य
अहिंसा व शांति विभाग
जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं

उत्तराध्ययन सूत्र की कथाओं में निहित मानवीय संवेदना का प्रतिपादन

डॉ. वंदना मेहता

मानव सृष्टि के प्रारम्भ से ही कथा प्रेमी रहा है। भारतीय साहित्य का अधिकांश भाग कथा साहित्य में गुंफित है। जिसमें एक से एक सुन्दर जीवन को बोध कराने वाली कथाएँ वर्णित हैं। इस साहित्य में जहां लोक-संस्कृति, लोक-जीवन, मानवीय मूल्य, मानव के कर्तव्य-अकर्तव्य के संबंध में स्पष्ट दिशाबोध प्राप्त होता है, वही ये कथाएं वर्तमान के समस्या-संकुल-मानव के लिए पथ-प्रदर्शक सिद्ध हो सकती हैं। कथा साहित्य में जैन कथा साहित्य का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। जैन कथा-साहित्य बहु-आयामी और व्यापक है। रूपक, आख्यान, संवाद, लघुकथाएं, एकांकी, नाटक, खण्डकाव्य, चरितकाव्य और महाकाव्य से लेकर वर्तमान कालीन उपन्यास शैली तक की सभी कथा-साहित्य की विधाएँ उसके अंतर्गत आ जाती हैं। जैन आगम ग्रंथों में मूलसूत्रों के अन्तर्गत कथा साहित्य की दृष्टि से अवलोकन किया जाये तो उसमें उत्तराध्ययनसूत्र का विशिष्ट स्थान है। इसमें शिक्षाप्रद, भावनात्मक एवं मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत अनेक कथाओं का समावेश है। उत्तराध्ययनसूत्र में मुख्य रूप से कपिल-मुनि कथानक, नमि राजर्षि कथानक, हरिकेशबल कथानक, चित्र-संभूत कथानक, इषुकारीय कथानक, संजय-राजर्षि कथानक, मृगापुत्र कथानक, समुद्रपालीय कथानक, रथनेमी कथानक, केशी-गौतम संवाद, जयघोष-विजयघोष कथानक प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त भी कई दृष्टान्त कथाओं का समावेश भी इस आगम ग्रन्थ में उपलब्ध होता है।

इन उपरोक्त कथाओं का सूक्ष्मता से अध्ययन करने पर कपिल कथानक में संसार की असारता से संबंधित, नमिराजर्षि कथानक में अनासक्ति से संबंधित,

हरिकेशीय में जाति की अतात्त्विकता या समानता से संबंधित मानवीय संवेदना, चित्र संभूतीय में त्याग-वृत्ति से संबंधित, इषुकारीय में काम भोगों से विरक्ति या अनासक्ति के विकास, संजयीय में क्षमा, मृगापुत्रीय में संयम इत्यादि अनेक प्रकार की मानवीय संवेदनाओं का दर्शन होता है। जिनका विस्तार से विवेचन करना ही प्रस्तुत शोध प्रपत्र का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही इन कथाओं में उद्धृत मानवीय संवेदनाओं की व्यावहारिक एवं सामाजिक जीवन में क्या उपयोगिता है? तथा आज की उभरती हुई अनेक समस्याओं के समाधान में किस प्रकार सहायक है, उसको भी प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

सातवें उरभ्रीय अध्ययन में अनासक्ति जैसे मानवीय मूल्य को उजागर किया गया है– जहां आसक्ति है, वहां दुःख है, जहां अनासक्ति है वहां सुख है। इन्द्रियां क्षणिक सुख की ओर प्रेरित करती है, पर वह सच्चा सुख नहीं होता। प्रस्तुत अध्ययन में पांच उदाहरणों के माध्यम से विषय को स्पष्ट किया गया है।

प्रथम उरभ्रीय नामक दृष्टान्त में जो विषय भोगों के कटु विपाक का दर्शन है, वह वैराग्य जैसे अनुपम मानवीय मूल्य की और निर्देश है। इसी प्रकार दूसरे-तीसरे काकिणी और आम्रफल के दृष्टान्तों के द्वारा अनासक्ति जैसे उच्चतम मानवीय मूल्य को प्रतिष्ठित करने का प्रयास हुआ है। अनासक्ति के संबंध में काकिणी का दृष्टान्त द्रष्ट्व्य है–

जहा कागिणिए हेउं सहस्सं हारए नरो।
अपत्थं अंबगं भोच्चा राया रज्जं तु हारए।।
एवं माणुस्सगा कामा देवकामाण अंतिए।
सहस्सगुणिया भुज्जो आउं कामा य दिव्विया।।[1]

अर्थात् जैसे कोई मनुष्य काकिणी के लिए हजार (कार्षापण) गंवा देता है, जैसे कोई राजा अपथ्य आम को खाकर राज्य से हाथ धो बैठता है, वैसे ही जो व्यक्ति मानवीय भोगों में आसक्त होता है, वह दैवी भोगों को हार जाता है।

दैवी भोगों की तुलना में मनुष्य के कामभोग उतने ही नगण्य हैं जितने कि हजार कार्षापणों की तुलना में एक काकिणी और राज्य की तुलना में एक आम। दिव्य-आयु और दिव्य काम-भोग मनुष्य की आयु और काम-भोगों से हजार गुना अधिक हैं।

उत्तराध्ययन सूत्र के आठवें अध्ययन कापिलीय में काश्यप पुत्र कपिल के कथानक में अनेक प्रकार के उत्कृष्टतम मानवीय मूल्यों का वर्णन हुआ है– ग्रन्थित्याग, संसार की असारता, अहिंसा विवेक, स्त्री संगम का त्याग आदि-आदि मानवीय मूल्यों पर चर्चा है, जैसे कापिलीय अध्ययन के प्रथम सूत्र में संसार की असारता एवं वैराग्य को उत्प्रेरित करने वाला सूत्र है–

अधुवे असासयम्मि संसारम्मि दुक्खपउराए
किं नाम होज्ज तं कम्मयं, जेणाहं दोग्गइं न गच्छेज्जा।[2]

अर्थात् अध्रुव, अशाश्वत और दुःख बहुल संसार में ऐसा कौन सा कर्म अनुष्ठान है, जिससे मैं दुर्गति में न जाऊं। इसी प्रकार वासना त्याग के संबंध में वर्णन इस अध्याय में मिलता है-

"सव्वं गंथं कलहं च, विप्पजहे तहाविहं भिक्खू
सव्वेसु कामजाएसु, पासमाणो न लिप्पई ताई।।[3]

भिक्षु कर्मबंध की हेतुभूत सभी ग्रंथियों का त्याग करे। कामभोगों के सब प्रकारों में दोष देखता हुआ वीतराग तुल्य मुनि उनमें लिप्त न बने। इसी ग्रन्थ के अगले सूत्रों में अहिंसा के महत्त्व को दर्शाया गया कि व्यक्ति को जीवों की हिंसा, प्राणवध आदि से बचना चाहिए। यहां अहिंसा को अतिसूक्ष्मता से उल्लिखित किया गया है– कि जगत् में जितने भी त्रस स्थावर जीव है उनके प्रति मन वचन काया से भी किसी भी प्रकार का दण्ड का प्रयोग न करे।[1] इस अध्याय में अहिंसा को अतिसूक्ष्म रूप से विवेचित किया गया है। आज की समस्याओं के सन्दर्भ में 'जीवों को न मारना' मांस न खाना आदि परिभाषाओं से अहिंसा का बहुत स्थूल रूप सामने आता है। अपितु सूक्ष्म दृष्टि से तो मन वचन काया से किसी का बुरा न सोचना ही अहिंसा का सम्यक् विवेचन है।

इससे स्पष्ट है कि कापिलीय अध्ययन में ब्रह्मचर्य, अहिंसा, वैराग्य आदि उच्च स्तर के मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठित किया गया है।

इस अध्ययन में उस सत्य के शोध की प्रेरणा है जिससे दुर्गति का अन्त हो जाए। सत्य-शोध में जो बाधाएं हैं उन पर भी बहुत सुन्दर प्रकाश डाला गया है। लोभ कैसे बढ़ता है, इसका स्वयं अनुभूत चित्र प्रस्तुत किया गया है। जहां लाभ है वहां लोभ है। ज्यों-ज्यों लाभ बढ़ता है त्यों-त्यों लोभ भी बढ़ता जाता है। द्रौपदी के चीर की भाँति वृद्धि पाने वाला यह लोभ सद्गुणों का नाशक सिद्ध हुआ है, कपिल केवली का कथानक इसी भूमिका पर खरा उतरता है लोभ से लिप्त कपिल का अन्तर्मानस कुछ इस प्रकार परिवर्तित हुआ कि उसका मन विरक्त हो गया। विरक्त-मन गृहस्थ से निर्ग्रंथ बन गया। दो माशा सोने की प्राप्ति के लिए कपिल घर से निकला था किन्तु उसकी तृप्ति करोड़ में भी नहीं हुई। तृष्णा अनन्त है। इसकी पूर्ति वस्तुओं की उपलब्धियों से नहीं होती, वह त्याग से, अनाकांक्षा से होती है। इसी कथानक में कपिल केवली के द्वारा साधुओं के लिए एक विशिष्ट उद्बोधन है। पूर्वजन्म के वृत्तान्त के साथ सूक्ष्म अहिंसा का भी सम्यक् प्रतिपादन हुआ है। प्रस्तुत कथानक आज के भौतिकता संकुल वातावरण में बहुत प्रेरणादायक है क्योंकि जहाँ हर व्यक्ति वर्तमान समय में अपने ही लाभ की बात करता है। परहित जहाँ गौण है। वह लोभ के वशीभूत किसी को भी धोखा दे सकता है। व्यक्ति इस कथानक के माध्यम से त्याग की चेतना को जगा सकता है।

जब साधक साधना की उच्चतर भूमिका पर पहुंच जाता है तो फिर उसे संसार के पदार्थ अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सकते। नमि राजर्षि का कथानक इसी भूमिका पर प्रतिष्ठित

है। मानव जीवन क्षणभंगुर है। हवा का तीक्ष्ण झौंका वृक्ष के पीले पत्ते को नीचे गिरा देता है। वही स्थिति मानव जीवन की है। वैराग्य को भी उत्कृष्टतम मानवीय मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया है। नमि राजर्षि की प्रबल वैराग्य भावना का सजीव चित्रण इस कथानक में हुआ है। जब नमि राजर्षि गृहस्थ आश्रम का त्याग कर मुनिधर्म के लिए उद्यत होते हैं तो इन्द्र उन्हें कहते हैं कि राजर्षि तुम इस महान् आश्रम को छोड़ अन्य आश्रम में जाना चाहते हो यह उचित नहीं है तब नमि राजर्षि ने कहा इसका सार है कि चाहे गृहस्थ में कितना ही तप किया जाये लेकिन श्रमण जीवन के आगे वह बहुत कम ही है। राजर्षि के अनुसार यदि महिने-महिने का तप कर पारणे में कुशाग्र मात्र आहार ग्रहण करने वाला गृहस्थ मुनिधर्म की सोलहवीं कला भी प्राप्त नहीं कर सकता। जहां अनेक है, वहां संघर्ष, दुःख, पीड़ा और रागादि दोष है, जहां एक है, वही सच्ची सुख-शांति है। जहां केवल एकत्वभाव है, आत्मभाव है, वहां दुःख नहीं है। इस प्रकार राजा के मन में विवेकमूलक वैराग्यभाव जागा। इस तरह उत्कृष्ट वैराग्य जैसे मानवीय मूल्य का प्रतिपादन प्रस्तुत कथा में प्राप्त होता है।

संयम जैसे उत्कृष्ट मानवीय मूल्य का विशद् विवेचन इस कथानक में हुआ। इस कथानक में नमि-राजर्षि द्वारा अकस्मात् प्रव्रज्या ग्रहण करने का समाचार जब स्वर्ग के देवों द्वारा सुना जाता है तब वे स्वयं देवेन्द्र ब्राह्मण का वेश बनाकर नमि राजर्षि की परीक्षा हेतु उपस्थित होते हैं तब 10 प्रश्न लोकजीवन से सम्बन्धित उनसे पूछते हैं। उन दस प्रश्नों में से उनका नवम प्रश्न हिरण्य तथा भण्डार वृद्धि करने के सम्बन्ध में यह था—

हिरण्णं सुवण्णं मणिमुत्तं कंसं दूसं च वाहणं।
कोसं वड्ढावइत्ताणं तओ गच्छसि खत्तिया।।[4]

अर्थात् हे! क्षत्रियप्रवर पहले आप चांदी, सोना, मणि, मुक्ता, कांसे के पात्र वस्त्र वाहन और कोश भण्डार की वृद्धि करके तत्पश्चात् प्रव्रजित होना। तब नमि राजर्षि देवेन्द्र से इस प्रकार कहते हैं—

सुवण्ण रुप्पस्स उ पव्वया भवे सिया हु केलाससमा असंखया।
नरस्स लुद्धस्स न तेहिं किंचि इच्छा उ आगाससमा अणंतिया।।[5]

कदाचित् सोने और चांदी के कैलाशपर्वत के तुल्य असंख्य पर्वत हो जाएं (मिल जाए) फिर भी लोभी मनुष्यों की उनमें किंचित भी तृप्ति नहीं होती, क्योंकि (मनुष्य की) इच्छा आकाश के समान अनन्त होती है। इससे भी आगे कहते हैं—

पुढवी साली जवा चेव हिरण्णं पसुभिस्सह।
पडिपुण्णं नालमेगस्स इइ विज्जा तवं चरे।।[6]

अर्थात् सम्पूर्ण पृथ्वी, शाली धान्य, जौ तथा दूसरे धान्य एवं समस्त पशुओं सहित (समग्र) स्वर्ण, ये सब वस्तुएं एक की भी इच्छा को परिपूर्ण करने में समर्थ नहीं है-यह जानकर

विद्वान साधक तपश्चरण करे। इस प्रकार आत्म संयम एवं संतोष जैसे मानवीय मूल्यों की इस कथानक में उच्च भूमिका में प्रस्तुति हुई है।

अग्रिम बारहवें अध्याय में हरिकेशी मुनि के कथानक के द्वारा समानता जैसे महत्त्वपूर्ण मानवीय मूल्य को उजागर किया है। हरिकेशी मुनि एक मास तप कर जब राजा कौशिक के यहां भिक्षा के लिए आते हैं तो प्रथमतः तो ब्राह्मण कुमार मुनि की अवहेलना करते हैं क्योंकि वे जाति से चाण्डाल थे। बाद में उनसे प्रभावित हो उन्हीं से मार्गदर्शन लेते हैं। इससे जाति की अतात्त्विकता या दूसरे शब्दों में कहा जाए तो समानता जैसे श्रेष्ठ मानवीय मूल्य को प्रतिष्ठापित करने का प्रयास हुआ है इस कथा में यह पूर्ण रूप से स्पष्ट हो जाता है कि व्यक्ति जाति से नहीं अपितु अपने कृत्यों से महान् होता है। इसके अतिरिक्त इस अध्याय में जो हरिकेश मुनि और वरिष्ठ ब्राह्मणों के मध्य वार्तालाप हुआ उनमें भी मूल्यों को प्रतिस्थापित किया गया। इस अध्याय के 40वें सूत्र में ब्राह्मण कुमारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि कुशल पुरुषों ने श्रेष्ठ यज्ञ का विधान किस प्रकार किया है तो मुनि हरिकेशी द्वारा जो समाधान दिया है वह अनेक मानवीय मूल्यों को एक साथ प्रकाश में लाने वाला है। मुनि कहते हैं कि मन और इन्द्रियों का दमन, छः जीव की हिंसा नहीं करना, असत्य और अचौर्य का सेवन नहीं करना, परिग्रह, स्त्री, मान और माया का परित्याग कर विचरण करना ही श्रेष्ठ यज्ञ है। इसमें संयम, अहिंसा, सत्य, अचौर्य एवं ब्रह्मचर्य जैसे मानवीय मूल्य उद्धृत हुए हैं।

चौदहवें अध्ययन में भृगु पुत्रों का अपने पिता से जो संवाद हुआ उसमें अनेक प्रकार के मानवीय मूल्यों की स्थापना हुई है। पिता ब्राह्मण-संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर बातें करता है और दोनों पुत्र श्रमण-संस्कृति की भित्ति पर चर्चा करते हैं। अन्त में पुरोहित को संसार की असारता और क्षणभंगुरता पर विश्वास पैदा हो जाता है और उसका मन संवेग से भर जाता है। इस अध्याय में मनुष्य जीवन की अनित्यता, संयम का महत्त्व, कामभोगों को चिरकाल तक दुःख का कारण मानते हुए ब्रह्मचर्य के महत्त्व को उजागर किया गया है। संयम और ब्रह्मचर्य के महत्त्व को उजागर करने वाले ये श्लोक हृदयस्पर्शी है—

वेया अहीया न भवंति ताणं भुत्ता दिया निंति तमं तमेणं।
जाया य पुत्ता न हवंति ताणं को णाम ते अणुमन्नेज्ज एयं।।
खणमेत्तसोक्खा बहुकालदुक्खा पगाम दुक्खा अणिगामसोक्खा
संसारमोक्खस्स विपक्खभूया खाणी अणत्थाण उ कामभोगा।।[7]

अर्थात् वेद पढ़ने पर भी वे त्राण नहीं होते। ब्राह्मणों को भोजन कराने पर वे अन्धकारमय नरक में ले जाते हैं। और पुत्र भी त्राण नहीं होते। इसलिए आपने कहा उसका अनुमोदन कौन कर सकता है ?

ये कामभोग क्षण भर सुख और चिरकाल दुःख देने वाले हैं, बहुत दुःख और थोड़ा सुख देने वाले हैं, संसार-मुक्ति के विरोधी हैं और अनर्थों की खान हैं। इस प्रकार हम कह सकते

है कि इषुकारीय नामक अध्ययन में भी मानवीय मूल्यों को सुन्दर रूप से प्रतिपादित किया गया है।

अठारहवें अध्ययन संजयीय में राजा संजय द्वारा मृगों को मारने, भयग्रस्त होने, मुनि द्वारा अभयदान दिये जाने एवं तत्पश्चात् अहिंसा जैसे मानवीय मूल्य को प्रतिष्ठित किया गया। कहानी को यहां विस्तार से प्रतिपादित नहीं किया जा रहा है। साथ ही अभयदान के महत्त्व को विशेष रूप से प्रतिपादित किया गया है। इस अध्याय में राजा संजय को मुनि द्वारा दिये गये उपदेश में अहिंसा के भी अनेक मानवीय मूल्य प्रकाश में आए हैं जैसे संसार की असारता के संबंध में मुनि कहते हैं–

जीवियं चेव रूवं च विज्जुसंपायचंचलं
जत्थं तं मुज्झसी रायं पेच्चत्थं नावबुज्झसे।।[8]

अर्थात् राजन्! तूं जहां मोह कर रहा है वह जीवन और सौन्दर्य बिजली की चमक के समान चंचल है। तू परलोक के हित को क्यों नहीं समझ रहा?

दाराणि य सुया चेव मित्ता य तह बंधवा।
जीवंतमणजीवंति मयं नाणुव्वयंति य।।[9]

स्त्रियां, पुत्र, मित्र और बान्धव जीवित व्यक्ति के साथ जीते है किन्तु वे मृत के पीछे नहीं जाते। इस प्रकार इस अध्याय में अहिंसा, अभयदान, संसार की असारता जीवन की क्षणभंगुरता को प्रकट करते हुए वैराग्य को पुष्ट करने का उपदेश दिया गया है।

मृगापुत्र नामक उन्नीसवें अध्याय में बलभद्र एवं रानी मृगावती का पुत्र जो मृगापुत्र के नाम से प्रसिद्ध हुआ की कथा का विवेचन है। इस कथा में मुनि को देख मृगापुत्र को जातिस्मृति ज्ञान एवं वैराग्य हो जाता है। वह अपने माता-पिता से प्रव्रज्या ग्रहण करने की अनुमति मांगता है तो उसे माता-पिता अनेक प्रकार के प्रलोभन एवं बातों द्वारा समझाने का प्रयास करते हैं परन्तु मृगापुत्र अपने प्रत्युत्तरों के द्वारा अपने दृढ़ वैराग्य को प्रकट करने में सफल होते हैं। मृगापुत्र अपने माता पिता को संतुष्ट कर संयम जीवन की अनुमति लेने हेतु जो संवाद करते हैं वह पूरा ही संयम, वैराग्य, असार संसार, अनासक्ति, तप जैसे मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठित करता है। इनमें से किंचित्/कुछ अंश को यहां उद्धृत करना समीचीन प्रतीत होता है। जैसे–

इमं सरीरं अणिच्चं असुइं असुइसंभवं।
असासयावासमिणं दुक्खकेसाण भायणं।। 19.12
जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं रोगा य मरणाणि य।
अहो दुक्खो हु संसारो जत्थ कीसंति जंतवो।। 19.15

खेत्तं वत्थुं हिरण्णं च पुत्तदारं च बंधवा।
चइत्ताणं इमं देहं गंतव्वमवसस्स मे।। 19.16
जहा किंपागफलाणं परिणामो न सुंदरो।
एवं भुत्ताण भोगाणं परिणामो न सुंदरो।।19.17[10]

अर्थात् यह शरीर अनित्य है, अशुचि है, अशुचि से उत्पन्न है, आत्मा का यह अशाश्वत आवास है तथा दुःख और क्लेशों का भाजन है।

जन्म दुःख है, बुढ़ापा दुःख है, रोग दुःख है और मृत्यु दुःख है। अहो! संसार दुःख ही है, जिसमें जीव क्लेश पा रहे हैं।

भूमि, घर, सोना, पुत्र, स्त्री, बान्धव और इस शरीर को छोड़कर मुझे अवश हो चले जाना है।

जिस प्रकार किम्पाक-फल खाने का परिणाम सुन्दर नहीं होता उसी प्रकार भोगे हुए भोगों का परिणाम भी सुन्दर नहीं होता।

माता-पिता एवं पुत्र के इस संवाद से भी संयम, तप एवं साधना के महत्त्व को दर्शाया गया है। इस प्रकार इस अध्याय में भी मानवीय मूल्यों की गहन चर्चा हुई है।

इक्कीसवें अध्याय समुद्रपालीय में पालित नामक सार्थवाह के पुत्र समुद्रपाल का कथानक है। समुद्रपाल वध के लिए ले जाते हुए एक व्यक्ति को देख विरक्त हो जाता है। इस अध्याय में संयम के साथ-साथ आत्मानुशासन जैसे मानवीय मूल्य का विवेचन हुआ।

बाइसवें अध्ययन में रथनेमी कथानक में अनासक्ति के विकास, एवं नारी सम्मान जैसे मानवीय मूल्यों का अद्‌भुत चित्रण हुआ है। इस कथा में राजीमती ने रथनेमि को वमन के उदाहरण से प्रतिबोधित किया। जो पुरुष स्त्री के रूप पर अनुरक्त होता है उसे तर्कबुद्धि से प्रतिबोध दिया जाता है।[11] इस कथानक में नारी के तेजस्वी रूप का प्रतिपादन हुआ है कि उस युग में भी नारी पुरुष की कामना, वासना के प्रवाह को अपने सौन्दर्य का बलिदान करके भी मोड़ दे सकती थी और उत्सर्ग करने में पीछे नहीं रहती थी। इस तरह प्रतिबोध देने की परम्परा प्राचीन साहित्य में व्यापक रूप से प्रचलित थी। जैसे—णायाधम्मकहाओ में मल्ली कथानक इसी भूमिका पर आधारित है। नारी वासना की दासी नहीं, किन्तु उपासना की ओर बढ़ने वाली प्रेरणा की स्रोत भी है। इस कथा में नारी की प्रतिष्ठा को उजागर किया गया। तथा राजीमती द्वारा नारी की श्रेष्ठता को बतलाया गया है कि जिस प्रकार पुरुष का चैतन्य अपने भविष्य निर्माण की शक्ति रखता है उसी प्रकार नारी की आत्मा भी।

प्रस्तुत कथानक में न केवल अनासक्ति के विकास अपितु नारी सम्मान जैसे मानवीय मूल्यों की स्थापना हुई हैं तथा जीव संरक्षण, अहिंसा, त्यागवृत्ति, करुणा जैसे मानवीय मूल्यों की स्थापना भी अरिष्टनेमि द्वारा की जाती है। जब अरिष्टनेमि राजीमती से विवाह करने के लिए प्रस्थित होते हैं। उसी समय वध के लिए ले जाते हुए दीन पशुओं की चीत्कार सुनाई

देती है। पूछने पर पता चलता है कि वे उनके विवाह में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों के लिए भोज्य बनेंगे। सारथी का बहुत जीवों के वध का प्रतिपादक वचन सुनकर जीवों के प्रति सकरुण अरिष्टनेमि ने सोचा 'यदि मेरे निमित्त से इन बहुत से जीवों का वध होने वाला है तो यह परलोक में मेरे लिए श्रेयस्कर नहीं होगा[12] और तुरन्त प्रव्रज्या के लिए तत्पर हो जाते हैं। निश्चित ही एक करुणा का पुजारी अहिंसक चेतना का धनी जिसमें त्याग की चेतना जैसे मानवीय मूल्य हो वही व्यक्ति इस प्रकार भोग मार्ग को छोडकर संयम मार्ग में प्रविष्ट हो सकता है।

पचीसवां अध्ययन यज्ञीय में अनासक्ति का विकास, समानता, समता आदि मानवीय मूल्यों पर आधारित है। इस कथानक में जयघोष मुनि द्वारा विजयघोष ब्राह्मण को उद्बोधित किया जाता है। एक बार जब मुनि जयघोष 'एक रात्रिकी' प्रतिमा को स्वीकार कर महीने की तपस्या के बाद पारणे के दिन विजयघोष के यज्ञवाट में भिक्षा लेने के लिए पहुंचते हैं तब विजयघोष उन्हें भिक्षा देने के लिए मना कर देते हैं तब मुनि जयघोष समभाव का आचरण करते हुए स्थिर चित्त हो, भोजन पाने के लिए नहीं किन्तु याचकों को सही ज्ञान कराने लिए कई तथ्य प्रकट करते हैं–मुनि को भोजन के लिए, पान के लिए, वस्त्र के लिए, वसती के लिए आदि-आदि कारणों से धर्मोपदेश नहीं देना चाहिए, किन्तु केवल आत्मोद्धार के लिए ही उपदेश देना चाहिए। इसी तथ्य को स्पष्टता से व्यक्त करते हुए जयघोष मुनि ब्राह्मण विजयघोष से कहते हैं–

''मुनि न अन्न के लिए, न जल के लिए, न किसी अन्य जीवन निर्वाह के साधन के लिए, लेकिन मुक्ति के लिए धर्मोपदेश देते हैं। मुझे भिक्षा से कोई प्रयोजन नहीं। तुम निष्क्रमण होकर मुनि जीवन को स्वीकार करो। भोग आसक्ति है और अभोग अनासक्ति है। आसक्ति संसार है और अनासक्ति मोक्ष। मिट्टी के दो गोले हैं। एक गीला और दूसरा सूखा। जो गीला होता है वह भित्ति से चिपक जाता है और जो सूखा होता है वह नहीं चिपकता। इसी प्रकार जो व्यक्ति आसक्ति से भरा है, कर्म, पुद्गल उसके चिपकते हैं और जो अनासक्त है, कर्म उसके नहीं चिपकते। बाह्य चिह्न, वेष आदि आन्तरिक पवित्रता के द्योतक नहीं हैं। बाह्य-लिंग सम्प्रदायानुगत अस्तित्व के द्योतक मात्र हैं। मुंडित होने मात्र से कोई श्रमण नहीं होता। ओंकार का जाप करने मात्र से कोई ब्राह्मण नहीं होता, अरण्य में रहने मात्र से कोई मुनि नहीं होता, दर्भ-वल्कल आदि धारण करने मात्र से कोई तापस नहीं होता।''

''समभाव से समण होता है, ब्रह्मचर्य का पालन करने से ब्राह्मण, ज्ञान से मुनि और तपस्या से तापस होता है। जातिवाद अतात्त्विक है। अपने अपने कार्य से व्यक्ति ब्राह्मण आदि होता है। जाति कार्य के आधार पर विभाजित है, जन्म के आधार पर नहीं। मनुष्य कर्म से ब्राह्मण होता है, कर्म से क्षत्रिय, कर्म से वैश्य, कर्म से शुद्र।

आज विश्व का स्वरूप बदल गया है। समाज के मानदण्डों में परिवर्तन हो रहा, अपनी संस्कृति के प्रति अनास्था का भाव जागृत हो रहा है, मूल्यों का ह्रास हो रहा है, संस्कारों का

अभाव हो रहा है। प्रस्तुत प्रपत्र में जैन धर्म के एक महत्त्वपूर्ण आगम ग्रन्थ उत्तराध्ययन की कथाओं में मानवीय मूल्य पर जो चिंतन किया गया है वह वर्तमान की समस्याओं के निराकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उत्तराध्ययन का जैन वाङ्मय में महत्त्व तो सर्वविदित है। लेकिन व्यापक दृष्टि से कहा जाए तो उत्तराध्ययन की कथाओं का महत्त्व सभी क्षेत्रों में है चाहे वह लोकनीति, सामाजिक शिष्टाचार, अनुशासन, अध्यात्म, वैराग्य, इतिहास, पुराण, कथा, दृष्टान्त और तत्त्वज्ञान है। उत्तराध्ययनसूत्र की कथाओं में वर्णित मानवीय मूल्यों का सामाजिक एवं व्यावहारिक जीवन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो उत्तराध्ययनसूत्र में समानता के सिद्धान्त का प्रतिपादन एवं जातिवाद के सिद्धान्तों का खण्डन किया गया हैं जिसका ज्वलंत उदाहरण है हरिकेशी मुनि की कथा। व्यावहारिक जीवन से संबंधित—विनम्रता, शिष्टाचार, कैसे बोलना, कैसे बैठना, कैसे खड़े होना, कैसे सीखना, समझना इत्यादि बातों की उत्तराध्ययन की कथाओं में काफी गंभीरता से चर्चा हुई है। वर्तमान की ज्वलंत समस्याओं में हिंसा, आतंक, भय, बलात्कार इत्यादि का समाधान भी उत्तराध्ययन की कथाओं में वर्णित मानवीय मूल्यों जैसे—अहिंसा, अभय, विषय वासनाओं का त्याग, समानता के सिद्धान्त, वैराग्य आदि के माध्यम से किया गया है।

सन्दर्भ सूची -

1. उत्तराध्ययन, 7.11-12
2. उत्तराध्ययन, 8.1
3. उत्तराध्ययन, 8.4
4. उत्तराध्ययन, 9.46
5. उत्तराध्ययन, 9.48
6. उत्तराध्ययन, 9.49
7. उत्तराध्ययन, 14.12-13
8. उत्तराध्ययन, 18.13
9. उत्तराध्ययन, 18.14
10. उत्तराध्ययन, 19. 12, 15-17
11. उत्तराध्ययन, 22.41-52
12. उत्तराध्ययन, 22. 17-19

सहायक आचार्य

प्राच्य विद्या एवं भाषा विभाग

जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

वनस्पतिकाय का शारीरिक उपकार

समणी ज्योतिप्रज्ञा

उपकार की दृष्टि से ठाणं सूत्र में तीन प्रकार के वृक्षों का उल्लेख है-

1. पत्रों वाले
2. पुष्पों वाले
3. फलों वाले।[1]

इसी के आधार पर पत्रों सम पुरुष को अल्प उपकारी, पुष्पों सम पुरुष को विशिष्ट उपकारी और फलों सम पुरुष को विशिष्टतर उपकारी कहा गया है। वनस्पति तीनों प्रकार से प्राणी की उपकारी है। जीवन के तीन महत्त्वपूर्ण स्तंभ हैं, जिनमें धरती को खनिज-प्रदात्री, सूर्य को ऊर्जाप्रदाता तथा वनस्पति को सर्वप्रदात्री कहा गया है। प्रकृति का महान संदेश है-परोपकार। वनस्पतियां मनुष्य के उपकार में लीन हैं। चाणक्य ने कहा-**परोपकार ही जीवन है**। परोपकार ईश्वरप्राप्ति का मार्ग है। परोपकार से ही जीवन की शोभा व महिमा बढ़ती है। कबीर ने कहा है-**वृक्ष अपने फल नहीं खाते**। उनके फलों का अपार वैभव दूसरों के लिए ही है। वनस्पति अनेक प्रकार से उपयोगी है। वनस्पति के उपकार को शारीरिक स्वास्थ्य, भौतिक सुविधा व आध्यात्मिक उत्थान-इन तीन दृष्टियों से वर्णित किया जा सकता है। प्रस्तुत निबंध में मुख्यतः वनस्पति का शारीरिक दृष्टि से उपकार प्रस्तुत किया जा रहा है।

1. शारीरिक स्वास्थ्य

शरीर की परिभाषा में लिखा गया है-**सुखदुःखानुभवसाधनं शरीरं**[2] अर्थात् सुख-दुःख के अनुभव का साधन शरीर है। जो प्रतिक्षण जीर्ण शीर्ण होता रहता है, उसे शरीर कहते हैं।[3] औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण[4]-इन पांच प्रकार के शरीरों में मुख्यतः औदारिक शरीर ही वनस्पति से लाभान्वित होता है। स्वस्थ को पारिभाषित करते हुए कहा गया-

समदोषः समाग्निश्च, समधातुमलक्रियः।
प्रसन्नात्मेन्द्रियमना स्वस्थ इत्यभिधीयते।।[5]

जिसके त्रिदोष समान हों, अग्नि व धातुएं सम हों, मलक्रिया सही हो, जिसकी आत्मा, इंद्रिय और मन प्रसन्न हों, वह स्वस्थ है। इसके विपरीत दोषों, अग्नि व धातुओं की विषमता को रोग कहा है।[6] सुश्रुतसंहिता के अनुसार पुरुष को जिनके संयोग से दुःख होता है, उनको व्याधियां कहते हैं।[7] वे चार प्रकार की हैं[8]-

1. **आगंतुक रोग**-प्रेतबाधा व शस्त्र आदि के अभिघातरूप कारणों से उत्पन्न रोग।

2. **शारीरिक रोग**-अन्नपान के कारण एवं वात, पित्त, कफ और रक्त इनसे एवं इनके सन्निपातरूप में विषमता से उत्पन्न रोग।

3. **मानसिक रोग**-क्रोध, शोक, भय, ईर्ष्या, काम, लोभ, इच्छा, द्वेष आदि से उत्पन्न रोग। चरक- संहिता के सूत्रस्थान में रज व तम को मानस दोष कहा है।[9]

4. **स्वाभाविक रोग**-भूख, प्यास, वृद्धावस्था, मृत्यु, निद्रा आदि रोग।

औषधि का स्वरूप एवं महत्त्व

औषधि की सामान्य व्याख्या है-**ओषधयः फलपाकान्ताः**[10] अर्थात् जिनके फल पकते हैं। सायण के अनुसार **ओषः पाकः फलपाकः यासु धीयते इति ओषधयः** अर्थात् जिनके फल पकते हैं, उन्हें औषधि कहते हैं। महर्षि चरक ने साधारण औषधियों को चूर्ण, अर्क, अवलेह, घृत, भस्म आदि 45 भागों में विभक्त किया है। आयुर्वेद में प्रभावशाली और रसायन औषधियों में हरीतकी व आंवला-इन दो को सर्वोत्कृष्ट माना गया है। हरीतकी उष्णवीर्य व आंवला शीतवीर्य है। चरक के अनुसार रोग निवारक द्रव्यों में हरीतकी सबसे प्रधान है। **हरीतकी मनुष्याणां मातेव हितकारिणी, कदाचित् कुप्यत माता, नोदरस्था हरीतकी** अर्थात् हरड़ माता की तरह हितकारिणी है, कदाचित् माता कुपित हो सकती है, किन्तु उदरस्थ हरड़ नहीं। आंवले को अमृतफल, पुण्यफल व सर्वगुणसंपन्न कहा है। आंवले में सर्वाधिक रोगप्रतिरोधक क्षमता है। यह विटामिन सी का भंडार है। वनस्पति चिकित्सा में फल चिकित्सा, पुष्प चिकित्सा, मेवा चिकित्सा, अनाज चिकित्सा, मसाला चिकित्सा आदि के सम्यग् प्रयोगों से अतीत में आशातीत सफलता प्राप्त हुई है और भविष्य में भी प्राप्त होती रहेगी।

फल चिकित्सा

मौसम के अनुसार प्राप्त होने वाले फलों का स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्व है। अनार, अमरुद, अंगूर, बेर, लकुच, नारंगी आदि हजारों फलों में आम को फलों का राजा कहा गया है। आम की कलमी, देशी, हाफुस, लंगड़ा आदि सैंकड़ों जातियां होती हैं। आम के मीठे रस में विटामिन **ए** और **सी** दोनों प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। विटामिन **ए** बाहरी कीटाणुओं के प्रभाव से रक्षा करता है तथा विटामिन **सी** चर्म रोगों को नष्ट करता है।[11] फलों में अंगूर

को उत्तम व निर्दोष कहा गया है। यह रोगी-निरोगी, बाल-वृद्ध, सबल-निर्बल सबके लिए उपयोगी है।[12] ब्रिग्रेडियर सर जयन्सी-जाइन्ट एम. डी. का कथन है कि अनार की जड़ की छाल के समान कृमियों को नष्ट करने वाली दूसरी दवा नहीं है।[13]

पुष्प चिकित्सा

पुष्पों की सुगंधी से की गई चिकित्सा **एरोमा थेरापी** कहलाती है। पुष्प चिकित्सा का कोई भी दुष्प्रभाव नहीं है। **पुष्पायुर्वेद** तथा आचार्य उग्रादित्य रचित **कल्याणकारक** के अनुसार अठारह हजार जाति के फूलों का उपयोग चिकित्सा क्षेत्र में होता है। जैसे-कमल, केवड़ा, गुलाब, चंपा, सौंफ, गेंदा, चमेली, केसर, अशोक आदि। गुड़हल का फूल रक्तशोधक तथा गुलाब से निर्मित गुलकंद शीतल पित्तनाशक होता है।

मेवा चिकित्सा

भोजन में सूखे मेवों का काफी महत्त्व है। इनमें चिकनाई की मात्रा अधिक होती है। ये खनिज लवण, प्रोटीन विटामिन के पर्याप्त भंडार हैं। शारीरिक व मानसिक शक्ति को विकसित करते हैं। काजू, बादाम, छुहारा, पिस्ता, अखरोट, मुनक्का आदि अनेक रोगों को नियंत्रित करते हैं। मुनक्का को ड्राईफ्रूट का राजा कहा जाता है। यह रक्तवर्धक तथा त्रिदोषनाशक है। इटली में मेसिना (Messina) के रिसर्च इंस्टीट्यूट, पोलिक्लीनिक यूनिवर्सिटी में कार्यरत एक वैज्ञानिक ने लिखा है कि बादाम के छिलके में ऐसे केमिकल्स होते हैं, जो W. B. C. को बढ़ाते हैं। वजन व कोलेस्टोरल को कम करते हैं। छिलके सहित बादाम खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है। दिनभर ताजगी बनी रहती है। बादाम प्रोटीन का पावर हाउस है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में फूड वैज्ञानिक ने नई खोज की है कि बादाम में 20 प्रतिशत केलोरी कम पाई गई है।[14] बादाम तेल से कब्ज दूर होती है। हाल ही में अमेरिका में 14 वर्षों के शोध से ज्ञात हुआ है कि नट्स हृदय रोग को कम करता है। उन्होंने 34 से 59 वर्षीय तथा 80,000 महिलाओं पर यह प्रयोग किया, जो महिलाएं प्रति सप्ताह 150 ग्राम नट्स का सेवन करती थी, उनमें कोरोनरी हृदय रोग की 35 प्रतिशत संभावना कम हो गई।[15]

अनाज चिकित्सा

गेहूं, चावल, ज्वार, उड़द, अरहर, मूंग, मक्का, चना, मटर आदि भूख को तो शांत करते ही हैं, किंतु अनेक रोगों की भी चिकित्सा करते हैं। एक अमेरिकन महिला Wheat Grass Juice से असाध्य रोग ठीक करती है। गेहूं का चौकर कब्जनिवारक, मधुमेह निवारक तथा मोटापा दूर करने में उपयोगी है।

मसाला चिकित्सा

एक समय ऐसा था जब मसाले केवल भारत में ही सुलभ थे। भारत मसालों का निर्यातक देश है। मसाले न केवल भोजन को स्वादिष्ट बनाते हैं किन्तु अनेक रोगों के निवारण में भी उपयोगी हैं। दालचीनी, अजवायन, जीरा, लोंग, सौंफ, मेथीदाना, सोंठ, हल्दी, राई, हींग आदि

मसाले रसोईघर की शोभा हैं। हल्दी एन्टीसेप्टिक, जीरा रक्तवर्धक, मेथी, अजवायन, हींग आदि वायुनिरोधक हैं। इलायची को मसालों की रानी कहा गया है।

आगंतुक रोग व वनस्पति

तेषामागन्तवोऽभिघातनिमित्ताः[16] शस्त्र आदि के अभिघात आदि से उत्पन्न तथा भूत लगने, विषभक्षण, अग्नि में जलने आदि से आगंतुक रोग उत्पन्न होते हैं। अशुभकर्मोदय से कभी भी, कोई भी आगंतुक रोग का शिकार हो सकता है। त्रिलोक में उत्तम, विशिष्ट अतिशयधारी तीर्थंकर की आत्माएं, जो धातुक्षोभ से उत्पन्न रोगों से स्पृष्ट नहीं होती, किन्तु आगंतुक रोगों से वे भी कदाचित् स्पृष्ट हो जाती हैं। भगवान महावीर का साधना काल आगंतुक रोगों की एक लंबी कहानी है। उनके जीवन में उत्कृष्ट कष्ट ग्वाले द्वारा कानों में कीले ठोकना था। उस वेदना से भगवान का शरीर नीला पड़ना शुरू हो गया। जब सिद्धार्थ ने यह देखा तो खरक वैद्य से परामर्श कर दोनों ने भगवान के शरीर पर तैल मर्दन कर खरक ने संडासी से कीलों को निकाल दिया। संरोहणी औषधि लगाकर दोनों छिद्रों को बंद कर दिया।[17] शत्रु के साथ युद्ध करते हुए उत्पन्न व्रणों को **पाठा** नामक औषधि व **कल्क** का लेप शीघ्र ठीक कर देता है।[18] संग्राम में पुनः लड़ने का साहस भी प्रदान करता है। अस्थिभंग चिकित्सा में **रोहिणी, लाक्षा** आदि औषधियां सफल सिद्ध हुई हैं।[19]

शारीरिक रोग व वनस्पति

शारीरास्त्वन्नपानमूला वातपित्तकफशोणितसन्निपातवैषम्यनिमित्ताः[20] अन्नपान के कारण, वात- पित्त-कफ-रक्त तथा इनके सन्निपात रूप विषमता से उत्पन्न शारीरिक रोग होते हैं। शरीर की प्रकृति के प्रतिकूल, मौसम व क्षेत्र के प्रतिकूल, मात्रा से अधिक भोजन, बासी, विरूद्ध भोजन आदि अनेक कारणों से शारीरिक रोग प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होते हैं। ठाणं सूत्र में रोगोत्पत्ति के नौ हेतु कहे हैं, जिनमें कई हेतु भोजन से संबंधित हैं।[21]

आयुर्वेद में मुख्यतः वात, पित्त और कफ-ये तीन शारीरिक दोष हैं। इन तीनों में भी वायु का स्थान प्रथम है। उसका कारण पित्त व कफ पंगु है अर्थात् इनमें स्वतः गमन की शक्ति नहीं है, केवल वात की सहायता से ही वे यत्र-तत्र गमन करते हैं।[22] वात से अस्सी, पित्त से चालीस और कफ से बीस प्रकार के नाना रोग होते हैं। पंडित शार्गधर का चिंतन है कि बाल्यावस्था में कफ, मध्यम अवस्था में पित्त और वृद्धावस्था में वायु बढ़ता है।[23] सभी रोगों में ज्वर को प्रधान माना गया है। आचार्यों ने कहा है-**ज्वरः प्रधानो रोगाणमुक्तो भगवता पुरा**।[24] मनुष्य शरीर में आठ कारणों से ज्वर होता है,, जिनमें ये तीन दोष प्रमुखता से रहते हैं।[25] पंडित शार्गधर का कथन है कि जैसे भगवान सुदर्शन चक्र से सभी दानवों का विनाश करते हैं, वैसे ही सुदर्शन चूर्ण सभी ज्वरों का नाश करता है। यह आयुर्वेद का एक उत्तम रत्न है।[26] वनस्पति के उपभोग से पित्त ज्वर व दाहज्वर जैसी भयंकर कष्टदायक व्याधियां अतीत में शांत हुई, इसके कुछेक आगमिक प्रमाण इस प्रकार हैं-मंखलिपुत्र गौशालक जब कुपित

होकर भगवान महावीर पर तैजस समुद्घात का प्रक्षेपण कर उन्हें मारने का प्रयत्न करता है, उस समय उस तेजोलेश्या का दुष्प्रभाव भगवान पर तीव्र पीड़ाकारक रहा, उस पित्त-ज्वर को शांत करने हेतु भगवान महावीर ने सिंहमुनि को रेवती के घर मार्जारकृत अर्थात् चित्रक वनस्पति से भावित चौपतिया शाक लाने हेतु भेजा और उस शाक के आहार से वह विपुल रोग आतंक शीघ्र ही शांत हो गया। शरीर हृष्ट, अरोग और बलिष्ठ हो गया।[27]

मिथिलानरेश नमि ने दाहज्वर से आक्रान्त होकर छः माह तक घोर वेदना सही। राजा के दाहज्वर को शांत करने के लिए रानियां स्वयं चंदन घिसती हैं। इससे प्रमाणित है कि चंदन की लकड़ी दाहज्वर में उपयोगी होती है।[28] प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ जो पिछले भव में वज्रनाभ थे, उनका प्रथम पुत्र जीवानंद नामक वैद्य हुआ। आयुर्वेद में निष्णात जीवानंद वैद्य ने गुणाकर नामक राजर्षि तपस्वी मुनि की परिचर्या की। मुनि कुष्ठ रोग से पीड़ित थे, उनके शरीर में कृमि भयंकर वेदना पैदा कर रहे थे। वैद्य ने लक्षपाक तैल, गोशीर्षचंदन व रत्नकंबल-इन तीन वस्तुओं की सहायता से अस्थिगत कृमियों को भी शरीर से बाहर निकाल दिया।[29] सच है कि जड़ी-बूटियों से निर्मित तैल असाध्य व्याधियों को भी निर्मूल कर देता है। कुष्ठ रोग में केला काफी लाभदायक होता है।[30]

मानसिक रोग व वनस्पति

एक प्राचीन किन्तु महत्त्वपूर्ण मुहावरा है, **जैसा खावे अन्न, वैसा होवे मन** भोजन मन को प्रभावित करता है। भोजन जितना सात्त्विक होगा, मानव विचार भी उतने ही पवित्र व विधेयात्मक होंगे। जो पदार्थ जिस रूप में हैं, उसके विषय में सम्यक् ज्ञान न होना ही मानस रोग है।[31] इसके अन्तर्गत क्रोध, मोह, ईर्ष्या, दुस्वप्न, उन्माद प्रभृति रोग समाहित हैं। क्रोध से पित्त का प्रकोप होता है, जिससे शरीर में दाहोत्पत्ति होती है। इसके शमनार्थ **दर्भ** औषधि का सेवन उपयोगी है, दर्भ शांत वीर्य होता है।[32] **सोम** औषधि का सेवन मोह व शोक की चिकित्सा करता है। 'सिन्धुफल' पित्तशामक होने के कारण ईर्ष्या जनित रोगों का विनाश करता है। वरणमणि और आज्जनमणि से दुःस्वप्न नष्ट होते हैं।[33] अजश्रृंगी, गुग्गुल, पिप्पली, मांसी आदि औषधियां उन्माद रोगनाशक कही गई है।[34] ब्राह्मी से अटेन्शन बढ़ता है। ब्रेन प्रोससिंग इम्प्रूव होती है। शंखपुष्पी, ब्राह्मी और वच-मस्तिष्क को मजबूत करती है। स्वर्णभस्म स्मरणशक्ति बढ़ाती है। आंखों से हरा रंग देखने से दिमाग फ्रेश और फिट रहता है।

स्वाभाविक रोग व वनस्पति

स्वाभाविकास्तु क्षुत्पिपासाजरामृत्युनिद्राप्रकृतयः[35] क्षुधा, प्यास, जरा, मृत्यु, निद्रा आदि स्वाभाविक रोग हैं। जो सामान्यतः सभी जीवों पर स्वभाव से ही लागू होते हैं। कर्मवाद की दृष्टि से भूख-प्यास का वेदनीय कर्म, निद्रा का दर्शनावरणीय कर्म, मृत्यु का आयुष्य कर्म से संबंध है। इन स्वाभाविक रोगों का चिकित्सा विज्ञान ने अपने-अपने ढंग से उपाय खोजा है। आयुर्वेद में रसायन तंत्र को दूसरे शब्दों में जरा चिकित्सा कहा जाता है। **लाभोपायो हि**

शस्तानां रसादीनां रसायनम्[36] अर्थात् प्रशस्त रस आदि धातुओं के लाभ का उपाय ही रसायन है। रसायन तंत्र के अन्तर्गत बल्य एवं दीर्घजीवनप्रद औषधियों का उल्लेख किया गया है। शार्गंधर लिखते हैं-**रसायनं च तज्ज्ञेयं यज्जराव्याधिनाशनम्** जरा और व्याधि को दूर करने वाला भेषज रसायन है। यह महाफलदायी है। रसायनों में च्यवनप्राश परम रसायन है। इसी रसायन के सेवन से अत्यंत वृद्ध च्यवन ऋषि **च्यवनोऽभूतपुनर्युवा पुनः** युवक हो गए।[37] ब्राह्मी[38] व रूद्राक्ष को आयुवर्धक कहा गया है। रशिया में एक कृषि संस्था का अध्ययन बताता है कि Bee pollan (मधुमक्खीपराग) चयापचय क्रिया को बढ़ाकर भूख को कम करता है। बी पालेन में Phenylalanine नामक एसिड भूख को दबाने में उत्तरदायी है।[39] सोमवल्ली, हत्थाजोड़ी तेलियाकंद, श्वेत अपराजित, पलाश, बांदा आदि को भूख-प्यास रोकने वाली जड़ी-बूटियां कहा गया है।[40] अपामार्ग (चिरचिटा) नामक वनस्पति के बीजों के काढ़े की कुछ घूंटों से व्यक्ति बिना किसी दुर्बलता के एक माह तक भूखा रह सकता है। रामकंद के दो पत्ते एक छोटी सी प्रक्रिया के साथ सेवन करने से इंसान को एक माह तक भूख का अहसास नहीं होता। बिदारीकंद, वज्रदंती, रतालू, हजारदानी, गोंदतीरा आदि भी क्षुधा को संयमित करने वाली हैं।[41] पानी में डूबा हुआ मनुष्य यदि मृत्यु मुख में भी पहुंच गया हो तो **गोला** नामक औषधि पुनर्जीवन दे देती है।[42] तिल के द्वारा हवन करने पर मानव मृत्यु पर विजय प्राप्त कर सकता है।[43] भर्तृहरि को वैराग्य प्रदान करने वाले अमरफल का संबंध भी मृत्यु विजय का सूचक है। अंकोल तेल की विशेषता बताते हुए विज्ञ जन कहते हैं-

शववक्त्रे बिन्दुमात्रं, तत्तैलं निक्षिपेद्यदि।
एकयामं सजीवः स्यान्नान्यथा शंकरोदितम्।।

अर्थात् मुर्दे के मुख में अगर एक बूंद अंकोल का तेल डाल दिया जाए तो एक प्रहर के लिए वह जीवित हो जाता है।[44] किंबहुना, औषधियों से शारीरिक रोगों के उपचार इतने अधिक हैं कि कई ग्रंथ तैयार किए जा सकते हैं।

सन्दर्भ सूची -

1. ठाणं 3/28
2. जैनसिद्धांतदीपिका 7/24
3. निरुक्त कोश पृ. 301
4. ठाणं 5/25
5. शार्ङ्गधरसंहिता 5/96
6. चरकसंहिता 1/9/4-सुखसंज्ञकमारोग्यं विकारो दुःखमेव च
7. सुश्रुतसंहिता 1/23
8. सुश्रुतसंहिता 1/24
9. चरकसंहिता 1/57
10. वेदों में विज्ञान, पृ. 61
11. वनौषधि चंद्रोदय I, पृ. 116, 117
12. वनौषधि चंद्रोदय I, पृ. 12
13. वनौषधि चंद्रोदय I, पृ. 38
14. hinglishpedia.blogspot.in/2015/05
15. www.onlymyhealth. Com
16. सुश्रुतसंहिता 1/24/1

17. तीर्थंकर चरित्र भाग-3, पृ. 187
18. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 543
19. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 545
20. सुश्रुतसंहिता 1/24/2
21. ठाणं 9/13
22. चरकसंहिता 1/1/57
23. शार्गंधरसंहिता, पृ. 84
24. चरकसंहिता I, पृ. 599
25. चरकसंहिता I, पृ. 610
26. शार्गंधरसंहिता, पृ. 178
27. भगवती 15/163
28. उत्तराध्ययन 9वां अध्ययन
29. तीर्थंकर चारित्र I, पृ. 20, 21
30. वनौषधि चंद्रोदय, II, पृ. 150
31. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 560
32. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 560
33. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 561
34. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 563
35. सुश्रुतसंहिता 1/25
36. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 15
37. वनौषधि चंद्रोदय, पृ. 1/130
38. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 314
39. www.healernativedaily.com/3-hurbs-curb-appetite
40. arunprakashdubey.blogspot.in
41. aakcrosh-sanwad.blogspot.com
42. वनौषधि चंद्रोदय विषय प्रवेश, पृ. 6
43. अथर्व चिकित्सा विज्ञान, पृ. 498
44. वनौषधि चंद्रोदय भाग I, पृ. 11

शोधार्थी
प्राच्यविद्या एवं भाषा विभाग
जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

गाँधीवादी चिन्तन में नारी विकास

भारती कंवर

''सृष्टिस्थिति विनाशानां शक्ति भूटे सनातनि।
गृणाश्रये गुणमये नारायणी नमोस्तु ते।।''

दुर्गास्थपतशती के इस कथन के अनुसार मानव के उत्पादन, सवंर्धन एवं दुष्टों के विनाश के लिये शक्ति रूप में देवी उपासना सदा से होती रही है। इसका मुख्य कारण मानव जीवन में स्त्री का महत्व रहा होगा। भारत में पूर्व वैदिक काल में मातृ सत्तात्मक परिवार थे परन्तु धीरे-धीरे मध्यकाल और आधुनिक काल में भारत में महिलाओं की स्थिति बिगड़ती गई। भारत के स्वाधीनता आन्दोलन में महात्मा गांधी की विशेष प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से महिलाएं देश के राजनीतिक क्षेत्र में आगे आई। प्राचीन भारत में महिलाओं की स्थिति परिवार, समाज और राजनीति तीनों में अधीनस्थ की रही है। विवाह को त्याग आधारित माना गया और पुरूष को स्त्री के पालन पोषण का अधिकार सौंपा गया। निर्णय लेना पुरूषों का अधिकार माना गया। स्त्री की भूमिका परिवार और सामाजिक दायित्व निभाने तक सीमित रखी गई। गांधी के सामाजिक चिन्तन में व्यवस्था के रूपान्तरण की अपेक्षा सामाजिक परिवर्तन की दृष्टि से श्रेष्ठता और हीनता की भावना, लैंगिक असमानता और सामाजिक दासता की प्रवृत्ति को बदलने पर विशेष आग्रह है। गांधी के शब्दों में ''मैं पुत्र एवं पुत्री में कोई भेद नहीं करता। मेरी दृष्टि में इस प्रकार का भेद करना द्वेष बुद्धि का परिचायक है और गलत है। पुत्र और कन्या के जन्म का समान रूपेण स्वागत करना चाहिए।[1] गांधी के मन में शास्त्रों के प्रति गहरा सम्मान था किन्तु जब भी उन्हें किसी शास्त्र व प्राचीन प्रसंग में महिलाओं के प्रति हीनता का प्रदर्शन मिला उन्होंने ऐसे कथनों को स्वीकार नहीं किया। गांधी के अनुसार ''जब-जब शास्त्रों में विरोधी कथन पाये जाये उन्हें तर्क और नैतिकता की कसौटी पर खरा उतरने पर

ही स्वीकार करना चाहिए।[2] ''मनुस्मृति से संबंधित इस कथन को भी गांधी स्वीकार नहीं करते है कि स्त्रियां कमी भी स्वतंत्र नहीं है।'' वरन् गांधी ने स्त्री और पुरूष दोनों की समान रूप से स्वतंत्रता और अधिकारों का समर्थन किया है। वे कहते है कि हमारे प्राचीन साहित्य में अनेक स्थानों पर पत्नी को सहधर्मिणी और अर्धांगिनी कहा गया है जिसमें न केवल सम्मान का भाव झलकता है किन्तु समानता और समकक्षता का भी बोध होता है। असूर्यपश्मा स्त्री को सर्यपश्या बनाने का श्रेय महात्मा गांधी को जाता है। महात्मा गांधी ने बिहार चम्पारण में एक स्त्री को एक चिथड़ी हुई धोती में देखा जो उसके तन को ढ़क भी नहीं पा रही थी, उसी दिन बापू ने अपनी पगड़ी और कुर्ता उतार दिया। अन्य की दृष्टि में यह प्रतीक हो सकता है किन्तु महात्मा गांधी सदैव महिला उत्थान के पक्षधर रहें है।

गांधीजी सदैव महिला उत्थान के पक्षधर रहे। इन्होंने कभी भी स्त्रियों को पुरूषों की दासी एवं भोग-विलास की वस्तु नहीं समझा अपितु ये स्त्रियों को पुरूषों के सदृश अधिकार एवं आजादी देने के समर्थक थे। प्राचीन काल में लोगों में धारणा थी कि प्रकृति ने सभी बातों में स्त्रियों को पुरूषोचित गुणों से कम रखा है। अतः प्रकृति के अनुकूल उस न्यूनता को दूर करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक बातों में ये पुरूषों से पीछे है और इनको पीछे रहना चाहिये। इस धारणा का गांधीजी ने दृढ़तापूर्वक विरोध किया। इन्होंने स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, बाल विवाह, पर्दा प्रथा, वृद्ध विवाह, अनमेल विवाह एवं वेश्यावृत्ति पर अपने विचार समाज के समक्ष रखे। इसके लिये इन्होंने जीवनपर्यन्त संघर्ष किया। इनके अनुसार ''भारत की स्त्रियों की मुट्ठी में ही इस देश का भाग्य है। जब तक भारतीय स्त्रियां पुरूषों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर पूरी शक्ति साथे काम नहीं करती, तब तक स्वराज्य स्थापित नहीं किया जा सकता, जिसका मैं स्वप्न देखता हूँ।''[3]

धर्म के संबंध में गांधी का मानना था कि स्त्रियां सहनशीलता, परोपकार, प्रेम, न्याय एवं दया की मूर्ति होती है। अतः वे ही सच्ची धर्म की रक्षा कर सकती है। इनके अनुसार ''धर्म की रक्षा तो केवल स्त्रियां ही कर सकती है क्योंकि लोगो की नैतिक शुचिता की रक्षक वे ही है। यह खासकर स्त्रियों का कार्य है क्योंकि धर्म की शुद्धि अन्ततः तो अपने-अपने हृदय की शुद्धि है।[4]

धर्म की सच्ची रक्षा स्त्री जाति के हाथों होती है, कारण यह है कि स्त्रियों के स्वभाव में ही संग्रह भावना होती है। स्त्री जिस प्रकार मिथ्या विश्वासों का संग्रह करती है, वैसे ही व्रतों का भी करती है। सहनशक्ति और धैर्य के बिना धर्म की रक्षा नहीं हो सकती। स्त्री की कोई तुलना नहीं हो सकती। संस्कृत तथा संस्कृत से उत्पन्न देशी भाषाओं में बहुत से गुणवाचक नाम 'स्त्रीलिंग' के ही दिखाई देते हैं। श्री, स्मृति, मेघा, धृति, क्षमा, अहिंसा, पवित्रता, शान्ति, दया, नम्रता इत्यादि नाम स्त्रीलिंग है। इसमें अधिकांश गुण सर्वत्र स्त्रियों

में पाये जाते हैं।'' गांधीजी की मान्यता थी कि धर्म की सच्ची रक्षा स्त्रियां ही कर सकती है। गांधीवादी चिन्तन में बाल विवाह, दहेज प्रथा, वेश्यावृत्ति, पर्दाप्रथा आदि बुराईयों को दूर करने के साथ-साथ विधवा विवाह स्त्री-पुरूष समानता पर भी चिन्तन किया है।

बाल विवाह के संबंध में गांधीजी के विचार

गांधी बाल विवाह की हानिकार प्रथा के विरूद्ध थे। इस प्रथा को इन्होंने पूर्णतः अनैतिक कार्य मानते हुए कहा ''बाल विवाह की प्रथा नैतिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से हानिकारक है। इससे हमारी नैतिकता की जड़े खोखली होती है और हम में शारीरिक निर्बलता आती है। ऐसी प्रथाओं को रहने देकर हम स्वराज्य ईश्वर दोनों से दूर हटते है। जिस आदमी को अपनी लड़की की नाजुक उम्र का ख्याल नहीं हैं, उसे ईश्वर का भी कोई ख्याल न होगा। गांधी के अनुसार विधवाओं की समस्या मूलतः बाल विवाह की परम्परा से जुड़ी है।

बाल विवाह से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं की तरफ समाज का ध्यान आकृष्ट करते हुए इन्होंने कहा- ''इसमें हमारे उन हजार होनहार बाल को तथा बालिकाओं की जीवन शक्ति धीरे-धीरे नष्ट होती जा रही है, जिन पर हमारे समाज का सम्पूर्ण भविष्य निर्भर है। इससे प्रतिवर्ष हजारों कमजोर बच्चे, लड़के, लड़कियां पैदा होते हैं। ये बच्चे अपरिपक्व माता-पिताओं की सन्तान होती हैं। यह हमारे समाज में व्याप्त भयानक बाल-मृत्युसंख्या का तथा मृत प्रस्रव का एक सबल कारण है। इसके फलस्वरूप समाज में प्रतिवर्ष हजारों बालिकाएं विधवा होती है। ये बाल विधवायें स्वयं समाज के लिये भ्रष्टाचार तथा खतरनाक छूत की बीमारी का साधन बनती है। यह (1) संख्या (2) शारीरिक बल और उत्साह तथा (3) नैतिकता की दृष्टि से हिन्दू समाज के क्रमिक तथा सतत ह्रास का एक प्रमुखतम कारण है।[5]

बाल विवाह शारीरिक रूप से कितना हानिकारक हो सकता है इसकी सही स्थिति बताते हुये गांधी जी ने कहा ''हिन्दू युवकों में बहुतेरे निःसत्व, अपंग और भयग्रस्त है। इसका एक सबल कारण बाल विवाह है, इस तथ्य को कदापि अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि अपरिपक्व माता-पिताओं से उत्पन्न सन्तान का शारीरिक गठन, चाहे जितने भी उपाय क्यों न किये जायें, मजबूत नहीं हो सकता।[6]

विधवा विवाह

गांधी विधवा विवाह के प्रारम्भ से ही पक्षधर रहे और जीवन पर्यन्त इसके पक्ष में अपनी आवाज उठाते रहे। समाज में व्याप्त अंधविश्वासों एवं रूढ़िवादिता को दूर करने का प्रयत्न करते रहे। इन्होंने विधवा विवाह के सकारात्मक पहलुओं पर विचार करते हुए कहा कि- ''यह कहना कि विधवा विवाह से सतीत्व का नाश होता है, भ्रममूलक ओर भ्रमजन्य है जो विधवा पुर्नविवाह करना चाहती है उसको बलात् अविवाहित रखने से धर्म सतीत्व का लोप हो जाता है। बाल विधवा का विवाह ही धर्म की और सतीत्व की रक्षा कर करता है।

विधवाओं का आदर करने से उनके लिये ज्ञान प्राप्ति के साधन मुहैय्या कर देने से और उन्हें पुनर्विवाह की सम्पूर्ण स्वतन्त्रता देने से ही ब्रह्मचर्य की रक्षा हो सकती है।[7]

गांधीजी का मानना था कि विधवा के विरोध का मूल कारण हमारा पुरूष प्रधान समाज एवं पुरानी मान्यतायें है। साथ ही इनका कहना था कि यदि शारीरिक जरूरतों को जबरदस्ती दबाया जाये तो यह विस्फोटक हो सकती है और इसके भयंकर दुष्परिणाम हो सकते है। पापाचार व यौनाचार में वृद्धि तथा समाज में प्रदूषण फैल सकता है। अतः वास्तविकता के धरातल पर रखकर विधवा विवाह को मान्यता प्रदान करना श्रेयस्कर एवं समाज के हित में होता है।[8]

इस सम्बन्ध में गांधी ने एक साहसिक कदम उठाते हुए विधवा स्त्रियों से ये आह्वान किया कि वे स्वयं आगे आये और स्वीकार एवं अनुरोध करें कि वे पुनर्विवाह की इच्छुक है। यद्यपि इस पर समाज में काफी हंगामा हुआ। लोगों ने इसका विरोध प्रदर्शित करते हुए गांधीजी को बुरा भला कहा, परन्तु गांधी अपनी बात पर अडिग रहे। इन्होंने दृढ़तापूर्वक यह कहा कि ''हमें अपने यहां की युवती विधवाओं से यह कह देने की जरूरत है कि वे छुपकर पाप न करें, बल्कि साहस के साथ बाहर आये और खुल्लम खुल्ला कहें, हमारा विवाह कर दो। उनको इस तरह की मांग करने का उतना ही हक है जितना युवा विधुरों को। ऐसा लोकमत बनाने की जरूरत है जिसमें बाल विवाह असंभव हो जाये।'' 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून भी पारित हो गये।[9]

वेश्यावृत्ति

गांधी जी ने वेश्यावृत्ति को समाज का घोर अभिशाप मानते हुये इसको समाज का कोढ़ बताया है। वेश्यावृत्ति को इन्होंने पुरूष प्रधान समाज एवं रूढ़िवादिता का दुष्परिणाम बताते हुए कहा कि ''यह अत्यन्त लज्जा, परिताप और ग्लानि की बात है कि पुरूषों की विषय तृप्ति के लिये कितनी ही बहनों को अपना सतीत्व बेच देना पड़ता है। पुरूष ने, विधि विधान के इस विधाता ने, अबला कही जाने वाली जाति को बरबस जो पतन की राह पर चलाया है, उसके लिये उसे भीषण दण्ड का भागी होना पड़ेगा। जब स्त्री जाति हम पुरूषों के जाल से मुक्त होकर अपनी आवाज बुलन्द करेगी और जब वह अपने लिये बनाये पुरूष कृत विधि विधानों के खिलाफ बगावत का झण्डा खड़ा करेगी तब उसका वह बलवा शान्तिमय होने पर भी किसी तरह कम कारगर न होगा।[10]

गांधी जी का मानना था कि यदि स्त्रियां दृढ़ प्रतिज्ञा कर लें तो किसी भी बुराई पर विजय प्राप्त कर सकती है। इस पुरूष प्रधान समाज में भी यदि स्त्रियां चाहें तो विषम से विषम परिस्थितियों को अपने अनुकूल कर सकती है। इन्होंने अपने अर्न्तमन के भावों को इस प्रकार प्रकट किया है, ''पुरूषों ने स्त्रियों के साथ अन्याय किया है और अब भी करते हैं, किन्तु इसका उपाय अन्ततः स्त्रियों के हाथ में ही है। स्त्री स्वयं अपने को अबला मानना छोड़ दे तो आज

ही स्वतंत्र बन सकती है, जिस स्त्री में अडिग पवित्रता है उसे सीता जैसा वरदान है उस पर कुदृष्टि डालने वाला भस्म हो जायेगा।[11]

गांधीजी ने स्त्रियों की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्वतंत्रता का सदैव पक्ष लिया। इनके अनुसार स्त्री और पुरूष दोनों एक दूसरे के पूरक है। इन दोनों के सम्मिलित सहयोग से ही हमारा सामाजिक जीवन संचालित होता हैं। किसी भी व्यक्ति की सफलता एवं असफलता का श्रेय स्त्री की विवेकशीलता को ही जाता है। यह पुरूष के सुख और दुःख में समान हिस्सेदारी निभाती है। अतः समाज एवं सृष्टि के विकास हेतु दोनों को समान अधिकार प्राप्त होने चाहिए। इसी संदर्भ में इन्होंने कहा- "जब तक सार्वजनिक जीवन में भारत की स्त्रियां भाग नहीं लेतीं, तब तक हिन्दुस्तान का उद्धान नहीं हो सकता। सार्वजनिक जीवन में वे ही भाग ले सकेंगी जो तन और मन से पवित्र है। जिनके तन और मन एक ही दिशा में (पवित्र दिशा) चलते जा रहे हो। जब तक ऐसी स्त्रियां हिन्दुस्तान के सार्वजनिक जीवन को पवित्र न करें, तब तक रामराज्य अथवा स्वराज्य असंभव है अथवा स्वराज्य संभव हो तो, ऐसा स्वराज्य होगा जिसमें स्त्रियों का पूरा-पूरा भाग नहीं होगा और जिस स्वराज्य में स्त्रियों को पूरा-पूरा भाग न हो, वह मेरे लिए निकम्मा स्वराज्य है।"[12]

गांधीजी का मानना था कि स्वदेशी आन्दोलन में भी जितनी सहायता स्त्रियां कर सकती है, उतनी पुरूष नहीं कर सकते क्योंकि जिस समय भारतीय स्त्रियां सूत कातकर अपने तथा दूसरों के शरीर ढ़का करती थी, उस समय भारत चाहे निर्धन रहा हो, किन्तु वह आज कि तरह बिल्कुल कंगाल नहीं था। इसी संदर्भ में एक वक्तव्य में गांधी ने कहा हैं- "स्त्रियों की सहायता के बिना स्वदेशी आन्दोलन नहीं चल सकता, इसलिये उनकी सहायता के बिना स्वराज्य नहीं मिल सकता।

दहेज प्रथा

दहेज प्रथा जो समाज में एक अभिशाप के रूप में प्राचीन काल से व्याप्त है। इसके गांधी प्रबल विरोधी थे। दहेज प्रथा की उन्होंने कड़ी निन्दा की और कहा कि यह लड़कियों को बेचने के अतिरिक्त कुछ नहीं है।[13] इन्होंने न केवल दहेज विरोधी अभियान चलाया अपितु स्वयं के परिवार में इसका अमल भी किया। इनका कहना था "यह प्रथा नष्ट होनी चाहिए। विवाह लड़के-लड़की के माता-पिताओं द्वारा पैसे ले देकर किया गया सौदा नहीं होना चाहिए।"[14] दहेज प्रथा को समाज का कलंक मानते हुऐ इन्होंने आजीवन इसका विरोध किया। इनका मानना था कि दहेज लेने वाला उतना ही दोषी है जितना दहेज देने वाला, दोनों ही पाप के भागीदार हैं एवं दोनों ही दण्ड के अधिकारी है।

इनके अनुसार दहेज प्रथा के विरोध में एक लोकमत तैयार करना चाहिए और जो युवक इसमें सम्मिलित है उनका पूर्णतः बहिष्कार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने लड़कियों के

माता-पिताओं से भी आह्वान किया कि वे अपनी कन्याओं हेतु सच्चे और स्त्री जाति के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान रखने वाले युवकों को तलाश करें इसके लिए यदि उन्हें जाति बन्धन के दायरे से निकलना पड़े तो भी संकोच न करे।

पर्दा प्रथा

गांधी जी पर्दा प्रथा के विरोधी थे। पर्दा प्रथा को इन्होंने स्त्रियों पर थोपा गया बन्धन माना। स्त्री की रक्षा पर्दे की दीवार से नहीं की जा सकती। उसका विकास तो भीतर से ही होना चाहिए और अवश्य ही उसका मूल्य तभी कुछ माना जायेगा जब तक सभी प्रकार के अवाञ्छित आकर्षणों का सामना करने योग्य बन जाये। जो पवित्रता पुरूषों की ताक-झांक का सामना न कर सके वह अवश्य ही कोई बहुत निकम्मी सी चीज होगी। अगर मर्दों को मर्द होना है तो उन्हें इस लायक बनना होगा कि वे स्त्रियों का वैसा ही विश्वास कर सकें जैसा स्त्रियों को मजबूरन उनका करना पड़ता है।''[15] इससे स्पष्ट है कि गांधीजी पर्दे को व्यक्ति की आन्तरिक स्थिति मानते थे। इनकी दृष्टि में बाह्य एवं दिखावटी पर्दा मात्र एक ढोंग है। बाह्य पर्दा मनुष्य की कलुषित मनोवृत्ति का ही परिचायक एवं विकृत मानसिकता का द्योतक है।

बहु विवाह

महात्मा गांधी स्त्री-पुरूष की समानता का समर्थन करते हुए कहते हैं कि ''मैं औरतों और मर्दों में कोई फर्क नहीं करता।''[16] पुरूषों के पास ये अधिकार नहीं है कि वे एक से अधिक विवाह करें। गांधी ने बहु विवाह को समाज की एक अन्य बुराई के रूप में माना है। समाज की एक अन्य बुराई के रूप में माना है। आज के समाज में एक साधारण बालिका का जीवन शैशव से ही कठिनाईपूर्ण हो जाता है। बचपन से ही उसके मन के अन्तर्मन में हीन भावना, लज्जा, अपराध बोध भर दिया जाता है। अपने जीवन की दिशा स्वयं निर्धारित करने का उसे कोई अधिकार नहीं है और यदि कोई यह धृष्टता करने का साहस रखती है तो उसे अनेक प्रकार की भावनाओं का सामना करना पड़ता है।[17] ऐसी परिस्थिति में गांधी का दृष्टिकोण उनके निजी जीवन दर्शन में स्पष्ट झलकता है जहां किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं था। वे हर क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को अमूल्य मानते थे।

आर्थिक स्वावलंबन

भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में गांवों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय ग्रामों के संबंध में सर चार्ल्स मेटकाफ ने 1930 में लिखा था- ''ग्राम समुदाय लघु गणराज्यों के समान है जिनके पास उनकी आवश्यकताओं की सम्पूर्ण वस्तु है और जो कि विदेशी संबंध से लगभग स्वतंत्र है। ग्राम समुदाय का यह संगठन, प्रत्येक स्वयं में एक पृथक् लघु राज्य के समान है।[18] गांधी जी महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग, कुटिर उद्योग आदि के द्वारा महिलाओं को सक्षम व शारीरिक श्रम के महत्व को स्वीकारा है। महात्मा गांधी

ने स्त्रियों की मुक्ति के लिये एक बड़ी जबर्दस्त क्रांति मचाई। उन्होंने कहा ''स्त्री को अबला कहना उसका अपमान है, यह मनुष्यों में स्त्रियों की जो उपेक्षा की है, उनके प्रति जो दुर्व्यवहार किया है, उसके लिये निश्चय ही दोषी है और उन्हें यथोचित प्रायश्चित करना होगा।[19] गांधीजी जिस आर्थिक व्यवस्था के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी चाह रहे हैं। उस सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का ध्येय भारत को पुनः आत्म निर्भर बनाना था।

खादी

गांधी के आर्थिक स्वावलंबन की धारणा में स्वदेशी, खादी और कुटीर उद्योगों का चलन भारतीय अर्थव्यवस्था को गांधी की मौलिक देन है। स्वदेशी को गांधी ने आत्मनिर्भरता एवं स्वाभिमान का आधार माना। उनका मानना था कि कोई भी देश दूसरों के लिए अपनी शान्ति एवं साधनों का उपयोग तभी कर सकता है, जब वह अपना पालन पोषण स्वयं करने लगे अर्थात् अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हो जाये। स्वदेशी के माध्यम से अपने अन्दर आत्मनिर्भरता की भावना को जागृत किया जा सकता है।[20] गांधी का मत है कि यदि मनुष्य अपनी आवश्यकताओं का उत्पादन स्वयं करने लगे तो प्रतिस्पर्धात्मकता समाप्त हो जायेगी और इसी के साथ आपसी झगड़े, ईर्ष्या, लड़ाई एवं बुराइयों का अन्त हो जायेगा लेकिन यह तभी संभव है, जब व्यक्ति अपने विवेक को जागृत करे। स्वदेशी के लिये सर्वप्रथम गांधी ने वस्त्रों को चुना, जो प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता है। गांधी का विचार था कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आयें। परिवार के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी भाग लें। महिलाएं चरखा चलाकर खादी के वस्त्रों को बनाये व अन्य सभी के लिये भी खादी का उत्पादन करें। गांधी का मानना था कि खादी से ही हिन्द की भूखमरी का नाश होगा, खादी से ही हिन्द की गरीब स्त्रियों की पवित्रता की रक्षा हो सकेगी, खादी से ही अकाल का निवारण होगा।[21] गांधी महिलाओं से यह आह्वान कर रहें है कि वे, घर के कामों में उलझकर न रहे, अपितु कुछ समय चरखा चलाने के लिये निकाले। मेरे ख्याल में स्त्रियों को अपने स्वाभिमान को जगाना चाहिए और अपने और हिन्द के लोगों के लिए स्वदेशी वस्तुओं का निर्माण करने में अपनी भागीदारी निभाएं। कपड़ा एक मूलभूत आवश्यकता है और इसे हिन्दुस्तान में सहज ही तैयार किया जा सकता है। कपड़े का धन्धा हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों को रोजी देता है। सो खादी उनकी रोजी के ख्याल से अपनाने योग्य है।[22] गांधी ने कहा कि चरखा भारतीय महिलाओं के लिए एक भेंट है, जिसे वह अपनी सुविधा के अनुसार काम में लेगी।

कुटीर उद्योग धन्धों के पक्षधर

गांधी के द्वारा औद्योगिकरण का विरोध करते हुए कुटीर उद्योग धन्धों पर आधारित एक ऐसी विकेन्द्रित अर्थ व्यवस्था का प्रतिपादन कियागया, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक गांव एक आर्थिक ईकाई के रूप में कार्य करेगा।[23] वे खादी को भारत की राजनीतिक एवं आर्थिक

समस्याओं का अमोघ हल मानते थे और उनके द्वारा आर्थिक क्षेत्र में स्वदेशी के लिए विचार था कि प्रत्येक देश की अर्थव्यवस्था वहां की जलवायु, भूमि तथा वहां के निवासियों के स्वभाव को ध्यान में रखते हुए निश्चित की जानी चाहिए। भारत गांवों का देश है तो भारत के कुटीर उद्योग धन्धों की व्यवस्था ही सर्वोत्तम है। इस प्रकार गांधी ने खादी को आधार बनाकर विभिन्न कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने का प्रयत्न किया जो मूलतः गांवों से जुड़े होते हैं। खादी वह माध्यम बन सकती है, जिससे करोड़ों लोगों की आजीविका चलती है एवं उनका पालन पोषण होता है। यह आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन की सीढ़ी है। यही कारण है कि गांधी ने खादी को आधार बनाकर स्वदेशी की कल्पना को एवं स्वदेशी से स्वराज्य तक का मार्ग प्रशस्त किया।

राष्ट्र को योगदान

गांधीजी ने यह स्वीकार किया कि जब भी भारत को किसी भी प्रकार की विपत्ति का सामना करना पड़ा भारतीय महिलाओं की भूमिका उसमें बहुत अहम् थी। जब सम्पूर्ण भारत गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, तब भी भारतीय महिलाएं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सबसे आगे थी। गांधीजी के शब्दों में "हिन्दुस्तान की औरतों ने देश के लिए गजब का कार्य किया है। तुमने चुपचाप दया की देवियों का कार्य किया है। तुमने अपना नकद रूपया और बढ़ीया जेवर दिया है। तुमने घर-घर घुमकर चंदा किया है। तुममें से कुछ ने धरना देने में मदद की है। यह सब कुछ तुमने हिन्दुस्तान की खातिर, खिलाफत की खातिर पंजाब की खातिर किया है। तुम्हारा त्याग सर्वथा शुद्ध है। उसमें क्रोध, घृणा की छाया भी नहीं होती।"[24] गांधीजी राष्ट्र निर्माण में स्त्रियों के सहयोग की अपेक्षा करते थे। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं ने अहम् भूमिका निभाई। सन 1857 के स्वाधीनता संग्राम से लेकर 1942 की जनक्रांति और फिर आजादी मिलने तक महिलाओं का स्वाधीनता आंदोलन में अमूल्य व सक्रिय योगदान रहा है। अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई कई मोर्चो पर लड़ी गयी थी। एक ओर जहां सशस्त्र संघर्ष का सहारा लिया गया था, दूसरी ओर लड़ाई का मैदान 'राजनीति' थी। गुलामी के उस दौर में भी महिलाएं राजनीति में सक्रिय थी। अरूणा आसफ अली, सरोजनी नायडू, एनी बेसेंट, मैडम भी काजी कामा, कमला नेहरू, विजय लक्ष्मी पंडित सिस्टर निवेदिता, कस्तुरबा गांधी, सुचेता कृपलानी और कमला देवी चोपाध्याय आदि ऐसे नाम है, जिन्होंने स्वतंत्रता पूर्व की राजनीति में 'सक्रियता' के साथ भाग लिया।[25] भारतीय महिलाओं ने सभी क्षेत्रों में चाहे वह राष्ट्र की स्वतंत्रता हेतु आंदोलन हो, या राजनीतिक क्षेत्र हो, बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भारत को स्वतंत्रता दिलाकर एक अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई।

उपसंहार

गांधी जी ने नारी उत्थान से सम्बन्धित सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक मनन एवं चिन्तन किया। गंभीर विचार-विमर्श के पश्चात् इन्होंने न केवल अपनी भावनाएँ समाज के

समक्ष रखीं, अपितु उसके समाधान हेतु जीवन पर्यन्त लगे रहे। गांधीजी ने जिस प्रकार व्यावहारिक और रचनात्मक अभिव्यक्ति समाज को प्रदान की वह उनके सम्पूर्ण जीवनवृत्त में परिलक्षित होती है। इन्होंने स्त्रियों की पिछड़ी स्थिति से द्रवित होकर उनके उत्थान की दिशा में चिन्तन व कार्य किये। महिलाओं के सामाजिक पिछड़ेपन का कारण बाल विवाह, अशिक्षा, पर्दा प्रथा, अनमेल विवाह, वृद्ध विवाह, कन्या विक्रय, दहेज प्रथा इत्यादि को मानते हुए गांध ीजी ने इन सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध बौद्धिक चेतना को बढ़ावा देकर एक स्वस्थ समाज की रचना का वातावरण उत्पन्न किया। समाज में स्थापित पुरूष प्रधानता को समाप्त कर स्त्री-पुरूष के मध्य सामाजिक संतुलन स्थापित करने का विचार गांधीजी ने दिया। सारांशतः यह कहा जा सकता है कि गांधी जी महिलाओं के सामाजिक पिछड़ेपन से भली-भांति परिचित थे। उन्होंने उन कारणों का व्यापक विश्लेषण किया जो महिलाओं को समाज में दोयम दर्जा प्रदान करते थे। स्त्री की समानता का पक्ष लेते हुए उन्होंने स्त्रियों को स्वराज्य के संघर्ष में सम्मिलित कर मुख्य राष्ट्रीय धारा से जोड़ा। इस प्रकार विभिन्न माध्यमों से गांधी जी ने महिला उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया।

सन्दर्भ सूची -

1. हरिजन, दिनांक 5.6.1937
2. हरिजन, दिनांक 28.11.1936, यंग इण्डिया, दिनांक 24.3.1927
3. सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड-64, पृ. 213-15, भाषाण 19 जनवरी, 1937 को कोट्यम् में एपिक ऑफ ऋवणकोर, नवजीवन ट्रस्ट अहमदाबाद, 1976, पृ. 319
4. सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड-26, पृ. 362-15, भाषा 22 मार्च, 1925 को की महिला सभा में दिया गया, नवजीवन ट्रस्ट अहमदाबाद, 1976
5. बाल विवाह व वैधव्य पर विचार, सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड-21, जुन-नवम्बर, 1926, पृ. 345, यंग इण्डिया 26.8.1926
6. बाल विवाह और शास्त्र, सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड 24, मई-अगस्त, 1924, नवम्बर, 1995, पृ. 75, नवजीवन 18.5.1924
7. सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड 41 अगस्त, 1971 पृ. 70, हिन्दी नवजीवन 20.6.1929
8. शर्मा, डॉ. शैलबाला, गांधी चिन्तन, शीलसत्स, जयपुर, 2007, पृ. 141
9. जैन प्रतिभा, शर्मा संगीता, भारतीय स्त्री, पृ. 239, रावत पब्लिकेशन
10. सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड 26, जुलाई, 1996, पृ. 501, यंग इण्डिया 16.4.1925
11. पत्र : गंगा बहन वैध को, 14 नवम्बर, 1930, सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड 44 नवम्बर, 1971, पृ. 304

12. भाषण : 16 जनवरी, 1925 को सोजित्रा में महिला परिषद में दिया गया, सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खण्ड-26, पृ. 2
13. यंग इण्डिया, दिनांक 27.12.1938, हरिजन, दिनांक 23.5.1936
14. हरिजन 23.3.1936
15. पर्दे को समाप्त कीजिये, सम्पूर्ण गांधी वांङ्मय, खण्ड 33, जनवरी-जून 1927, पृ. 50 यंग इण्डिया 3.2.1927
16. गांधी, हरिजन सेवक 21.1.1947
17. एन. राधाकृष्णन, नई सहस्त्राब्दी में गांधी, पृ. 43, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति दिल्ली, 2000
18. अग्रवाल अलका, 2003, गांधी ज्योति, पृ. 60 अंक-54
19. रामपुरिया श्रीचंद, महात्मा गांधी और गांधीवाद जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं, 1998, पृ. 99
20. शर्मा, डॉ. शैलबाला, गांधी चिन्तन, शोध सन्स जयपुर, 2007, पृ. 49
21. वही, पृ. 49
22. वही, पृ. 50
23. मुखर्जी आशुतोष, गांधी और आज का भारत, रावत प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012, पृ. 95
24. श्रीवास्तव, श्रीमति सुधारानी, महिला उत्पीड़न और वैधानिक विचार, अर्जुन पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, 2009, पृ. 28
25. सारस्वत एचजिस, सिंह, डॉ. निशांत, समाज, राजनीति और महिलाएं, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2007, पृ. 18

शोध छात्रा
अहिंसा एवं शांति विभाग
जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूँ

Tulsī Prajñā

A Quarterly Research Journal

Dear Colleague,

Tulsī Prajñā, a Bi-lingual Research Journal (ISSN 0974-8857) of Jain Vishva Bharati Institute, is being published quarterly; March, June, September and December since four decades. This peer reviewed journal deals with Oriental Studies in general and Jainism in particular referred and elucidating the ancient saying with modern Science.

Guidelines for Contributors

The Journal has been upgraded as a **Peer Reviewed Journal.** Therefore, all contributions will be referred to specialists in respective field for expert evaluation. Articles based on discovery of new facts or new interpretations of or relationship between already discovered facts will be welcomed.

1. Tulsī Prajñā mainly focuses on Indological subjects, covering the areas, such as, Language, Literature, History, Philosophy (all traditions and schools), Arts, Discourse analysis and so on.
2. Editor reserves the right to make final alterations in the text, on linguistic and stylistic grounds, so that the entry conforms to the uniform standard required for the journal.
3. All scripts should be in duplicate with soft copy and typed double-spaced, including quotations, notes and references etc.
4. Soft copy should be in Page-Maker format with necessary diacritical marks and the Times-Norman script should be used in English articles. For the articles written in *Devanāgarī* script, Shree Lipi/Kruti-Dev should be used.
5. Quotation is expected to be identical verbatim et litteratum with the original; To indicate ellipsis three single dots are to be used; Long quotations consisting of five or more lines do not need inverted commas.
6. Contributors must provide their complete mailing addresses and email address along with their articles.
7. Length of the article may be restricted between 4000 and 6000 words.
8. Concise Oxford Dictionary or Oxford advanced Dictionary (latest edition) should be followed in spelling, punctuation and hyphenation. Where two spellings exist, British style should be accepted and not the American; for example, 'programme' and not 'program' and 'colour', not 'color' etc.
9. References and notes should be numbered consecutively throughout the article and typed on a separate page at the end.
10. References are to be given generally in the order – the name or initials of the author followed by surname, the title of the work (in italics), the publisher, the place of publication and the page number/s for

    Books:

    Edited Volumes:

    Articles in Books:

    Articles in Edited Volumes:

    Articles in Journals:

    Articles in Web pages:
11. Book Reviews must contain name of author/editor, place of publication and publisher, year of publication, number of pages and price.
12. Send your article on e-mail-
    tulsiprajnarj@gmail.com,
    anljvbi@gmail.com

- Prof. Anil Dhar
Editor

जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूँ
प्रकाशन सूची

क्र.	पुस्तक का नाम	लेखक/सम्पादक	मूल्य
01.	Anekant: Reflection & Clarification	Acharya Mahaprajna	30
02.	Anekant: Views & Issues	Acharya Mahaprajna	30
03.	Shraman Bhagwan Mahavir Life & Doctrine	Shri S.C. Rampuria	300
04.	Anekanta- The Third Eye	Acharya Mahaprajna	195
05.	Science in Jainism	Prof. M.R. Gelra	200
06.	The Quest for Truth	Acharya Mahaprajna	195
07.	Sound of Silence	Acharya Mahaprajna	140
08.	Journey into Jainism	Sadhvi Vishrut Vibha	39
09.	Jain Studies & Science	Prof (Dr.) M.R. Gelra	400
10.	Non-violence Relative Economics and A New Social Order	Prof. B.R. Dugar/Dr. Satya Prajna/ Dr. Samani Ritu Prajna	500
11.	Jain Biology	Late Shri Jetha Lal S. Zaveri/ Prof. Muni Mahendra Kumar	200
12.	Samayasara	Late Shri Jetha Lal S. Zaveri/ Prof. Muni Mahendra Kumar	450
13.	Jain Paribhasika Sabdakosa	Mukhya Niyojika Sadhavi Vishrutavibha	1125
14.	Bhagavai-2	Acharya Mahaprajna Eng. Trans. by Prof. Muni Mahendra Kumar & Late Dr. N. Tatia	1695
15.	JVB & JVBU Research Work	Samani Agam Prajna/Dr. Vandana Mehta	100
16.	Bibliography of Jain Text in Tamil	Shri K.P. Aravaanan	50
17.	The Enigma of the Universe	Prof. Muni Mahendra Kumar	500
18.	Preksha Meditation and Human Health	Prof. J.P.N. Mishra and Dr. P.S. Shekhawat	500
19.	आचार्य महाप्रज्ञ का संस्कृत साहित्य	डॉ. हरिशंकर पाण्डेय	550
20.	युग को आचार्य महाप्रज्ञ का योगदान	डॉ. हरिशंकर पाण्डेय/डॉ. जे.पी.एन. मिश्रा	100
21.	अंगुत्तर निकाय भाग-1	श्री श्रीचंद रामपुरिया	50
22.	अंगुतर निकाय भाग-2	श्री श्रीचंद रामपुरिया	60
23.	महाभारत परिक्रमा	श्री श्रीचंद रामपुरिया	60
24.	श्रमण सूक्त	श्री श्रीचंद रामपुरिया	150
25.	तीर्थंकर वर्द्धमान जीवन प्रसंग	श्री श्रीचंद रामपुरिया	80
26.	आवश्यक निर्युक्ति खण्ड-1	डॉ. समणी कुसुम प्रज्ञा	400
27.	आचारांग और महावीर	साध्वी शुभ्रयशा	150
28.	सम्बोधि का समीक्षात्मक अनुशीलन	समणी स्थित प्रज्ञा	100
29.	रत्नपालचरितम	डॉ. हरिशंकर पाण्डेय	100
30.	दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता	डॉ. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी	100
31.	नई सुबह	डॉ. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी	100
32.	जैन संस्कृति और जीवन मूल्य भाग-1,2,3	डॉ. समणी ऋजु प्रज्ञा	75
33.	भिक्षु न्यायकर्णिका	पं. विश्वनाथ मिश्र	120
34.	जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य	डॉ. समणी ऋजु प्रज्ञा/समणी श्रेयस प्रज्ञा	120
35.	योग वैशिष्ट्य	डॉ. जे.पी.एन. मिश्रा	400
36.	अर्द्धमागधी साहित्य में गणित	डॉ. अनुपम जैन	200
37.	जैन पारिभाषिक शब्दकोश	मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुतविभा	995
38.	जैन दर्शन के प्रमुख सिद्धान्त	डॉ. समणी ऋजु प्रज्ञा	110
39.	शिक्षा दर्शन एवं मूल्य विकास	डॉ. समणी मल्लि प्रज्ञा/डॉ. हेमलता जोशी	160
40.	प्रेक्षाध्यान और योग	डॉ. समणी ऋजु प्रज्ञा	150

प्रकाशक - सम्पादक - प्रो. अनिल धर द्वारा जैन विश्व भारती संस्थान
लाडनूं के लिए प्रकाशित एवं गिरधर ऑफसेट प्रिन्टर्स, लाडनूं द्वारा मुद्रित